# दैनिक अर्थ प्रकाश

खबरों की विश्वसनीयता, हमारी पहचान

पंजाब • हरियाणा • हिमाचल • चंडीगढ़ • दिल्ली • उत्तराखंड • बिहार • उत्तरप्रदेश • राजस्थान • छत्तीसगढ़ से प्रसारित

वर्ष 40 | चंडीगढ़, बुधवार, 16 अप्रैल, 2025 | बैशाख कृष्ण पक्ष: तृतीया विक्रमी संवत-2082 | www.arthparkash.com | YouTube/Arth Parkash TV | अंक: 104 | मूल्य 2.00 रुपये | पृष्ठ: 12





सुबल वाणी



अगर सफलता पानी है तो बाहर निकलो, धक्के खाओ, कुछ भी करो, कुछ भी करो लेकिन घर पर खाली मत बैठो।






## 39 वर्ष से स्वतंत्र पत्रकारिता का पुरोधा बना अर्थप्रकाश

अर्थ प्रकाश समाचार पत्र आज अपनी स्थापना के 39 वर्ष पूरे कर रहा है। वर्ष 1986 में आज ही के दिन एक युवा एवं अनूठी सोच ने पत्रकारिता की डगर पर कदम बढ़ाए थे। यह अवसर इससे जुड़े प्रत्येक पाठक, स्टाफ, विपणन में सहयोगी एजेंसियों, हॉकर एवं पत्रकारिता से सरोकार रखने वाले लोगों के लिए गौरवमयी क्षण हैं। आशा है, इसी प्रकार पाठकों और अन्य शुभचिंतकों का स्नेह एवं सहयोग मिलता रहेगा।

अंदर पढ़ें : संपादकीय

### विपक्षी दल के नेता प्रताप सिंह बाजवा पर मुख्यमंत्री ने कसा तंज

# बमों की कहानी गढ़कर लोगों में दहशत फैला रहे हैं बाजवा : मान

- अप्रिय घटना के होने की प्रतीक्षा कर रहे हैं विपक्षी दल के नेता
- खुलासा करने के बजाय कानून के शिकंजे से बचने के लिए वकीलों की भीड़ जुटा रहे हैं बाजवा
- सुखबीर बादल राजनीतिक रूप से असफल हो चुके राजनेता, कांग्रेस बिखराव की शिकार

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**छाजली (संगरूर), 15 अप्रैल।** पंजाब में 50 बम आने के दावे का खुलासा करने से भागने के लिए विपक्षी दल के नेता प्रताप सिंह बाजवा पर दोबारा निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि बाजवा अपने संकीर्ण स्वार्थों के लिए किसी अप्रिय घटना के होने की प्रतीक्षा कर रहे हैं ताकि लोगों में दहशत फैलाई जा सके। मंगलवार को स्कूल ऑफ एमिनेंस को समर्पित करने के बाद सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर बाजवा के पास बमों के बारे में किसी भी तरह की जानकारी है, तो वे इसे सार्वजनिक करने से क्यों हिचक रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि बाजवा इन बमों के फटने की प्रतीक्षा में बैठे हैं क्योंकि वे पंजाब की शांति और कानून व्यवस्था की आड़ में राजनीतिक रोटियां सेंकने की ताक में हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाजवा ने पंजाब के शांतिप्रिय लोगों में बिना किसी आधार के दहशत फैलाई है और जब सरकार ने बाजवा के इस भ्रामक बयान के खिलाफ मामला दर्ज किया, तो अब वे कानूनी कार्रवाई से बचने के लिए वकीलों की भीड़ जुटा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्षी दल के नेता को ऐसी ओछी राजनीति से बचना चाहिए क्योंकि आम लोगों में दहशत पैदा करके वोट हासिल करने का भ्रम नहीं पालना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष को ऐसी बेतुकी बयानबाजी करने के बजाय मुद्दों पर आधारित राजनीति पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों की खुशहाली और राज्य की भलाई के लिए वे समर्पित होकर काम कर रहे हैं, लेकिन कुछ राजनीतिक नेताओं को यह हजम नहीं हो रहा, जिसके कारण वे बार-बार मेरे खिलाफ जहर उगल रहे हैं। भगवंत सिंह मान ने कहा कि ऐसे घटिया हथकंडे उन्हें लोगों की सेवा करने से नहीं रोक सकते और वे राज्य के विकास के लिए इस नेक कार्य में समर्पित भावना के साथ जुटे रहेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि पारंपरिक पार्टियां मुझसे ईर्ष्या करती हैं क्योंकि मेरा संबंध साधारण परिवार से है। ये नेता सत्ता में बने रहने को अपना मूलभूत अधिकार समझते थे, जिसके कारण इन्हें यह हजम नहीं हो रहा कि एक आम आदमी इतने बेहतर ढंग से राज्य का शासनकाल कैसे चला रहा है।

### पहली सरकारों ने नहीं की पंजाब की चिंता

मुख्यमंत्री ने कहा कि सत्ता में रहने वाले उनके पहले के राजनीतिक नेताओं ने कभी भी राज्य या यहां के लोगों की कोई चिंता नहीं की। उन्होंने कहा कि इन अहंकारी नेताओं ने हमेशा राज्य के लिए काम करने के बजाय अपने निजी स्वार्थों और परिवारवाद को प्राथमिकता दी। भगवंत सिंह मान ने कहा कि इन नेताओं का यह रवैया पंजाब और इसके लोगों के लिए बहुत घातक सिद्ध हुआ। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन नेताओं ने अपने सरकारी पदों का दुरुपयोग करके संपत्ति इकट्ठा की और बड़े-बड़े महल बना लिए। उन्होंने कहा कि इन महलों की दीवारें ऊंची हैं और दरवाजे आम तौर पर लोगों के लिए बंद रहते हैं। भगवंत सिंह मान ने कहा कि ये नेता लोगों की पहुंच से दूर रहे, जिसके कारण लोगों ने इन्हें बाहर का रास्ता दिखाया।

### सुखबीर राजनीतिक रूप से असफल राजनेता

अकाली नेता सुखबीर सिंह बादल पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सुखबीर बादल राजनीतिक रूप से असफल हो चुके राजनेता हैं जो अपने जघन्य अपराधों की सजा भुगत रहे हैं। राज्य की बागडोर संभालने के बाद ऐसे नेताओं ने कई साल तक लोगों को मूर्ख बनाया, लेकिन अब आम लोगों ने सही मायनों में अपनी ही सरकार को वोट देकर सत्ता में लाया है, जो दिन-रात पंजाब की तरक्की के लिए काम कर रही है। कांग्रेस की दयनीय स्थिति पर तीखा व्यंग्य करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पार्टी बिखराव की शिकार हो चुकी है, जिसके कारण इसके नेता एक-दूसरे के खिलाफ आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस पार्टी के नेता पंजाब का भला सोचने के बजाय अपनी कुर्सियां बचाने में लगे रहते हैं।

## एक देश एक अर्थ प्रकाश



**अर्थ प्रकाश** समाचार पत्र आज अपने 39 वर्ष पूर्ण करने जा रहा है। अर्थ प्रकाश की विशेषता यह है कि जो एक देश एक अर्थ प्रकाश की भावना को प्रगाढ़ करती है। वर्तमान में देश के हर राज्य में अर्थ प्रकाश संपूर्ण जानकारी के साथ एक ही एडिशन में प्रकाशित होकर पाठकों तक पहुंचता है। समाचार पत्र के सभी विज्ञापनदाताओं, अर्थ प्रकाश परिवार के सदस्यों, केंद्र सरकार, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल, यूपी, दिल्ली व अन्य राज्यों की सरकारों का दिल से आभार व्यक्त करना चाहता हूं। वर्ष 16 अप्रैल 1986 में अर्थ प्रकाश साप्ताहिक और सांध्यकालीन के रूप में आरंभ किया गया और अब सबके सहयोग से दैनिक समाचार पत्र के रूप में हम 39 साल में यह अपनी यात्रा पूर्ण कर आज 40वें वर्ष में प्रवेश कर हैं। जिसके लिए सभी का दिल से आभार व्यक्त करना चाहता हूं। मेरी कोशिश रही है कि पाठकों को सरल भाषा, सटीक तथ्यों के साथ देश, विदेश, प्रदेश, शहर और ग्रामीण अंचलों की हर छोटी बड़ी जानकारी आप तक पहुंचाई जाए। सरकार की उपलब्धियों को पाठकों तक पहुंचाया जाए। इसी प्रयास के साथ हम आगे बढ़ रहे हैं। हमारे संपादकीय जगत के लेखक, साहित्यकारों और वरिष्ठ संवाददाताओं ने अपनी लेखनी से पाठकों को विश्व अवलोकन, देश की राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक और धार्मिक स्थितियों से जोड़े रखा है। उनका भी मैं आभार व्यक्त करना चाहूंगा। पाठकों की हर जरूरत को ध्यान में रखते हुए उन्हें समाज की हर गतिविधि से जोड़ने के उद्देश्य से समाचार पत्र चंडीगढ़ के अलावा हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश, बिहार समेत अन्य राज्यों तक भी अपनी पहुंच बनाने में सफल हो चुका है। हमने अर्थ प्रकाश को डिजिटल प्लेट फार्म के माध्यम से हर दर्शक, श्रोता और पाठक तक पहुंचाने की कोशिश की है। इसके साथ आपको यह जानकर प्रसन्नता होगी कि वर्ष 2010 से अर्थ प्रकाश सोशल मीडिया पर भी अपनी एक अलग पहचान बना चुका है। अर्थ प्रकाश अब यूट्यूब, टिवटर, फेसबुक, इंस्टाग्राम, ई-पेपर व अन्य संसाधनों से भी पाठकों तक पहुंच रहा है। हम पाठकों व शुभचिंतकों से अनुरोध करते हैं समय-समय पर अपने मूल्यवान सुझाव से हमें अवगत कराते रहें, ताकि अर्थ प्रकाश को और बेहतर बनाया जा सके। हम आपके सुझावों का हमेशा स्वागत करते हैं।

**-महावीर जैन,**
**प्रधान संपादक**

## न्यूज ब्रीफ

### चीन ने बोइंग जेट की डिलीवरी लेने से इनकार

**बीजिंग (अप्रस)।** चीन ने अपनी एयरलाइन कंपनियों को अमेरिकी विमान निर्माता कंपनी बोइंग से नए विमानों की डिलीवरी नहीं लेने के आदेश दिए हैं। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक बीजिंग ने अमेरिका में बनने वाले विमान के पार्ट्स और डिवाइसेस की खरीद रोकने का आदेश भी दिया है। चीन ने यह आदेश अमेरिका के 145त्न टैरिफ के जवाब में जारी किया है। बोइंग एयरप्लेन एक अमेरिकी कंपनी है, जो एयरप्लेन, रॉकेट, सैटेलाइट, टेलीकम्युनिकेशन इक्विपमेंट और मिसाइल बनाती है। कंपनी की स्थापना 15 जुलाई 1916 को विलियम बोइंग ने की थी। कई देशों की एयरलाइंस कंपनियां बोइंग के बनाए गए प्लेन का इस्तेमाल करती हैं। बोइंग अमेरिका की सबसे बड़ी एक्सपोर्टर कंपनी है और यह दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी डिफेंस डील करने वाली कंपनी भी है। वहीं चीन ने अमेरिका के साथ बढ़ती ट्रेड वॉर के बीच 7 कीमती धातुओं (रेयर अर्थ मटेरियल) के निर्यात पर भी रोक लगा दी है। चीन ने कार, ड्रोन से लेकर रोबोट और मिसाइलों तक असेंबल करने के लिए जरूरी मैग्नेट यानी चुंबकों के शिपमेंट भी चीनी बंदरगाहों पर रोक दिए हैं।

### तीसरी आंख




# नेशनल हेराल्ड केस में ईडी ने दाखिल की पहली चार्जशीट

- सोनिया, राहुल और पित्रोदा पर मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप, 25 अप्रैल को सुनवाई

अर्थ प्रकाश नेटवर्क




### यह पीएम मोदी के बदले की राजनीतिः कांग्रेस

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने एक्स पर पोस्ट में लिखा कि ये प्रधानमंत्री और गृह मंत्री की ओर से की गई बदले की राजनीति है। जयराम रमेश ने लिखा, नेशनल हेराल्ड की संपत्ति जब्त करना कानून के शासन का मुखौटा पहने हुए राज्य प्रायोजित अपराध है। सोनिया गांधी, राहुल गांधी और कुछ अन्य लोगों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल करना प्रधानमंत्री और गृह मंत्री की ओर से बदले की राजनीति और धमकी के अलावा कुछ नहीं है। हालांकि, कांग्रेस और उसका नेतृत्व चुप नहीं रहेगा। सत्यमेव जयते।

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय श्वष्ठ ने कांग्रेस के नेशनल हेराल्ड अखबार और एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) से जुडे मनी लॉन्ड्रिंग केस में मंगलवार को पहली चार्जशीट दाखिल कर दी है। इसमें सोनिया गांधी, राहुल गांधी, सैम पित्रोदा और सुमन दुबे के नाम शामिल हैं। मामले की सुनवाई 25 अप्रैल को दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट में होगी। कोर्ट ने ईडी से मामले की केस डायरी भी मांगी है। 2012 में भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने सोनिया, राहुल और उनकी सहयोगी कंपनियों से जुड़े लोगों के खिलाफ इस मामले की शिकायत की थी। 12 अप्रैल 2025 को जांच के दौरान कुर्क संपत्तियों को जब्त करने की कार्रवाई की गई। ईडी ने दिल्ली, लखनऊ और मुंबई में 661 करोड़ रुपए की अचल संपत्तियों को कब्जे में लेने के लिए नोटिस जारी किया था।

इससे पहले, मंगलवार को ही सांसद प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के ऑफिस पहुंचे। जहां उनसे गुरुग्राम के शिकोहपुर लैंड घोटाले में पूछताछ हुई है। शुक्रवार को दिल्ली के हेराल्ड हाउस (5, बहादुर शाह जफर मार्ग), मुंबई के बांद्रा (ईस्ट) और लखनऊ के विशेश्वर नाथ रोड स्थित एजेएल की बिल्डिंग पर नोटिस चिपकाए गए थे। 661 करोड़ की इन अचल संपत्तियों के अलावा एजेएल के 90.2 करोड़ रुपए के शेयरों को श्वष्ठ ने नवंबर 2023 में अपराध की आय को सुरक्षित करने और आरोपी को इसे नष्ट करने से रोकने के लिए कुर्क किया था।

मीटिंग | मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में हुई बैठक का फैसला

# हिसार में एयरपोर्ट के निकट तीन हजार एकड़ में बनेगा आईएमसी

- एनआईसीडीसी के सहयोग से होगा विकसित
- 32 हजार करोड़ रुपये की निवेश की संभावना, दस हजार लोगों को मिलेगा रोजगार

अर्थ प्रकाश संवाददाता




**चंडीगढ़, 15 अप्रैल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हिसार में एयरपोर्ट का उद्घाटन किए जाने के बाद अब सरकार ने आसपास के क्षेत्र को विकसित करने की योजना पर काम शुरू कर दिया है। हिसार स्थित महाराजा अग्रसेन एयरपोर्ट के नजदीक लगभग 3 हजार एकड़ में औद्योगिक मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर (आईएमसी) स्थापित किया जाएगा। इस पर लगभग 4680 करोड़ रुपये की लागत आएगी। आईएमसी को हरियाणा सरकार और नेशनल इंडस्ट्रियल कॉरिडोर डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (एनआईसीडीसी) के सहयोग से विकसित किया जाएगा।

मंगलवार को चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री नायब सैनी की अध्यक्षता में हुई नागरिक उडयन मंत्रालय की बैठक में यह जानकारी दी गई। बैठक में नागरिक उड्डयन मंत्री विपुल गोयल भी मौजूद रहे। बैठक में बताया गया कि देशभर में विनिर्माण क्षेत्र में विकास को गति देने तथा व्यवस्थित और नियोजित शहरीकरण सुनिश्चित करने के लिए भारत सरकार राज्य सरकारों के साथ साझेदारी में मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी के आधार पर एकीकृत इंडस्ट्रियल कॉरिडोर विकसित कर रही है।

अमृतसर- कोलकाता इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के तहत 7 राज्यों में कुल 6 शहरों में इंडस्ट्रियल टाउनशिप स्थापित की जाएगी, जिसमें हिसार में स्थापित होने वाला आईएमसी सबसे बड़ी परियोजना है, जो लगभग 3 हजार एकड़ में विकसित होगी। इस आईएमसी को दो चरणों में विकसित किया जाएगा। **शेष पेज-2 पर**

### इंडस्ट्रियल कॉरिडोर से होगा बड़ा फायदा

बैठक में बताया गया कि एनआईसीडीसी द्वारा विकसित किया जा रहा दिल्ली- मुंबई इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के तहत हरियाणा के नांगल चौधरी में लगभग 886 एकड़ पर एकीकृत मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक हब भी बनाया जाएगा। इस प्रकार, हरियाणा को दो इंडस्ट्रियल कॉरिडोर का बड़ा फायदा मिलने वाला है, जिससे प्रदेश में निवेश के साथ-साथ रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार ने प्रदेश में 10 आईएमटी स्थापित करने का संकल्प लिया है। संबंधित अधिकारियों को इस दिशा में कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं।

# मुख्यमंत्री ने लिया संकल्प-पंजाब और पंजाबियों की सेवा समर्पण भाव से करते रहेंगे

छाजली में 'स्कूल ऑफ एमिनेंस' लोगों को समर्पित

'स्कूल ऑफ एमिनेंस' से विद्यार्थियों का भविष्य होगा उज्वल




अर्थ प्रकाश संवाददाता

**छाजली (संगरूर), 15 अप्रैल।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने आज कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य और इच्छाशक्ति पंजाब के सर्वांगीण विकास और पंजाबियों की तरक्की को सुनिश्चित करना है और वे इस उद्देश्य के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण से सेवा कर रहे हैं।

आज यहां नवनिर्मित 'स्कूल ऑफ एमिनेंस' को समर्पित करने के बाद एक जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब एक नए, बेमिसाल विकास युग का साक्षी बन रहा है क्योंकि राज्य सरकार द्वारा विकास और प्रगति को गति देने के लिए सख्त प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, रोजगार और अन्य सभी क्षेत्रों में पिछले तीन वर्षों के दौरान व्यापक विकास हुआ है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि यह सब संभव हो पाया है क्योंकि राज्य सरकार का उद्देश्य पूरी ईमानदारी, समर्पण और प्रतिबद्धता के साथ लोगों की सेवा करना है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली सरकारों ने कभी भी जनसेवा के ऐसे प्रयासों पर ध्यान नहीं दिया बल्कि शासक बनकर सत्ता का आनंद लिया। उन्होंने कहा कि पहले राज्य गलत हाथों में था जिससे पंजाब को भारी नुकसान उठाना पड़ा। उन्होंने कहा कि जब से उनकी सरकार सत्ता में आई है, तब से जनहित के ऐसे कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली सरकारों ने कभी विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने की ओर ध्यान नहीं दिया। उन्होंने कहा कि बड़े नेताओं के बच्चे तो पहाड़ों के कान्वेंट स्कूलों में पढ़ते थे, इसलिए सरकारी स्कूल कभी उनके एजेंडे में नहीं रहे। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों के दौर में सरकारी स्कूल केवल मिड-डे मील का माध्यम बनकर रह गए थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और उनके सुनहरे भविष्य के एकमात्र उद्देश्य से राज्य भर में 'स्कूल ऑफ एमिनेंस' बनाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को उनकी रुचि अनुसार शिक्षा दी जा रही है ताकि वे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कर जीवन में ऊंचाइयों को छू सकें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर जैसे महापुरुषों के सपनों को साकार कर रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार इन स्कूलों का निर्माण करके विद्यार्थियों को जीवन में शीर्ष स्थान पाने के सपनों को उड़ान देने के लिए पंख दे रही है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में पंजाब एक बड़ी क्रांति की ओर बढ़ रहा है और अत्याधुनिक तकनीक से लैस ये स्कूल इसका बेहतरीन उदाहरण हैं। उन्होंने कहा कि यह एक ऐतिहासिक अवसर है और वह दिन दूर नहीं जब पंजाब देश का अग्रणी राज्य बनेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पहल खासकर गरीब और पिछड़े वर्गों के विद्यार्थियों की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुंच सुनिश्चित करेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि जल्द ही इन स्कूलों के विद्यार्थी हर क्षेत्र में शानदार उपलब्धियाँ प्राप्त करेंगे और राज्य का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने कहा कि इस प्रयास से विद्यार्थियों की तकदीर बदलने की प्रक्रिया शुरू हो गई है और इसके अच्छे परिणाम सामने आएंगे।

### मुख्यमंत्री ने इस ऐतिहासिक दिन के लिए माता-पिता, शिक्षकों व विद्यार्थियों को दी बधाई

मुख्यमंत्री ने इस ऐतिहासिक दिन के लिए सभी माता-पिता, शिक्षकों, विद्यार्थियों और अन्य लोगों को बधाई दी क्योंकि यह शानदार स्कूल आज जनता को समर्पित किया गया है। उन्होंने इस क्षेत्र से अपने पुराने संबंधों को याद किया जहाँ उन्होंने बचपन बिताया और यहीं से वह पहली बार सांसद चुने गए थे। उन्होंने कहा कि पूरे राज्य में सरकारी स्कूलों का पूर्ण रूप से कायाकल्प हो रहा है क्योंकि पंजाब सरकार उन्हें उचित अवसर प्रदान कर रही है। इससे पहले वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने मुख्यमंत्री और अन्य गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया।

# शिक्षा क्रांति से बदल रही है पंजाब की तस्वीर: डॉ. बलजीत कौर

## मलोट हलके के विभिन्न स्कूलों में परियोजनाओं का उद्घाटन

अर्थ प्रकाश संवाददाता




**मलोट, 15 अप्रैल।** मुख्यमंत्री स भगवंत सिंह मान और शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस के निर्देशों अनुसार पंजाब में चल रही शिक्षा क्रांति के तहत स्कूलों के आधुनिकीकरण और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लक्ष्य को लेकर पंजाब सरकार निरंतर प्रयासरत है। इसी संदर्भ में समाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास मंत्री डॉ. बलजीत कौर द्वारा आज मलोट हलके के अबुल खुराना गांव में कई सरकारी स्कूलों में विकास कार्यों का उद्घाटन किया गया।

डॉ. बलजीत कौर ने सरकारी प्राइमरी स्कूल (बालिकाएं) अबुल खुराना में 1 करोड़ 40 लाख रुपये के विकास कार्यों का उद्घाटन किया। उन्होंने बच्चों से बातचीत करते हुए उन्हें उत्तम शिक्षा के लिए प्रेरित किया और कहा कि लड़कियां किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की सहायता से वे डॉक्टर, टीचर, इंजीनियर और पायलट बन सकती हैं। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा हर बच्चे को बेहतर शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध प्रयास किए जा रहे हैं।

कैबिनेट मंत्री डॉ. बलजीत कौर द्वारा सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल (बालक) अबुल खुराना में 15 लाख रुपये की लागत से बने दो नए कमरों का उद्घाटन किया गया। इसी तरह, बालिकाओं के सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 30 लाख रुपये की लागत से बनी चारदीवारी और 15 लाख रुपये की लागत से बने नए कमरों का उद्घाटन भी किया गया।

स्मार्ट स्कूल अबुल खुराना में 22.53 लाख रुपये की लागत से बनाए गए तीन नए कमरों का उद्घाटन डॉ. बलजीत कौर द्वारा किया गया। साथ ही, 7 कमरों की सुंदरता बढ़ाने के लिए प्रत्येक कमरे पर 1 लाख रुपये की ग्रांट के तहत दरवाजे, फर्श और पी.ओ.पी. का कार्य करवाया गया।

स्कूल ऑफ एमिनेंस (बालिकाएं), अबुल खुराना में मंत्री डॉ. बलजीत कौर द्वारा 30 लाख रुपये की लागत से बनी चारदीवारी और 15 लाख रुपये की लागत से बने दो नए कक्षा-कक्षों का भी उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर मार्केट कमेटी मलोट के चेयरमैन जशन बराड़, अर्शदीप सिंह, सिंदरपाल सिंह (निजी सहायक), प्रिंसिपल बिमला रानी, प्रिंसिपल अजय कुमार, हेडमास्टर राजपाल सिंह, हरमेश कुमार अरणीवाला, नानक सिंह विक्की (सरपंच अबुल खुराना), मोहित कुमार सोनी (सोशल मीडिया इंचार्ज), स्कूल के बच्चे और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# शिक्षा क्रांति के तहत प्रदेश के सरकारी स्कूलों में शिक्षा व्यवस्था व मूलभूत सुविधाओं में हुआ उल्लेखनीय सुधार: भुल्लर

पट्टी हलके के विभिन्न सरकारी स्कूलों में 1 करोड़ 52 लाख 48 हजार रुपये के विकास कार्यों का उद्घाटन



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पट्टी, 15 अप्रैल।** शिक्षा क्रांति से प्रदेश के सरकारी स्कूलों में शिक्षा प्रबंधन और बुनियादी सुविधाओं में सुधार हुआ है। पंजाब सरकार ने राज्य के इतिहास में पहली बार शिक्षा के क्षेत्र में 12 प्रतिशत बजट की बढ़ोतरी कर इतिहास रचा। यह बात पंजाब के कैबिनेट मंत्री और पट्टी हलके से विधायक स. लालजीत सिंह भुल्लर ने शिक्षा क्रांति के अंतर्गत हलके के सरकारी स्कूलों में विकास कार्यों के उद्घाटन समारोह के दौरान कही। स. भुल्लर ने कहा कि सरकार के इस फैसले से सरकारी स्कूलों में फिर से रौनक लौट आई है। उन्होंने बताया कि अध्यापकों की कमी को पूरा करने के लिए लगभग 20 हज़ार अध्यापकों की भर्ती की गई है और स्कूल ऑफ एमिनेंस के विद्यार्थियों को आई ए एस, आई पी एस, पी सी एस और आई आई टी जैसे उच्च विषयों की शिक्षा देकर उनका भविष्य उज्जवल बनाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों की शिक्षा विरोधी नीतियों के कारण प्रदेश के सरकारी स्कूलों की हालत बहुत खराब हो गई थी और लोग अपने बच्चों को निजी स्कूलों में पढ़ाना अधिक पसंद करने लगे थे। लेकिन जब से मौजूदा भगवंत सिंह मान सरकार ने कार्यभार संभाला है, तब से शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्रों को प्राथमिकता देते हुए समग्र विकास करवाया जा रहा है।

कैबिनेट मंत्री ने आज सरकारी एलीमेंट्री स्कूल नदोहर और आसल, सरकारी हाई स्कूल सैदपुर, भग्गूपुर, चुसलेवर और बठ्ठे भैणी में लगभग 1 करोड़ 52 लाख 48 हज़ार रुपये की लागत से कराए गए विकास कार्यों का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर चेयरमैन दिलबाग सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी (सेकेंडरी) तरनतारन सतनाम सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी (एलीमेंट्री) तरनतारन जगविंदर सिंह, विभिन्न स्कूलों के प्रमुख, अध्यापक, गांववासी और बच्चों के अभिभावक भी मौजूद थे।

# प्रताप बाजवा के खिलाफ 'आप' का हल्ला-बोल! हजारों वॉलंटियर्स ने किया जमकर प्रदर्शन

## 'आप' कार्यकर्ताओं ने 'कांग्रेस का हाथ आतंकवादियों के साथ' के नाम से तख्तियां पकड़ बाजवा के खिलाफ खोला मोर्चा

अमन अरोड़ा का अल्टीमेटम: बाजवा या तो पुलिस को सच बताएं, या डर फैलाने के लिए पंजाब से बिना शर्त और देरी किए मांगे माफ़ी

अमन अरोड़ा ने कहा- बाजवा जी, आपके झूठ का होगा पर्दाफाश-पंजाब की शांति से खिलवाड़ बिल्कुल बर्दाश्त नहीं



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 15 अप्रैल।** आम आदमी पार्टी (आप) ने मंगलवार को मोहाली में कांग्रेस नेता प्रताप बाजवा के ग्रेनेड वाले भड़काऊ बयान के खिलाफ बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन किया और बाजवा के बयान को पंजाब की शांति और सद्भाव को नुकसान पहुंचने वाला बताया।

'आप' पंजाब के अध्यक्ष अमन अरोड़ा के नेतृत्व में कैबिनेट मंत्री डॉ. रवजोत सिंह और डॉ. बलबीर सिंह के साथ विरोध प्रदर्शन में कई वरिष्ठ पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और प्रताप बाजवा की सख्त निंदा की।

पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अमन अरोड़ा ने बाजवा पर निशाना साधा और कहा, 'पंजाब में 50 ग्रेनेड आने के बाजवा के बेबुनियाद दावे, दहशत पैदा करने और आप सरकार द्वारा बहाल की जा रही शांति को भंग करने का एक प्रयास है। अगर बाजवा के पास विश्वसनीय जानकारी है, तो वह इसे पंजाब पुलिस के साथ क्यों नहीं साझा कर रहे हैं? इसके बजाय, वह राजनीतिक लाभ के लिए डर फैला रहे हैं।

अरोड़ा ने बाजवा के सामने दो स्पष्ट विकल्प रखे। पहला कि अपनी सूचना का स्रोत पुलिस को बताएं और दूसरा, अगर बात झूठी है तो पंजाब के लोगों से माफी मांगे। उन्होंने कहा कि यदि उनके दावे सही होंगे तो उनके खिलाफ दर्ज एफआईआर तुरंत रद्द की जाएगी। अगर जानकारी गलत निकली तो उनपर कारवाई की जानी चाहिए।

अरोड़ा ने अधिकारियों के साथ सहयोग करने से इनकार करने के लिए बाजवा की आलोचना की और उनकी विश्वसनीयता पर सवाल उठाया। अरोड़ा ने कहा, 'यदि बाजवा अपने दावों को प्रमाणित नहीं कर पाते हैं, तो इससे उनके इरादों पर बेहद गंभीर संदेह पैदा होता है। पंजाब की खुफिया एजेंसियों के प्रति जनता के विश्वास को कम करने का प्रयास करके वह उन ताकतों का समर्थन कर रहे हैं जो राज्य को अस्थिर करना चाहते हैं।'

पार्टी नेता और मंडी बोर्ड के चेयरमैन हरचंद सिंह बरसट ने बाजवा के बयान को एक साजिश बताया। उन्होंने कहा, 'कांग्रेस नेता आप सरकार द्वारा पंजाब की तरक्की के लिए किए जा रहे कामों को पचा नहीं पा रहे हैं, इसलिए वे अशांति पैदा करने की साजिश कर रहे हैं। बाजवा की टिप्पणी उनकी हताशा और निराशा को दर्शाती है।'

डॉ. रवजोत सिंह और डॉ. बलबीर सिंह ने कहा कि आप सरकार ने नशा, भ्रष्टाचार और गैंगस्टरों को खत्म करने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं, जो पिछली सरकारों के दौरान बड़े पैमाने पर व्याप्त थे। डॉ. बलबीर ने कहा, 'कांग्रेस, भाजपा और अकाली दल पंजाब की समस्याओं के लिए जिम्मेदार है और अब वे राज्य की प्रगति को पटरी से उतारने के लिए एकजुट हो गए हैं।'

आप नेताओं ने घोषणा की कि यदि बाजवा पुलिस को सहयोग नहीं करते या माफी नहीं मांगते तो आम आदमी पार्टी अपना विरोध प्रदर्शन तेज करेगी और उनके आवास की ओर मार्च करेगी।

### खेलो इंडिया यूथ गेम्स के लिए मल्लखंभ के ट्रायल कल से गुरदासपुर में होंगे

**चंडीगढ़, 15 अप्रैल।** बिहार में 4 मई से 15 मई तक आयोजित होने वाले खेलो इंडिया यूथ गेम्स के लिए पंजाब की मल्लखंभ (लड़के और लड़कियाँ) टीम के चयन हेतु ट्रायल 17 अप्रैल को राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल (बालिकाएं), गुरदासपुर में होंगे।

खेल विभाग के प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि ये ट्रायल 17 अप्रैल को सुबह 11 बजे राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल (बालिकाएं), गुरदासपुर में आयोजित किए जाएंगे। इन ट्रायल में भाग लेने वाले खिलाड़ियों की जन्म तिथि 1 जनवरी 2007 या उसके बाद की होनी चाहिए।

# 66 केवी सबस्टेशन नेटवर्क के अपग्रेडेशन से बिजली बुनियादी ढांचे को मिली मजबूती: ईटीओ

पावर ट्रांसफार्मरों की बढ़ोतरी से पंजाब के महत्वपूर्ण औद्योगिक केंद्र लुधियाना को मिला काफी प्रोत्साहन



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 15 अप्रैल।** पंजाब के बिजली ट्रांसमिशन बुनियादी ढांचे को और मजबूत करने की दिशा में एक और विशेष कदम उठाते हुए बिजली मंत्री हरभजन सिंह ई.टी.ओ. ने वित्तीय वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही के दौरान पंजाब स्टेट पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (पीएसपीसीएल) द्वारा 66 के.वी. सबस्टेशन ट्रांसमिशन नेटवर्क में व्यापक अपग्रेड को सफलतापूर्वक लागू करने की घोषणा की है।

हर घर और उद्योग को जरूरी बिजली पहुंचाने के लिए राज्य सरकार की वचनबद्धता की पुष्टि करते हुए मंत्री ने कहा कि पीएसपीसीएल ने बुनियादी ढांचे में महत्वपूर्ण सुधार किए हैं, जिसमें पावर ट्रांसफार्मरों की बढ़ोतरी, नए 66 केवी सबस्टेशन और हाई-वोल्टेज लाइनों का विस्तार करना शामिल है।

हरभजन सिंह ई.टी.ओ. ने कहा कि पंजाब सरकार अपने नागरिकों को निर्बाध और गुणवत्तापूर्ण बिजली सप्लाई प्रदान करने के मिशन पर है और यह अपग्रेड इस दिशा में एक बड़ा कदम है। उन्होंने आगे कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की अगुवाई में राज्य सरकार विकास और आर्थिक विकास को समर्थन देने के लिए राज्य के बिजली क्षेत्र को मजबूत करने के लिए समर्पित है।

वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान पीएसपीसीएल ने लगभग 250 करोड़ रुपये की लागत से 5 नए 66 के.वी. ग्रिड सबस्टेशन और 101 पावर ट्रांसफार्मर लगाए हैं। इसके अतिरिक्त 160 करोड़ रुपये का निवेश कर 66 के.वी. ट्रांसमिशन लाइनों के साथ लगभग 200 सर्किट किलोमीटर को तैयार या अपग्रेड किया गया है।

बताने योग्य है कि चौथी तिमाही (जनवरी से मार्च 2025) के दौरान लगभग 82 करोड़ रुपये की परियोजना लागत के साथ विभिन्न जिलों में 354 एम.वी.ए. की कुल क्षमता वाले 37 पावर ट्रांसफार्मरों में बढ़ोतरी या नई स्थापना की गई है। इससे लुधियाना, बठिंडा, जालंधर, गुरदासपुर, बरनाला और संगरूर जैसे मुख्य क्षेत्रों में बिजली के बुनियादी ढांचे में सुधार हुआ है, जिसके साथ बेहतर लोड प्रबंधन और बिजली की विश्वसनीयता को सुनिश्चित किया गया है।

पंजाब के महत्वपूर्ण औद्योगिक केंद्र लुधियाना के साथ-साथ राजगुरु नगर, आलमगीर, दुगरी, कंगनवाल और चंडीगढ़ रोड सहित कई मुख्य सबस्टेशनों पर पावर ट्रांसफार्मरों की बढ़ोतरी से काफी प्रोत्साहन मिला है। 14 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश वाले इन अपग्रेडों से शहरी अस्टेटों, औद्योगिक जोनों और बीआरएस नगर, पख्खोवाल रोड और फिरोजपुर रोड जैसे अधिक मांग वाले आवासीय क्षेत्रों में बिजली सप्लाई में महत्वपूर्ण बढ़ोतरी होने की संभावना है। मजबूत बुनियादी ढांचा जिला लुधियाना के आर्थिक विकास और बिजली की बढ़ती मांग वाले सीजनों में निर्बाध बिजली सप्लाई को सुनिश्चित करेगा।

बिजली मंत्री सिंह ने आगे कहा कि ऐसे सक्रिय विकास न केवल रोजाना बिजली सप्लाई में और सुधार करते हैं बल्कि भविष्य में बिजली की बढ़ती मांग के लिए भी एक मजबूत प्रणाली तैयार करते हैं। उन्होंने कहा कि पीएसपीसीएल के प्रयास 'पावर सरप्लस पंजाब' के हमारे दृष्टिकोण को दर्शाते हैं, जहां उद्योग प्रफुल्लित होते हैं और नागरिकों को निर्बाध बिजली के साथ सशक्त बनाया जाता है।

बिजली मंत्री ने कहा कि पंजाब सरकार राज्य की बिजली प्रणालियों को आधुनिक बनाने, ट्रांसमिशन घाटे को और कम करने और अपने ग्राहकों को विश्व स्तर की सेवा प्रदान करने के लिए बुनियादी ढांचे में निवेश करना जारी रखेगी।

### पंजाब राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन श्रीमती राज लाली गिल आज करेंगे रूपनगर का दौरा

**चंडीगढ़, 15 अप्रैल (अप्रस)।** पंजाब राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन श्रीमती राज लाली गिल 16 अप्रैल, 2025 को रूपनगर का दौरा करेंगे, जहाँ वे सरकारी कॉलेज, रूपनगर में करवाए जा रहे महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम में मुख्य मेहमान के रूप में भाग लेकर इक्ट्ठ को संबोधित करने के साथ-साथ विद्यार्थियों और फैकल्टी सदस्यों के साथ बातचीत करेंगे। इस दौरे के दौरान वे सखी वन स्टॉप सेंटर और महिला सेल, रूपनगर का भी दौरा करेंगे ताकि संकट में फंसी महिलाओं की सहायता के लिए दी जाने वाली सेवाओं के कार्यों की समीक्षा की जा सके। गौरतलब है कि चेयरपर्सन श्रीमती गिल महिलाओं की भलाई और सशक्तिकरण के लिए किए जा रहे प्रयासों का जायज़ा लेंगे और इन प्रयासों को और मजबूत करने के लिए ज़रूरी सुझाव भी देंगे।

# पटियाला निवासी सुखदेव सिंह का निकला पंजाब राज्य डियर 200 मासिक लॉटरी का प्रथम पुरस्कार

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**लुधियाना, 15 अप्रैल।** पंजाब राज्य लॉटरी निदेशालय ने लुधियाना में 12 अप्रैल 2025 को पंजाब राज्य डियर 200 मासिक लॉटरी योजना का ड्रा निकाला। इस योजना में बेचे गए टिकटों में से 1.5 करोड़ रुपये का प्रथम पुरस्कार निकाले जाने की गारंटी थी। इस ड्रॉ में 1.5 करोड़ का प्रथम पुरस्कार के विजेता सुखदेव सिंह पटियाला के निवासी हैं। पुरस्कार विजेता ने दिनांक 15 अप्रैल 2025 को कार्यालय में आकर पुरस्कार का दावा प्रस्तुत किया। पुरस्कार विजेता कृषि क्षेत्र में लगे हुए हैं और वे इस पुरस्कार राशि का उपयोग अपनी व्यक्तिगत आवश्यकताओं के लिए करेंगे। पुरस्कार विजेता ने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि पंजाब राज्य लॉटरी द्वारा ड्रॉ निष्पक्ष तरीके से आयोजित किए जाते हैं, इसलिए पंजाब राज्य लॉटरी द्वारा चलाई जा रही लॉटरी योजनाओं के प्रति आम जनता में बहुत उत्साह है। भविष्य में, विभाग द्वारा दिनांक 19 अप्रैल 2025 को पंजाब स्टेट डियर बैसाखी बंपर 2025 ड्रा (टिकट मूल्य रु. 500/-) आयोजित किया जाना है, जिसमें 6 करोड़ रुपये का प्रथम पुरस्कार बेची गई टिकटों से निकाला जाएगा, इसके अलावा और भी करोड़ों रुपये के अन्य पुरस्कार निकाले जाएंगे।

# बलटाना के कम्युनिटी हॉल में विशेष शिविर का आयोजन



अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर, 15 अप्रैल।** विश्व कला दिवस तथा हिमाचल दिवस को समर्पित लोकहित सेवा समिति द्वारा ट्रिब्यून कालोनी बलटाना के कम्युनिटी हॉल में आयुष्मान जन आरोग्य कार्ड, आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाता (आभा) कार्ड, ई - श्रम कार्ड तथा वोटर कार्ड बनाने का एक विशेष शिविर आयोजित किया गया।समिति की प्रवक्ता भावना चौधरी ने बताया है कि कैंप में मुख्यातिथि इंडियन पोल्लुशन कंट्रोल एसोसिएशन की जनरल मैनेजर डॉक्टर रीना चड्ढा ने आगन्तुकों को प्लास्टिक प्रदूषण को देश के लिए खतरनाक बताते हुए सिंगल यूज प्लास्टिक की थैलियों को प्रयोग के बाद निदान एवं रोकथाम के बारे में जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि उनकी एसोसिएशन समूचे ट्राईसिटी में एक विशेष अभियान चलाकर आम लोगों को प्लास्टिक प्रदूषण के सम्बन्ध में जागरूक करेगी। कैंप के दौरान 144 महिलाओं एवं पुरुषों ने पहुंचकर 31आयुष्मान जन आरोग्य कार्ड, 78 आभा कार्ड, 8 ई - श्रम कार्ड तथा 27 वोटर कार्ड बनवाने में सफलता प्राप्त की। कैंप को कामयाब बनाने में सतीश भारद्वाज, बलवीर राजपूत, भावना चौधरी, धर्मवीर जोशी, डॉक्टर रीना चड्ढा, नेहा, अलका सैनी, अंजलि, शहनाज शशि बाला, हरबंस कौर, चरणजीत कौर, रचना, डॉक्टर सिम्मी लाम्बा, हर्ष नागरा तथा सुखवीर सिंह का विशेष योगदान रहा।

# लाखों रुपए गौ सैस वसूल करने के बावजूद नहीं किया जा रहा लावारिस पशुओं की समस्या का हल

## शहर की सड़कों पर झुंड बनाकर घूमते लावारिस पशुओं से लोग परेशान, प्रशासन सोया कुम्भकर्णी नींद

लावारिस पशु बन रहे हैं हादसों का कारण, आने जाने वाले लोगों पर कर देते हैं हमला





अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर, 15 अप्रैल।।** शहर में आवारा पशुओं का आतंक प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है।लावारिस पशुओं की भरमार लोगों के लिए परेशानी का सबब बनती जा रही है। जिक्रयोग है लावारिस पशुओं की चपेट में आने से कई लोग घायल भी हो चुके है। जिसके बाद भी प्रशासन नहीं जागा है। लावारिस पशुओं की वजह से कई बार वाहन चालक सड़क दुर्घटना का शिकार हो चुके हैं। लोगों द्वारा पशुओं को बेवजह ही आवारा छोड़ दिया जाता है, जो सड़कों पर घूमते रहते हैं। यही नहीं कई सड़कों पर गाय और अन्य आवारा पशु बैठे रहते हैं जिसकी वजह से यातायात बाधित हो जाता है। लावारिस पशुओं के कारण हो रही घटनाओं से भी संज्ञान न लेते हुए ज़ीरकपुर में अधिकारियों ने लावारिस पशुओं को सड़कों से हटाने का काम नहीं किया है। लोगों का आरोप है कि यदि नगर कौंसिल के अधिकारी सड़कों से लावारिस पशुओं को हटाने का काम करते भी है तो महज खानापूर्ति कर अपना पल्ला झाड़ लेते है।

शहर में ढकोली, बलटाना, पिरमुछल्ला, पटियाला रोड, बिशनपुरा समेत वीआईपी रोड़ व अंबाला रोड़ समेत शहर की अधिकांश सड़कों पर लावारिस पशुओं का झुंड लोगों को परेशान करता है। दरअसल शहर की सड़क पर घूम रहे लावारिस पशु और कुत्ते दुर्घटनाओं का कारण बनते जा रहे हैं। जिसको लेकर नगर कौंसिल द्वारा कोई योजना नही बनाई जा रही है। कौंसिल लावारिस पशुओं की वजह से होने वाले किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहे है। पंजाब में करीब 10 वर्ष पहले अकाली भाजपा सरकार ने लोगों पर गौ सेवा सैस के नाम पर स्टंप ड्यूटी, बिजली, शराब व पट्रोल-डीजल पर भारी टैक्स लगाया था। इस टैक्स से अब भी सरकार रोजाना लाखों-करोड़ों रुपये वसूल कर रही है। गायों के संरक्षण के नाम पर काफी साल से गो-संरक्षण सेस वसूल करने के बावजूद जीरकपुर शहर सहित लगभग पूरे प्रदेश में ही लावारिस पशुओं की समस्या जानलेवा बनी हुई है। इसके समाधान के लिए सरकारी स्तर पर कोई बड़े उपाय नहीं किये जा रहे। माना ये जाता है कि सरकार यह वसूली गौशालाओं के संचालन के लिए देती है। बावजूद इसके गोशालाओं के संचालन के लिए गोशाला संचालक शहर के लोगों के जनसहयोग से पैसा जुटा संचालित कर रहे है। अगर गौ सैस के नाम पर करोड़ों रुपए एकत्रित किया जा रहा है तो गौशालाओं के संचालकों की जिम्मेवारी है कि वे आवारा पशुओं को अपने यहां रखें। बावजूद इसके लावारिस पशु किसानों व आम राहगीरों के बड़ी समस्या बने हुए है। सरकार की ओर से गौ सैस वसूलने के बावजूद भी इन पशुओं के लिए कुछ नहीं किया जा रहा। सरकार पशुओं की संभाल के लिए लोगों टैक्स वसूल रही है सरकार की ओर से इन पशुओं की संभाल के लिए विशेष कदम उठाने चाहिए।

### नगर काउंसिल जीरकपुर के कार्यकारी अधिकारी नहीं उठाते पत्रकारों का फोन

नगर काउंसिल जीरकपुर से संबंधित किसी भी खबर संबंधी नगर कौंसिल जीरकपुर के कार्यकारी अधिकारी का पक्ष लेना अनिवार्य होता है। जिसके लिए जब भी नगर कौंसिल जीरकपुर के कार्यकारी अधिकारी अशोक पथरिया को फोन किया जाता है तो वह अधिकतर बार फोन नहीं उठाते। आज भी आवारा पशु संबंधी पक्ष लेने के लिए जब कार्यकारी अधिकारी अशोक पथरिया को फोन किया तो उन्होंने फोन नहीं उठाया।

### पेज एक का शेष

### हिसार में एयरपोर्ट ..

इस परियोजना के विकसित होने से लगभग 32 हजार करोड़ रुपये के निवेश आने की संभावना है और 10 हजार से अधिक रोजगार के अवसर सृजित होंगे। आईएमसी में सड़क, वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्लांट (एसटीपी) सहित सभी प्रकार की बुनियादी और आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी। इस परियोजना के क्रियान्वयन के लिए जल्द ही इस एनआईसीडीसी तथा हरियाणा सरकार के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को जल्द ही औपचारिक प्रक्रियाएं पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस आईएमसी में भारत के साथ-साथ विदेशी कंपनियों से भी निवेश के लिए आकर्षित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हिसार में चिन्हित 7200 एकड़ में से लगभग 4212 एकड़ में महाराजा अग्रसेन एयरपोर्ट है और लगभग 2988 एकड़ में आईएमसी स्थापित की जाएगी। एयरपोर्ट के नजदीक होने से उद्योगों को बहुत बड़ा लाभ मिलेगा।

### रोहतक में भारत रत्न डा. भीमराव अंबेडकर 'सम्मान अभियान' के तहत आयोजित की गई कार्यशाला

# राहुल गांधी के बयान से साफ है कि वे झूठ की दुकान चला रहे हैं: आर्य

अर्थ प्रकाश/सुकरमपाल




**रोहतक, 15 अप्रैल।** संविधान निर्माता, भारत रत्न डा. भीमराव अंबेडकर 'सम्मान अभियान' के तहत मंगलवार को रोहतक स्थित भाजपा कार्यालय मंगल कमल में प्रदेश स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में भाजपा एससी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य, राष्ट्रीय सचिव ओम प्रकाश धनखड़, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली, संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा मौजूद रहे। मुख्य अतिथि लाल सिंह आर्य ने बाबा साहेब अंबेडकर सम्मान अभियान के तहत होने वाले कार्यक्रमों को साझा किया। वहीं राष्ट्रीय सचिव ओम प्रकाश धनखड़ ने डॉ. अंबेडकर के जीवन को समर्पण, संघर्ष और सामाजिक सद्भाव का प्रतीक बताया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल ब?ौली ने कहा कि भाजपा ने ही सही मायने में बाबा साहेब का सम्मान किया है।

एससी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के छह नेशनल कार्यक्रम हैं जिसके तहत बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर की जयंती देश भर मनाई जाती है। उन्होंने कहा कि भाजपा के अलावा भारत का कोई भी ऐसा राजनीतिक दल नहीं है जिसके राष्ट्रीय और प्रदेश स्तरीय कार्यक्रमों में अंबेडकर जी की जयंती मनाई जाती हो। इसका मतलब साफ है कि भारतीय जनता पार्टी के लिए बाबा साहेब अंबेडकर विश्वास का केंद्र है इवेंट नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा जैसे श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस, पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती, पार्टी का स्थापना दिवस बूथों पर मनाती है उसी प्रकार से बाबा साहेब अंबेडकर की जयंती मनाई जाती है।

लाल सिंह आर्य ने कहा कि 13 अप्रैल को पूरे भारत में जहां भी बाबा साहेब के स्टेच्यू हैं वहां पर भाजपा कार्यकताओं ने स्वच्छता अभियान और दीपोत्सव कार्यक्रम किए। उन्होंने कहा कि 14 हजार 619 जगहों पर दीपोत्सव और स्वच्छता अभियान चला जिसे सरल पोर्टल पर भी अपलोड किया गया है। श्री आर्य ने कहा कि 4 लाख 20 हजार 500 लोगों ने स्वच्छता अभियान में भाग लिया और 4 लाख 66 हजार 754 लोगों ने - दीपोत्सव में भाग लिया। श्री आर्य ने कहा कि भाजपा ने बाबा साहेब का जन्मोत्सव 47 हजार 850 स्थानों पर देश भर में मनाया है।

लाल सिंह आर्य ने पश्चिम बंगाल में हो रही हिंसा के लिए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि 1984 में कांग्रेस पार्टी ने षडयंत्र के तहत सिखों की हत्या करवाई और उनकी दुकानें व घर जलाने का काम किया। कांग्रेस की तर्ज पर ही अब पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी और टीएमसी के गुंडे वक्फ कानून के विरोध में आगजनी करा रहे हैं जोकि ठीक नहीं है।

लाल सिंह आर्य ने कहा कि 14 अप्रैल को बाबा साहेब अंबेडकर की जयंती थी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी व कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकाअर्जुन खड़गे या कोई भी बड़ा नेता बाबा साहेब की दीक्षा भूमि पर नहीं गए। श्री आर्य ने कहा कि राहुल गांधी जिस प्रकार की बयानबाजी कर रहे हैं उससे साफ है कि राहुल गांधी झूठ की दुकान चला रहे हैं। उन्होंने कहा कि संविधान को हाथ में लेकर चलने से संविधान का सम्मान नहीं होता। संविधान का सम्मान सही मायने में मोदी सरकार कर रही है। भाजपा बाबा साहेब का सम्मान करने के लिए कार्यशालाएं आयोजित कर लोगों के बीच बाबा साहेब की शिक्षाओं को पहुंचा रही है।

कार्यशाला में मुख्य रूप से प्रदेश महामंत्री व कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी, मंत्री रणबीर गंगवा, एससी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व विधायक सत्य प्रकाश जरावता, ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष मदन चौहान, पूर्व मंत्री कंवरपाल गुर्जर, पूर्व मंत्री डॉ बनवारी लाल, पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल, रोहतक के मेयर रामअवतार वाल्मीकि, कार्यक्रम के प्रदेश संयोजक मनीष कटवाड़, प्रदेश मीडिया सह प्रभारी शमशेर सिंह खरक के अलावा प्रदेश पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष, एससी और ओबीसी मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी, सम्मान अभियान से जुड़े प्रदेश संयोजक, जिला संयोजक, सह-संयोजक मौजूद रहे।

### संविधान निर्माता बाबा साहेब ने देश में लोकतंत्र को मजबूत करने की व्यवस्था दीः ओपी धनखड़

भाजपा के राष्ट्रीय सचिव ओम प्रकाश धनखड़ ने कहा कि बाबा साहब ने समाज के सबसे गरीब और वंचित वर्गों के लाखों लोगों को आशा दी है। उन्होंने कहा कि भारत रत्न बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर ने देश का संविधान ही नहीं लिखा, बल्कि देश में लोकतंत्र को मजबूत करने की व्यवस्था भी दी। वंचितों और गरीबों को उनका हक देने का काम भीम राव अंबेडकर ने किया। श्री धनखड़ ने कहा कि आजादी के बाद भारत में लोकतंत्र लागू हुआ यह सब बाबा साहेब की देन है। श्री धनखड़ ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी ने संविधान का दुरुपयोग किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने बाबा साहेब अंबेडकर को भारत रत्न तक नहीं दिया और कांग्रेस ने ही बाबा साहेब को दो बार चुनाव हरवाने का पाप किया। उन्होंने कहा कि आज हमें बाबा साहेब द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलने पर गर्व है।

### कांग्रेस पार्टी झूठ की दुकान चलाती हैः मोहन लाल बड़ौली

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने कभी बाबा साहेब अंबेडकर का सम्मान नहीं किया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ही बाबा साहेब का सम्मान करने वाली पार्टी है। बाबा साहेब की जयंती पर होने वाले कार्यक्रमों पर बोलते हुए श्री बड़ौली ने कहा कि 15 अप्रैल से 25 अप्रैल तक बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर को लेकर प्रदेश भर में संगोष्ठियां आयोजित की जाएंगी। श्री बड़ौली ने कांग्रेस पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी झूठ की दुकान चलाती है और झूठे आरोप लगाने का काम करती है। श्री बड़ौली ने कहा कि भाजपा की ट्रिपल इंजन की सरकार प्रदेश के विकास के लिए तीन गुणा गति से काम कर रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में भाजपा सरकार हर वर्ग के हित और अपेक्षाओं को पूरा करने का काम कर रही है। श्री बड़ौली ने सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान करते हुए कहा कि घर-घर जाकर डा. भीम राव अंबेडकर की शिक्षाएं और मोदी व नायब सरकार की योजनाओं को बताएं और लोगों को पार्टी की विचारधारा से जो?ने का काम करें।

### प्राइमरी टीचर एसोसिएशन ने ऑनलाइन डायरी के निर्णय का किया विरोध

**कुरुक्षेत्र (अप्रस)।** टीचर डायरी को लेकर अध्यापकों ने निरंतर गुस्सा बढ़ता जा रहा है। उल्लेखनीय है कि राज्य निदेशक माध्यमिक शिक्षा हरियाणा ने 8 अप्रैल को एक पत्र जारी कर प्रदेश के सभी अध्यापकों को डेली टीचर डायरी को ऑनलाइन अपलोड करने के आदेश जारी किए हैं। हरियाणा प्राइमरी टीचर एसोसिएशन के कुरुक्षेत्र जिला प्रधान राजपाल कालड़ा ने संगठन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों से चर्चा करने के उपरांत कहा कि अध्यापकों ने इस फैसले को अव्यवहारिक बताते हुए विरोध जताया है। राजपाल कालड़ा ने कहा कि प्रदेश के सभी अध्यापक डेली डायरी को पहले से ही ऑफलाइन लिख रहे हैं तथा संबंधित स्कूल मुखिया द्वारा नियमित रूप से उसे सीन कर सत्यापित किया जा रहा है। इसके अलावा उच्च अधिकारियों द्वारा समय-समय पर निरीक्षण भी किया जाता है। अधिकतर प्राथमिक स्कूलों के प्रत्येक टीचर के पास दो से तीन कक्षाएं होने के कारण उन्हें डेली डायरी अपलोड करने में और भी अधिक समय लगेगा। ऑनलाइन अपलोड करने में लगने वाले समय से शिक्षण अधिगम कार्य प्रभावित हो सकता है। कई स्कूलों में इंटरनेट कनेक्टिविटी, नेटवर्क की समस्या एवं अतिरिक्त कार्यभार के चलते यह एक जटिल प्रक्रिया बनने के कारण इसमें समय ज्यादा लग सकता है। उन्होंने कि प्रदेश के प्रत्येक शिक्षक द्वारा रोजाना प्रत्येक बच्चे की एमआईएस पर उपस्थिति, कक्षावार निपुण हरियाणा शिक्षक एप पर उपस्थिती, एमडीएम तथा शिक्षक हाजिरी को ऑनलाइन किया जाता है।

## न्यूज ब्रीफ

### कन्या भ्रूण हत्या के खिलाफ निकाली जागरूक रैली



**निसिंग (अप्रस/कृष्ण)।** मंगलवार को निसिंग एस एम ओ सीएचसी डॉ सारिका अग्रवाल के निर्देश अनुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निसिंग की टीम और प्राइमरी स्कूल के बच्चों और स्कूल के स्टाफ द्वारा गिरते लिंग अनुपात को लेकर समाज को जागरूक करने के लिए एक रैली निकाली जो मेन बाजार से होते हुए बाईपास रोड से स्कूल तक गई रैली में स्कूल के बच्चों ने ज़ोर शोर से भाग लिया जिसमें बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ बेटी को मरवाओगे बहू कहा से लाओगे के नारे लगाए गए। डॉ स्मृति कौशिक ने पत्रकारो को बताया कि गिरते लिंग अनुपात का बहुत चिंतित विषय हैं। जिसको लेकर समाज को जागरूक होना पड़ेगा। कन्या भ्रूण हत्या माहापाप हैं और एक दंडनीय अपराध है। अपील अगर किसी भी व्यक्ति को कन्या भ्रूण हत्या या लिंग जांच की जानकारी मिले तो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निसिंग में सूचित करें। इस रैली में डॉ स्मृति कौशिक, एएनएम पप्पी देवी एएनएम निशा गुलशन कुमार विजेंद्र और निसिंग की सभी आशा वर्कर मौजूद रही।

### जिला लोकसंपर्क एवं परिवेदना समिति की मासिक बैठक 18 को: उपायुक्त



**रोहतक (अप्रस/सुकरमपाल)।** उपायुक्त धीरेंद्र खडटा ने बताया कि 18 अप्रैल को प्रदेश के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार की अध्यक्षता में जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की मासिक बैठक का आयोजन किया जाएगा। इस बैठक का आयोजन 18 अप्रैल को सुबह 11 बजे स्थानीय जिला विकास भवन स्थित सभागार में होगा। बैठक के एजेंडे में 13 शिकायतें शामिल की गई है। विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार बैठक के एजेंडे में शामिल शिकायतों की सुनवाई के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारियों को इन शिकायतों के निपटारे बारे आवश्यक दिशा-निर्देश देंगे। सभी संबंधित अधिकारी बैठक में निर्धारित समय पर उपस्थित सुनिश्चित करेंगे। उपायुक्त धीरेंद्र खडटा ने बताया कि 19 अप्रैल को स्थानीय जिला विकास भवन स्थित सभागार में सुबह 11:30 बजे जिला स्तरीय दिशा समिति की बैठक आयोजित की जाएगी। यह बैठक लोकसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा की अध्यक्षता में आयोजित होगी तथा राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा इस बैठक में बतौर समिति के उपाध्यक्ष शामिल होंगे।

### बलवंत सिंह ने प्रधानाचार्य का कार्यभार संभाला



**नारायणगढ़ (अप्रस/सुशील कुमार)।** श्रीमद्भगवद्गीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नारायणगढ में आज विद्या भारती हरियाणा प्रांत के दिशा-निर्देशानुसार बलवंत सिंह ने विद्यालय प्रधानाचार्य का कार्यभार ग्रहण किया। बलवंत जी को प्रधानाचार्य का पदभार ग्रहण करवाने के लिए विद्या भारती उत्तर क्षेत्र के संगठन मंत्री विजय नड्डा, सह संगठन मंत्री बालकिशन, विद्या भारती हरियाणा के अध्यक्ष ऋषिराज वशिष्ठ, विद्यालय प्रबंध समिति के प्रबंधक उमेश, सदस्य श्रवण वालिया विशेष रूप से उपस्थित रहे। यह सारा कार्यक्रम आचार्य-आचार्या के साथ बडे उत्साहपूर्ण वातावरण में रहा। प्रांत के दिशा-निर्देशानुसार निवर्तमान प्रधानाचार्य सुधीर जी आज से उत्तर क्षेत्र के दायित्व का निर्वहन करते हुए विद्या भारती उत्तर क्षेत्र के प्रांत प्रशिक्षण संयोजक के दायित्व पर कार्य करेंगे। इस अवसर पर विद्यालय की प्रबंध समिति व सभी आचार्य-आचार्या ने बलवंत जी का स्वागत किया। ऐसे उत्साहपूर्ण वातावरण में भारत विकास परिषद के प्रांतीय संयोजक भूपेंद्र कपूर ने आए हुए विद्या भारती के अधिकरियों के सहयोग से विद्यालय के 10 छात्र भैया - बहिनों को पक्षियों के पानी पीने के लिए मिट्टी के कसोरे वितरित किए एवं कसोरों में पानी डालकर इस अभियान का शुभारंभ किया।

## हरियाणा सरकार किसानों के हित में कार्य कर रही है: खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेश नागर

अर्थ प्रकाश/सीमा देवी

**इन्द्री, 15 अप्रैल।** खाद्य पूर्ति मंत्री राजेश नागर ने इन्द्री अनाज मंडी का दौरा कर अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। इन्द्री की अनाज मंडी में खाद्य आपूर्ति विभाग के मंत्री राजेश नागर का काफिला अचानक पहुंच गया जैसे ही इस बात की भनक अधिकारियों को लगी तो आनन फानन में सभी अधिकारी व कर्मचारी मौके पर पहुंचे। मंत्री नागर के साथ पूर्व मंत्री सुभाष सुधा भी साथ रहे। मंडी का दौरा करने के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए मंत्री राजेश नागर ने बताया कि हरियाणा में गेहूं खरीद का कार्य सुचारू रूप से शुरू कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि वो प्रदेश की सभी मंड़ियों में जाकर व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे ताकि किसानों को अपनी फसल बेचते समय कोई कठिनाई का सामना न करना पड़े। मंत्री ने कहा कि इसको लेकर सरकार भी सजग है। हरियाणा सरकार किसानों के हित में कार्य कर रही है। किसानों के हितों की बात हो चाहे मंड़ी व्यवस्था की बात हो सरकार हर पहलू पर अपनी नजर बनाए हुए हैं। उन्होंने बताया कि आज हरियाणा की कई मंड़िकों का दौरा किया है एक दो समस्या को छोड़कर मंड़िकों का कार्य सुचारू रूप से चल रहा है। उन कार्यो को लेकर भी अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए गए हैं। किसानों व आढ़तियों से भी बातचीत की गई। गेंहु उठान को लेकर कोई दिक्कत नहीं आने दी जाएगी। मंत्री ने कहा कि हरियाणा के लिए गर्व की बात है कि देश के प्रधानमंत्री हरियाणा में दो जगहों पर आ रहे है। हिसार में नए हवाई अड्डे का शुभारंभ किया जा रहा है जहां से अयोध्या को पहली उडान् जाएगी। जगाधरी में थर्मल पावर की सौगात मिलने जा रही है इसके लिए हम प्रधानमंत्री महोदय का आभार प्रकट करते है। मंत्री राजेश नागर ने बीपीएल परिवार के नाम काटे जाने पर कहा कि बीपीएल परिवार प्रदेश में दो करोड़ के करीब है। किसी को कोई दिक्कत नहीं होगी। फिर भी अगर किसी की शिकायत आती है तो उस पर कानून अनुसार कार्यवाही होगी। खुले में गेंहु को लगाने पर उन्होंने कहा कि मौसम ठीक चल रहा है तो इसमें कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए लेकिन फिर भी अगर कोई समस्या आई तो उसे ठीक किया जाएगा।

## डोर टू डोर सफाई कर्मचारियों की अचानक सेवाएं समाप्त करने पर अनिश्चित कालीन धरना-प्रदर्शन शुरू

अर्थ प्रकाश/कपिल देव रोहिल्ला



**कलायत, 15 अप्रैल।** कलायत में मंगलवार को नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा की स्थानीय इकाई ने अनिश्चित कालीन धरना-प्रदर्शन का बिगुल फूंक दिया। नगर पालिका कार्यालय मुख्य द्वार पर शुरू किए गए धरने का मुद्दा डोर टू डोर सफाई कर्मियों की अचानक सेवाएं समाप्त करना है। इस संबंध में नपा सचिव के नाम पत्र में लिखा गया है। इसमें नगरपालिका कर्मचारी संगठन प्रधान नवीन कुमार, कोषाध्यक्ष संदीप सिंह व सचिव वीरेंद्र सिंह ने कहा कि डोर टू डोर सफाई एजेंसी द्वारा बार-बार कर्मियों को परेशान किया जा रहा है। सुविधाएं प्रदान करने की बजाए कर्मियों की सेवाएं समाप्त की जा रही हैं। इस प्रकार की मनमानी किसी भी सूरत में सहन नहीं होगी। हाल ही में भी कई सफाई कर्मियों को अकारण हटाया गया है। इस प्रकार की कार्यवाही सहन न हीं होगी। सफाई कर्मियों ने कहा कि लंबे समय से कर्मियों को नियम अनुसार सुविधाएं देने की मांग उठ रही है। सुविधा न मिलने के बाद भी कर्मी कुशलता से अपनी सेवाएं दे रहे हैं। एजेंसी संचालक नहीं चाहते कि व्यवस्था दुरुस्त रहे। इसलिए बेवजह कर्मियों की सेवाएं समाप्त की जा रही हैं। हालांकि सरकार द्वारा साफ तौर से ये आदेश हैं कि अकारण सफाई कर्मियों की सेवाएं समाप्त न की जाएं। केंद्र एवं राज्य सरकार की प्रयास स्वच्छता के कार्य को निरंतर गतिमान रखना है। कहीं न कहीं सरकार के आदेशों को एजेंसी संजीदगी से नहीं ले रही। यही वजह है कर्मियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वर्तमान में बच्चों की पढ़ाई का नया सत्र शुरू हो चुका है। बच्चों को पढ़ाने के लिए सफाई कर्मचारियों को मानदेय की जरूरत है। ऐसे में उनकी सेवाएं समाप्त करना पूरी तरह से निदंनीय है।

## बाल विवाह रोकने हेतु नुक्कड़ नाटक का आयोजन

अर्थ प्रकाश/सुशील कुमार




**शहजादपुर, 15 अप्रैल।** राजकीय महिला महाविद्यालय, शहजादपुर के महिला प्रकोष्ठ द्वारा गांव बड़ागढ़ में अक्षय तृतीया के अवसर पर बाल विवाह रोकने की थीम पर एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण समुदाय में बाल विवाह की कुप्रथा के प्रति जागरूकता फैलाना और इसके दुष्परिणामों से लोगों को अवगत कराना था।

नुक्कड़ नाटक में महाविद्यालय की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने अभिनय के माध्यम से बाल विवाह के सामाजिक, शारीरिक और मनोवैज्ञानिक दुष्प्रभावों को दर्शाया। नाटक में दिखाया गया कि कम उम्र में विवाह से न केवल बालिकाओं की शिक्षा और स्वास्थ्य प्रभावित होते हैं, बल्कि उनके समग्र विकास पर भी दीर्घकालिक असर पड़ता है। गांव के लोग नाटक की सरल और प्रभावी प्रस्तुति से अभिभूत हुए और इस सामाजिक बुराई को समाप्त करने का संकल्प लिया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. उमेश भारती ने इस विषय में छात्राओं को प्रेरणादायक व्याख्यान देते हुए छात्राओं से व्यक्तिगत व सामाजिक स्तर पर इस कुरीति का पुरजोर विरोध करने का आग्रह किया।

महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका डॉ राजकुमारी ने बताया कि इस तरह के आयोजनों के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अक्षय तृतीया जैसे अवसरों पर बाल विवाह की प्रथा को रोकने के लिए सामुदायिक स्तर पर जागरूकता आवश्यक है और हमारी छात्राएं इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने भी भाग लिया। उपस्थित लोगों ने नाटक के संदेश को गांव-गांव तक पहुँचाने का वादा किया। यह आयोजन न केवल जागरूकता का माध्यम बना, बल्कि ग्रामीण समुदाय और शैक्षणिक संस्थान के बीच सहयोग को भी मजबूत करने में सफल रहा। कार्यक्रम में डॉ. कश्मीर सिंह, डॉ. रवि बरवाल, डॉ. नंदिनी मोदगिल भी शामिल रहे।

### गुरू रविदास एजुकेशनल सोसाईटी द्वारा स्कूल में विभिन्न प्रतियागिताओं को करवाया गया

**इन्द्री (अप्रस/सीमा देवी)।** गुरू रविदास एजुकेशनल सोसाईटी द्वारा गांव गांधीनगर के सरकारी स्कूल में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं को आयोजन करवाया गया जिसमें काफी संख्या में बच्चों ने भाग लेकर अपनी कला का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में रिटायर बीईओं रामकरण ने शिरकत का बच्चों को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर हुई कलर प्रतियोगिता में चेष्ठा पुत्री राममेहर ने प्रथम, आयुष पुत्र अनिल ने दूसरा व योगेश पुत्र बलिन्द्र ने तीसरा स्थान पाया। ड्राइंग विथ कलर प्रतियोगिता में सिमरण व आयुष ने दूसरा स्थान पाया। इसी प्रकार हुई अन्य प्रतियोगिता में मनप्रीत मेहरा ने पहला, रिया व विनित चौहान ने दूसरा व वंदना ने तीसरा स्थान पाया।

## सुखबीर बादल के दोबारा अध्यक्ष बनने से पंथ पंजाब और पंजाबियत शिखर पर पहुंचेगी: काला

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**करनाल, 15 अप्रैल।** पंजाब के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुखबीर सिंह बादल का शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष के रूप में पुन~ निर्वाचित होना यह स्पष्ट करता है कि बादल पंथ, पंजाब और पंजाबियत के मुद्दों का नेतृत्व करने में सक्षम हैं। उनके नेतृत्व में शिरोमणि अकाली दल एक बार फिर नई ऊंचाइयों पर पहुंचेगा। आज करनाल में शिरोमणि अकाली दल के प्रतिनिधि दविंदर सिंह (काला) ने शिरोमणि कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रघुजीत सिंह विर्क के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं में लड्डू बांटे और खुशी का इजहार करते हुए कहा कि अकाली कार्यकर्ताओं द्वारा अध्यक्ष चुने जाने के बाद श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार ज्ञानी कुलदीप सिंह गढज द्वारा सुखबीर सिंह बादल को सिख रहत मर्यादा की प्रति भेंट करना पंथ का नेतृत्व करने में सहायक सिद्ध होगा। दविंदर सिंह ने कहा कि श्री अकाल तख्त साहिब पर सुनाई गई सजा पूरी होने के बाद अकाली प्रतिनिधियों द्वारा नए व पुराने अकालियों को अपने पुराने गिले-शिकवे दूर कर शिरोमणि अकाली दल को मजबूत करने का जो आह्वान किया गया है तथा सरकार की पंथ विरोधी चालों का मुकाबला करने का जो एलान किया गया है, उससे बादल की क्षमताओं पर कोई संदेह नहीं रह जाना चाहिए। उनके नेतृत्व में शिरोमणि अकाली दल जमीनी स्तर पर मजबूत बनेगा। इस मौके पर उनके साथ गुरनाम सिंह सग्गू रामगढ़िया अध्यक्ष गुरुद्वारा श्री गुरु तेग बहादुर साहिब न्यू राम नगर, करनैल सिंह, वरयाम सिंह, साहिब सिंह, भजन सिंह और अन्य सदस्य मौजूद थे।

## हरियाणा सरकार के सहयोग से कर रहे गांव का विकास: सोनिया सरपंच



अर्थ प्रकाश/अरविंद मोहन शर्मा

**कुरुक्षेत्र, 15 अप्रैल।** गांव मुंडा खेड़ा की बात करें तो विकास में अपना अलग ही नाम है . गांव की सरपंच सोनिया ने बताया पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा जी के आशीर्वाद से हरियाणा सरकार के तत्वधान में गांव के विकास के लिए बहुत सहयोग अनुदान दी गई है.सीमा ने बताया कि वह पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा का दिल की गहराईयों से धन्यवाद करते हैं, उन्होंने गांव में विकास को मदद के लिए अपना सहयोग दिया। उन्हें यह भी बताया कि आज लगभाग ढाई साल होने को आए हैं और गांव में विकास की लहर लगी हुई है। सीमा ने बताया कि गांव की फिरनी को पक्का करना और साफ सफाई की व्यवस्था को दुरुस्त करना उनका सर्वप्रथम लक्ष्य था जिसे उन्होंने पूरा किया।सीमा ने बताया कि गांव में सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए सीसीटीवी लगवाये गये. बच्चों के स्वर्णिम विकास के लिए पार्क की व्यवस्था की गई। उन्हें यह भी बताएं कि सबका साथ, सबका विकास की नियत रखते हुए गांव में समय-समय पर ग्राम सभा का भी आयोजन किया जाता है , जिसमें वह गांव के सभी व्यक्तित्वों की सहमति से कार्य करते हैं.

सीमा ने ये बताया कि श्मशान घाट की भूमि की चारद्वारी वहां पर गेट की व्यवस्था करना गांव में साफ सफाई की व्यवस्था को दुरुस्त करना गली नालियों सहित बहुत से विकास कार्य करवाये गए हैं आने वाले समय में उनको एक अच्छी सोच के साथ गांव के विकास का कार्यक्रम बनाया गया है

## दिव्यांगता के बाद भी दिव्यांग लोगों की बेहतरी के लिए काम कर रहे हैं उमर फारुक

### प्रतिष्ठित हेलेन केलर अवार्ड से सम्मानित उमर फारूक पहुंचे करनाल

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन



**करनाल 15 अप्रैल।** अकसर जब किसी व्यक्ति में किसी प्रकार की कोई अपंगता आती है तो वह हताश हो जाता है और अपनी किस्मत को कोसने लगता है। लेकिन समाज में उमर फारूक जैसे ऐसे इंसान भी हैं जो स्वयं दिव्यांग होने के बावजूद अपने प्रदेश और देश के दिव्यांग लोगों की बेहतरी के लिए काम करते हैं। न केवल काम करते हैं बल्कि उनसे मिलकर उन्हें जानने समझने के लिए पूरे देश की यात्रा पर भी निकल पड़ते हैं। भारत की मुख्य ज़मीन से हटकर समंदर में बने एक छोटे से टापू समूह लक्षद्वीप के रहने वाले और प्रतिष्ठित हेलेन केलर अवार्ड से सम्मानित उमर फारूक लक्षद्वीप से ही अपने एक अन्य दिव्यांग साथी एल शुकुर और मनोविज्ञानी शहनवाज के साथ पूरे भारत की यात्रा पर हैं। जम्मू कश्मीर, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, चंडीगढ़ से होते हुए कल हरियाणा में पहुँचे लक्षद्वीप के ग्रुप का निफा करनाल के संयोजन में आज करनाल में माता प्रकाश कौर श्रवण एवं वाणी स्कूल में संस्थान की अध्यक्ष मेगा भंडारी ने स्वागत किया और छोटे छोटे बच्चों ने अपने हाथों से बनाए पुष्प गुच्छ देकर उनका मन मोह लिया। दिव्यांग लोगों की पीड़ा और परेशानियों को समझने, उनके सशक्तिकरण के लिए देश भर में विभिन्न संस्थाओं द्वारा किए जा रहे कार्यों को देखने और अपने अनुभव से लक्षद्वीप के दिव्यांग बच्चों की बेहतरी की कार्ययोजना बनाने के उद्देश्य से भारत यात्रा पर निकले उमर फारूक और उनके साथियों के उद्देश्य को बेहद पवित्र बताते हुए मेघा भंडारी चेयरपर्सन, हरियाणा श्रवण एवं वाणी निशक्तजन कल्याण समिति पंचकूला, हरियाणा ने उनको हर संभव सहयोग का वायदा किया। लक्षद्वीप में श्रवण व वाणी की अक्षमता के क्षेत्र में सहयोग करने पर भी विचार विमर्श हुआ। उनके साथ संजीव गोयल, सहायक निदेशक, पंचकूला केंद्र व दिनेश सिंह सहायक निदेशक, करनाल ने भी सभी अध्यापकों और बच्चों के साथ ग्रुप का स्वागत किया। प्रतिष्ठित हेलेन केलर अवार्ड से सम्मानित फारूक को बचपन से अस्थिचर्म सिंहमुखत जैसी रेयर विकलांगता से ग्रसित हैं जबकि शुकुर को बचपन में पोलियो की वजह से विकलांगता का सामना करना पड़ा। इन सब के बावजूद फारूक अपनी टीम के साथ अनेक वर्षो से दिव्यांग जनों के वेलफेयर के लिए काम कर रहा है। उनके साथ केरल से शाहनवाज हैं जो मनोवैज्ञानिक हैं और ग्रुप के संयोजक के रूप में साथ चल रहे हैं। उन्होंने बताया कि उन्होंने कल कुरुक्षेत्र के एतहासिक स्थलों का भ्रमण किया और आज माता प्रकाश कौर स्कूल के साथ साथ तपन रिहैबिलिटेशन सोसाइटी के विकलांग केंद्र में भी गए हैं। निफा के संस्थापक अध्यक्ष प्रितपाल सिंह पन्नु ने बताया कि उमर फारूक निफा का लक्षद्वीप टीम के संयोजक के रूप में सेवाएं दे रहे हैं और उनके पूरे टूर को संस्था की शाखाओं द्वारा सहयोग दिया जा रहा है। उन्होंने निफा मुख्यालय की और से भी लक्षद्वीप में दिव्यांग जनों की बेहतरी के लिए हर संभव सहयोग का वायदा किया। इस अवसर पर निफा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी से राजीव नटराज, कर्नल निफा सचिव हितेश गुप्ता व शहरी प्रधान महिंदर सिंह भी उनके साथ रहे।


PRESS CLUB (Regd.) ZIRAKPUR
ਪ੍ਰੈੱਸ ਕਲੱਬ ਜ਼ੀਰਕਪੁਰ (ਰਜਿ.) Press Club Zirakpur (Regd.)
Regd. No.8004 Regd, Office: Near Gold Mark, Old Kalka Road, Zirakpur (Pb.)-140603
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र अर्थ प्रकाश के 40 वर्ष पूरे होने पर हार्दिक शुभकामनाएं


हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
अर्थ प्रकाश
के 40 वर्ष पूरे होने पर पूरी टीम को
हार्दिक शुभकामनाएं
aap
AAM AADMI PARTY
राहुल सैन
मुकेश सैन
प्रभारी, वार्ड नंबर 6
आम आदमी पार्टी, जीरकपुर


हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
अर्थ प्रकाश
के 40 वर्ष पूरे होने पर
हार्दिक शुभकामनाएं
AAP
AAM AADMI PARTY
कर्मजीत चौहान
स्टेट जॉइंट सेक्रेटरी यूथ विंग पंजाब
आम आदमी पार्टी


हिन्दी दैनिक
समाचार पत्र
अर्थ प्रकाश
के 40 वर्ष पूरे होने पर पूरी टीम को
हार्दिक शुभकामनाएं
संजीव खन्ना
पंजाब प्रदेश सचिव, प्रभारी जालंधर शहरी,
हल्का इंचार्ज डेराबस्सी, भाजपा

# 40 वर्ष के शानदार सफर में कैसे स्थापित हुई दैनिक अर्थ प्रकाश समाचार पत्र की सेवा की चौधर

## पत्रकारिता की दुनियां में अर्थ प्रकाश समाचार पत्र के बढ़ते कदम

दैनिक अर्थ प्रकाश



धर्मवीर सिंह, स्टेट ब्यूरो चीफ

> बदलते परिवेश में आए दिन सफलता के नए आयाम स्थापित कर रहा है लोकप्रिय अखबार अर्थ प्रकाश

> हर आम और खास तक अपनी पहुंच निश्चित करते हुए राजनीतिक और सामाजिक गलियारों में आकर्षण का केंद्र बन रहा है लोगों का चहेता यह समाचार पत्र।

**चंडीगढ़।** समाचार पत्रों का नाम जेहन में आते ही सूचना तंत्र का गजब अहसास हिलोरे मारने लगता है। समुची दुनियां में समाचार पत्रों ने राष्ट्र भक्ति, समाज सेवा सहित अनेक अनेक संबंधित क्षेत्रों में नए आयाम स्थापित किये हैं। उन्ही समाचार पत्रों में से एक है दैनिक अर्थ प्रकाश समाचार पत्र। अप्रेल 16 को अर्थ प्रकाश समाचार पत्र का जन्म हुआ और आज यह समाचार पत्र सेवा और सौहार्द के नए आयाम स्थापित करते हुए अपनी 39 वीं वर्ष गांठ 40 वां स्थापना दिवस मना रहा है।

बदलते परिवेश में सोशल मीडिया ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपना बड़ा नेटवर्क स्थापित कर लिया है। लगभग सभी समाचार पत्र सोशल मीडिया का भरपूर उपयोग और प्रयोग कर रहे है। अर्थ प्रकाश समाचार पत्र ने भी अपना सोशल नेटवर्क बड़े पैमाने पर शुरू कर दिया है। नार्थ में यह समाचार पत्र अपने सोशल नेटवर्क के साथ तेजी से आगे बढ़ रहा है। कई क्षेत्रों में तो यह समाचार पत्र लोगों की जरूरत कहा जाने लगा है।

दैनिक अर्थ प्रकाश अपनी 39 वीं वर्ष गांठ यानी 40 वा स्थापना दिवस बड़ी सादगी के साथ मना रहा है। तीन दर्जन से अधिक वर्ष के लंबे सफर में सम और विषम परिस्थितियों को पार हुए आज यह समाचार पर सामाजिक, ऐतिहासिक, आर्थिक, धार्मिक और आध्यात्मिक क्षेत्र में परिकल्पनाओं को साकार करते हुए सेवा के नए और प्रेरक अध्यायों का सूत्रपात कर रहा है। महाबीर जैन के सशक्त प्रेरणादायक मार्गदर्शन में कर्तव्यनिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों की तेज तर्रार टीम आए दिन सेवा के क्षेत्र में नई उपलब्धि हासिल कर रही है। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग में कई वर्षों तक सेवा दे चुके कई अधिकारी समाचार पत्र को नई दिशा व दशा देने में सहयोगरत है। समाचार संपादक की खबरों पर पकड़ देखते ही बनती है।

समाचार पत्र और सोशल मीडिया नेटवर्क को बुलंदियों और शिखर पर स्थापित करने के दृष्टिगत कई विंग काम कर रहे है, जिनमे फील्ड सेक्सन, विज्ञापन, लेखा, स्क्रिप्ट, एडिटिंग, सर्कुलेशन, स्टोर प्रबधंन इत्यादि सेक्सन कार्यरत है। पाठकों और आगन्तुक मेहमानों के स्वागत और जलपान कक्ष की व्यवस्था भी है। चंडीगढ़ के 29 सेक्टर में स्थापित अर्थ प्रकाश समाचार पत्र का मुख्यालय लगभग सभी जरूरी सुविधाओं से युक्त है।




सोनीपत जिला के उपमंडल गोहाना पानीपत सड़क मार्ग पर स्थित सिकंदर पुर माजरा की सोन्दी माटी की महक स्वतन्त्रता संग्राम में दिये गए गांवों के योगदान को भी हमेशा याद रखा जाएगा। सोनीपत के गांव सिकन्दर पुर माजरा में जन्मे दैनिक अर्थ प्रकाश समाचार पत्र मुख्य कर्ता धर्ता महाबीर जैन से बात की गई तो उन्होंने बताया कि अर्थ प्रकाश समाचार पत्र ने सांध्य अखबार के रूप में भी समाज और देश की सेवा की। उनके ताऊ प्रथम गांधी वादी थे। उन्हें स्वतन्त्रता संग्राम में भी बढ़चढ़ कर भाग लिया। सिकंदर पुर माजरा में उनका जन्म हुआ था। उनके पैतृक घर में आज जनसेवा के दृष्टिगत पुस्तकालय है।

दैनिक अर्थ समाचार पत्र आज हरियाणा, पंजाब हिमाचल दिल्ली सहित कई राज्यों में अपनी उपस्थिति का अहसास करा रहा है। समाचार पत्रों की श्रेणी में यह समाचार आए दिन सेवा की सोपानो को बुलंदियों की ओर ले जाने को अग्रसर है

अगस्त 1915 में जन्मे बाबू मूल चंद जैन, जिन्हें समाज में , प्रदेश के गांधी के रूप में जाना जाता है। उनके छोटे भाई अमीचंद जैन हमेशा आगे बढ़ाने में उनका सहयोग देते रहे। अर्थ प्रकाश समाचार पत्र के सर्वे सर्वा महाबीर जैन बताते है कि हमारे ताऊ मूल चंद और मेरे पिता अमी चंद जैन का सामाजिक राजनीतिक अच्छा दायरा था, जिसे आज के वक्त में हम और हम सब का परिवार आज भी कायम रखे हुए है। ताऊ मूल चंद भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में एक स्वतंत्रता सेनानी, सांसद, वकील, सत्याग्रही सामाजिक कार्यकर्ता और भारतीय राजनेता थे, जिन्होंने संयुक्त पंजाब में आबकारी एवं कराधान और लोक निर्माण विभाग मंत्री के साथ-साथ वित्त मंत्री के रूप में भी कार्य किया। वर्तमान की बात करें तो अर्थ प्रकाश समाचार पत्र आम और खास तक अपनी पहुंच निश्चित करते सामाजिक राजनीतिक सहित अन्य संबंधित क्षेत्रों में प्रेरक पकड़ बनते हुए निरन्तरता में आगे बढ़ रहा है। बदलते परिवेश में देखा जाए तो समाचार पत्र संचालन और पत्रकारिता में बड़ा बदलाव आया है। एक समय था जब तीन दिन बाद खबर पढ़ने को मिलती थी लेकिन आज तुरंत लोगों की दहलीज और दरवाजे तक पहुंच जाती है। प्रतिस्पर्धा के जमाने में दैनिक अर्थ प्रकाश समाचार पत्र भी वक्त की जरूरत के हिसाब से तीव्रता और सेवा का नया आधार बनता जा रहा है।

---

सम्पादकीय

## अर्थ प्रकाश के 39 वर्षः निर्भीक पत्रकारिता का हो रहा जयघोष

पत्रकारिता का महत्व क्या है, यह आज के समय में प्रत्येक व्यक्ति भली भांति जानता है। समाज, देश और विश्व को अपने अंदर समाहित किए पत्रकारिता समय की नब्ज को भांपती है और सही एवं गलत का ज्ञान करवाती है। देश में जब आजादी की लड़ाई लड़ी जा रही थी, तब पत्रकारिता संघर्ष की एक मशाल के रूप में जल रही थी और जब देश आजाद हो गया, तब देशवासियों को सजग बनाने की जिम्मेदारी इसने संभाली। पत्रकारिता जनसेवा और सरोकार का बहुत बड़ा माध्यम है। 16 अप्रैल 1986 की बात है, जब एक परिवार के मन में जनसेवा और सरोकार का ऐसा अंकुर फूटा कि उन्होंने इसे पेड़ बनाने की ठान ली और आज वही पेड़ वट वृक्ष की भांति अपनी भुजाओं को चहुं ओर प्रसारित कर चुका है। यहां बात हो रही है दैनिक अर्थ प्रकाश की। अपनी स्थापना और प्रकाशन काल के 39 वर्ष पूरे कर रहा दैनिक अर्थप्रकाश आज पत्रकारिता की दुनिया में एक सुशोभित नाम है।

> **दैनिक अर्थ प्रकाश की यह यात्रा सभी के लिए प्रेरणास्पद है। स्वतंत्र, निर्भीक और निष्पक्ष पत्रकारिता के पर्याय बने अर्थप्रकाश ने बीते वर्षों के दौरान सांध्य से होते हुए मॉर्निंग डेली तक का अपना सफर जारी रखा है। इस दौरान परंपरागत छपाई मशीन से लेकर आज मॉर्डन प्रिंटिंग मशीनों पर छपाई तक का दौर अखबार ने देखा है। समय के साथ आगे बढ़ते हुए अखबार ने डिजिटल और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में भी खुद को साबित किया है। इस दौरान चंडीगढ़, हरियाणा, पंजाब व हिमाचल के साथ-साथ उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश एवं देश के दूसरे राज्यों में भी बड़ी संख्या में पाठकों का सहयोग अर्थ प्रकाश को हासिल हुआ।**

अमर स्वतंत्रता सेनानी, हरियाणा के गांधी कहे जाने वाले पूर्व मंत्री दिवंगत बाबू मूलचंद जैन के छोटे भाई स्व. अमीचंद जैन के परिवार के मन में था कि कुछ ऐसा किया जाए जोकि नजीर बने। इसके बाद परिवार एवं अन्य प्रबुद्ध लोगों ने उन विचारों और सोच को समाचार पत्र के रूप में पेश किया। चंडीगढ़ में बतौर साप्ताहिक व सांध्यकालीन समाचार पत्र साप्ताहिक व दैनिक अर्थ प्रकाश समाचार पत्र की शुरुआत हुई। इन बीते वर्षों में समाचार पत्र ने अनेक उतार-चढ़ाव देखे और तमाम संघर्षों को झेला। अनेक बार परिस्थितियां विपरीत हुई, लेकिन संकटों की सुनामी उतर भी गई। लेकिन हम संस्थापक अपने इरादों पर डटे रहे और जी जान से समाचार पत्र को सफल बनाने के की कोशिश रही थी। और जैसा कि साप्ताहिक है, मेहनत ही सफलता की कुंजी है। उसी का फल है पुरजोर मेहनत और संघर्ष रंग लाया। आज जब अर्थ प्रकाश समाचार पत्र अपनी स्थापना के 39 साल पूरे कर रहा है, तब यह न केवल इसके संस्थापकों अपितु इसके पाठकों, कर्मचारियों और समाज के प्रत्येक वर्ग के लिए गौरवमयी क्षण हैं।

दैनिक अर्थ प्रकाश की यह यात्रा सभी के लिए प्रेरणास्पद है। स्वतंत्र, निर्भीक और निष्पक्ष पत्रकारिता के पर्याय बने अर्थप्रकाश ने बीते वर्षों के दौरान सांध्य से होते हुए मॉर्निंग डेली तक का अपना सफर जारी रखा है। इस दौरान परंपरागत छपाई मशीन से लेकर आज मॉर्डन प्रिंटिंग मशीनों पर छपाई तक का दौर अखबार ने देखा है। समय के साथ आगे बढ़ते हुए अखबार ने डिजिटल और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में भी खुद को साबित किया है। इस दौरान चंडीगढ़, हरियाणा, पंजाब व हिमाचल के साथ-साथ उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश एवं देश के दूसरे राज्यों में भी बड़ी संख्या में पाठकों का सहयोग अर्थ प्रकाश को हासिल हुआ। अपने प्रबुद्ध एवं जागरूक पाठकों की विशेष मांग पर संस्थान ने डिजिटल एडिशन भी शुरू किया जिसमें आसपास होने वाली घटनाओं के साथ-साथ देशभर की गतिविधियों को भी कवर किया जाता है और उन खबरों को पूरी सटीकता व विश्वसनीयता के साथ जल्द से जल्द पाठकों तक पहुंचाया जाता है। अर्थ प्रकाश समाचार पत्र ने समय के साथ चलते हुए अपने पाठकों की फीडबैक व वक्त की जरूरत के अनुसार बदलाव किए हैं। पाठकों की रुचि के अनुसार हर तरह के समाचारों के लिए अलग-अलग वर्ग बनाए गए हैं। अपने डिजिटल एडिशन के जरिये अर्थप्रकाश देश-दुनिया एवं पंजाब, हरियाणा, हिमाचल, चंडीगढ़, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश की छोटी से छोटी खबर भी तुरंत ब्रेकिंग न्यूज में चलाकर रीडर्स को पल-पल की जानकारी से अवगत कराने में सफल हो रहा है, इससे देश के ही नहीं, बाहरी देशों में रहने वाले इस क्षेत्र के रीडर्स भी अपने क्षेत्र में घटने वाली हर घटना से अपडेट रहते हैं।

अर्थ प्रकाश समाचार पत्र शुरू से ही ट्राईसिटी में पत्रकारिता के छात्रों और पत्रकारिता के पेशे में आने के इच्छुक युवाओं के लिए प्रशिक्षण स्थली भी रहा है। पत्रकारिता सीखने के लिए इस संस्थान में तमाम ऐसे युवा आते रहे हैं, जोकि बाद में देश के प्रमुख समाचार पत्रों में उच्च पदों तक पहुंचे हैं। संस्थान में पत्रकारिता सीखने आए युवाओं को यहां खबरों के लेखन, उनके संपादन के अलावा प्रकाशन के संबंध में जानकारी मिलती रही है। संस्थान में इन युवाओं ने निष्पक्ष पत्रकारिता और तथ्यों को उजागर करने वाली शिक्षा हासिल की, जोकि अखबार की पाठकों के प्रति एक विनम्र भेंट है। जाहिर है, अगर शिक्षार्थियों को इसकी सीख शुरुआत से मिलेगी कि पत्रकारिता के मूल्यों की रक्षा करना उनका परम धर्म है तो यह रवायत हमेशा उनके जेहन में रहेगी।

अर्थ प्रकाश समाचार पत्र समूह पत्रकारिता के प्रति अपने सिद्धांतों, मानवीय मूल्यों, समाज की बेहतरी के लिए कार्य करने और लोकतांत्रिक संस्थाओं को मजबूत करने के अपने धर्म का निर्वाह कर रहा है। समूह की अवधारणा इसे और आगे ले जाते हुए पाठकों की सही, तथ्यपरक और सार्थक सोच को विकसित करना है, जिससे वैचारिक स्वतंत्रता एवं अभिव्यक्ति की आजादी कायम हो। इस पावन अवसर पर अर्थप्रकाश अपने सभी पाठकों को सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए इस सफर में साथ बनाए रखने की अपील करता है। वहीं यह विश्वास भी दिलाता है कि बीते वर्षों की भांति अर्थ प्रकाश परिवार अपनी निष्पक्षता एवं निर्भिकता को बनाए रखते हुए हमेशा लोकतंत्र एवं वैचारिक आजादी के लिए आवाज बुलंद करता रहेगा।

---

अर्थ प्रकाश में **34 साल पहले** आज का दिन

## महा पंजाब की मांग करने वाले अपने राज्यों को तो संभालें : शांता कुमार

चंडीगढ़। आज यहां हिमाचल के भूतपूर्व मुख्यमंत्री श्री शांता कुमार ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए चार उतरी राज्यों को मिलाकर महा राज्य की मांग का विरोध किया। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे राज्यों का शासन चालाना तथा विकास करना अधिक आसान होता है। श्री शांता कुमार ने इस तरह की बयानबाजी करने वालों की सलाह दी कि वे अपने अपने राज्य को तो सही ढंग से संभालें। उन्होंने आगे कहा कि हिमाचल को रायल्टी न देना हिमाचल के साथ किए गए वायदों से मुकरना है। राज्य के अंदर आर्थिक स्थिति शर्मनाक है। आए दिन ओवर ड्राफ्ट हो रहा है चैकों का भुगतान बंद है यह लज्जाजनक स्थिति है ऐसी स्थिति में हम केंद्र सरकार से अनुदान नहीं मांग रहे केवल अपना हक मांग रहे है। सितंबर माह से जो पहले रायल्टी दी जाती है तो हिमाचल की यह रायल्टी क्यों नहीं दी जा रही जबकि हिमाचल में शहीद होने वालों की संख्या सबसे अधिक है गुजरात को 407 करोड़ की रायल्टी मिली है जबकि और 300 करोड़ की मिल रही है हिमाचल को उसका200 करोड़ रुपए का हक क्यों नहीं मिल रहा इसलिए वह इस संदर्भ से 10 मई को दिल्ली में जाकर राष्ट्रपति को एक ज्ञापन देंगे।

### उच्च न्यायालय के फैसले पर रोक

नई दिल्ली। उच्च न्यायालय ने आज मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय द्वारा भाजपा की पटवा सरकार बारे दिये फैसले पर अंतरिम रोक लगा दी है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक की वह याचिका भी स्वीकार कर ली है जिसमें हिमाचल व राजस्थान में भाजपा की भूतपूर्व सरकारों को हटाने बारे मामले को उच्च न्यायालयों से सुप्रीम कोर्ट में लाने की बात कही गई है। राष्ट्रपति शासन के खिलाफ हिमाचल के भूतपूर्व मुख्यमंत्री शांताकुमार तथा राजस्थान के मुख्यमंत्री श्री भैरों सिंह शेखावत ने अपने राज्यों के उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी। आज के अपने आदेशों में उच्चतम न्यायालय ने इससे मिलने जुलते विभिनन न्यायालयों में बकाया मामलों पर की जाने वाली कार्यवाही पर भी रोक लगा दी।

---

## ज्ञान सागर : देखें आज के दिन क्या घटा

1746: जैकोबेट राइजिंग 1745- कल्लोडेन की लड़ाई, ब्रिटिश मिट्टी पर आखिरी लड़ाई- क्यूम्बरलैंड के राजा के तहत रॉयलस्ट सैनिकों ने याकूब की सेना को हराया।

1780: म्यूनस्टर विश्वविद्यालय की, नॉर्थ राइन-वेस्टफेलिया, जर्मनी में स्थापना की गई।

1853: भारत में पहली रेल बम्बई (अब मुंबई) से ठाणे के बीच चली।

1889: अपने बेहतरीन अभिनय से दुनिया को हंसाने वाले चार्ली चैपलिन का जन्म।

1919: अमृतसर में हुए जलियांवाला बाग हत्याकांड में मरने वालों को श्रद्धांजलि देने के लिए महात्मा गांधी ने प्रार्थना सभा और उपवास की घोषणा की।

1945: एक सोवियत पनडुब्बी के कारण जर्मन शरणार्थी पोत डूब गया, जिससे 7000 लोग मारे गए।

1976: आठ वर्ष तक ब्रिटेन के प्रधानमंत्री और 13 वर्षों तक लेबर पार्टी के नेता रहे, हैरल्ड विल्सन ने त्यागपत्र दिया। उनके इस फैसले ने राजनीतिक हल्कों में तूफान ला दिया।

1988: उत्तरी इराक के कुर्द आबादी वाले शहर हलबजा पर हुए गैस हमले में हजारों लोगों की मौत हो गई थी जबकि बहुत से लोग इसके प्रभाव से बीमार हो गए।

1988: फिलिस्तीनी मुक्ति संगठन के शक्तिशाली नेता खलील अल वजीर उर्फ अबु जिहाद की ट्यूनीशिया के ट्यूनिस में स्थित उनके घर में हत्या कर दी गई।

1990: बिहार के राजधानी शहर पटना के निकट एक खचाखच भरी यात्री गाड़ी के दो डिब्बों में विस्फोट के बाद कम से कम 80 लोगों की जान गई और 65 अन्य घायल हुए।

1999: न्यू माइक्रोव नामक सबसे बड़े आकार के जीवाणु का अमेरिका में पता चला।

2002: दक्षिण कोरिया में एक विमान दुर्घटना में 120 लोग मारे गए।

2004: भारत ने रावलपिंडी टेस्ट जीतकर पाकिस्तान को श्रृंखला में 2-1 से मात दी।

2010: ब्रिक्स सम्मेलन के बाद जारी साझा बयान में ब्रिक्स के सदस्य राष्ट्रों ब्राजील, रूस, भारत एवं चीन के नेताओं ने संयुक्त राष्ट्र (यूएन) में भारत-ब्राजील की महत्वपूर्ण भूमिका और प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने वाले सुधार पर बल दिया।

---

## बोल ब्यूटीफुल

**हर्ष गोयनका:** केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल भारतीय स्टार्टअप समुदाय को आईना दिखा रहे है कि हम वास्तव में बना क्या रहे है? भारत अगर अमेरिका या चीन जैसे देशों के साथ प्रतिस्पर्धा करना चाहता है तो हमें सिर्फ आराम, सुविधा और ब्रांड के पीछे भागना बंद करना होगा।



**दिलीप मंडल:** आदिवासी क्षेत्रों की जमीन को वक्फ घोषित करना अब मुश्किल ही नहीं, बल्कि लगभग नामुमकिन हो जाएगा। संविधान की पांचवीं और छठी अनुसूची के क्षेत्रों में किसी भी आदिवासी की जमीन को वक्फ घोषित नहीं किया जा सकेगा।

**ऋषि बागड़ी:** राम मंदिर की जमीन पर सबको हास्पिटल और कालेज चाहिए था, वक्फ बोर्ड की लाखों एकड़ जमीन पर किसी को कुछ नहीं चाहिए? यही है विपक्ष का दोहरा रवैया।

---

# वेव्स बाज़ार : मीडिया और मनोरंजन के वैश्विक मंच पर भारत का निर्णायक लगान क्षण

दैनिक अर्थ प्रकाश

भारत मनोरंजन और मीडिया उद्योग में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है, यह तेजी से बढ़ रहा है और लगातार विकसित हो रहे परिदृश्य में फल-फूल रहा है। हम इंटरनेट कनेक्शन पर ऑडियो और वीडियो फ़ाइलों को निरंतर प्रसारित करने की सेवाओं, क्षेत्रीय भाषा निर्माणों और तकनीक-प्रेमी दर्शकों के उदय से प्रेरित विविध प्लेटफार्मों पर सामग्री निर्माण में उछाल देख रहे हैं, जो ताजा, आकर्षक और समावेशी कथाओं की मांग करते हैं। यह समझना महत्वपूर्ण है कि इस क्षेत्र में भारत के लिए अपार संभावनाएं हैं, न केवल मनोरंजन के स्रोत के रूप में बल्कि सांस्कृतिक अभिव्यक्ति, आर्थिक विकास और वैश्विक प्रभाव के लिए एक शक्तिशाली माध्यम के रूप में। विश्व ऑडियो विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन, जिसे संक्षिप्त शब्द वेव्स के नाम से जाना जाता है, 1 से 4 मई, 2025 तक मुंबई, महाराष्ट्र में भारत सरकार द्वारा आयोजित किया जा रहा है, जो भारत के बढ़ते सम्मान और उसकी बढ़ती पहचान का गवाह होगा और वेव्स बाज़ार इस आयोजन का एक प्रमुख भाग है। उद्योग में दशकों बिताने वाले व्यक्ति के रूप में, मेरा मानना है कि कहानी सुनाने में एकजुट होने, प्रेरित करने और बदलने की ताकत है। वेव्स और वेव्स बाज़ार के साथ, हम वैश्विक मनोरंजन समुदाय के लिए अधिक सहयोगी और समावेशी भविष्य बनाने की दिशा में एक साहसिक कदम उठा रहे हैं।

वेव्स बाज़ार वैश्विक मनोरंजन इकोसिस्टम में पेशेवरों, व्यवसायों और रचनाकारों को जोड़ने के लिए तैयार किया गया एक क्रांतिकारी ऑनलाइन बाज़ार बनने का प्रयास है। सहजता से और मिलजुलकर काम करने को बढ़ावा देने के अपने मिशन के साथ, वेव्स बाज़ार मीडिया और मनोरंजन उद्योग के लिए अंतिम व्यावसायिक केन्द्र के रूप में काम करने का प्रयास करता है, जिससे पेशेवरों को अपनी पहुँच का विस्तार करने, नए अवसरों की खोज करने और उच्च-मूल्य वाली साझेदारियों में शामिल होने में मदद मिलती है। 27 जनवरी, 2025 को केन्द्रीय सूचना और प्रसारण, रेलवे और इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव द्वारा आधिकारिक रूप से शुरू किया गया, वेव्स बाज़ार मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र में वेव्स शिखर सम्मेलन को एक प्रमुख कार्यक्रम में बदलने के माननीय प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण को साकार करने में एक महत्वपूर्ण साधन है, जो वित्त और अर्थव्यवस्था क्षेत्रों के लिए दावोस शिखर सम्मेलन जैसा है।

मेरा मानना है कि शुरूआत के बाद से, एमऔरई सेक्टर के विभिन्न क्षेत्रों से 5500 खरीदार, 2000 से ज़्यादा विक्रेता और लगभग 1000 प्रोजेक्ट पोर्टल पर पंजीकृत हो चुके हैं। लंबे समय में, पोर्टल को एमऔरई उद्योग के लिए एक व्यापक कंटेंट मार्केटप्लेस और नेटवर्किंग हब के रूप में विकसित होने की उम्मीद है, जिसमें एआई-संचालित प्रोफाइलिंग और मैचमेकिंग टूल शामिल हैं। यह प्लेटफ़ॉर्म के भीतर ऑनलाइन पिचिंग सेशन, वर्चुअल बी2बी मीटिंग, वेबिनार और बहुत कुछ की मेजबानी करेगा।

वेव्स बाज़ार एक अनूठा ई-मार्केटप्लेस है जो मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र के हितधारकों को एक साथ लाता है - जिसमें फ़िल्म, टेलीविज़न, एनीमेशन, गेमिंग, विज्ञापन, एक्सआर, संगीत, साउंड डिज़ाइन, रेडियो और बहुत कुछ शामिल है। यह प्लेटफ़ॉर्म खरीदारों और विक्रेताओं के बीच एक पुल के रूप में कार्य करेगा, यह सुनिश्चित करते हुए कि उद्योग के पेशेवर आसानी से अपनी विशेषज्ञता का प्रदर्शन कर सकें, संभावित ग्राहकों से जुड़ सकें और सार्थक सहयोग प्राप्त कर सकें।




चाहे आप एक फिल्म निर्माता हों जो एक प्रोडक्शन पार्टनर की तलाश कर रहे हों, एक विज्ञापनदाता जो सही मंच की तलाश कर रहे हों, एक गेम डेवलपर जो निवेशकों की तलाश कर रहे हों, या एक कलाकार जो अपने काम को वैश्विक दर्शकों के सामने प्रदर्शित करना चाहते हों, वेव्स बाज़ार उद्योग के पेशेवरों को नेटवर्क, सहयोग और अपने व्यवसाय को बढ़ाने के लिए एक गतिशील स्थान प्रदान करने की आशा करता है।

वेव्स बाज़ार एक एकीकृत बी2बी बाज़ार है जो वैश्विक मनोरंजन उद्योग के जुड़ने, सहयोग करने और बढ़ने के तरीके में क्रांतिकारी बदलाव ला रहा है। फिल्म, टेलीविजन, संगीत, गेमिंग, एनीमेशन, विज्ञापन और एक्सआर, एआर और वीआर जैसी इमर्सिव तकनीक के पेशेवरों को एक साथ लाकर, यह प्लेटफ़ॉर्म विविध रचनात्मक क्षेत्रों में लिस्टिंग, खोज और लेन-देन के लिए एक व्यापक स्थान प्रदान करता है। चाहे आप वितरण चाहने वाले निर्माता हों, नए आईपी की तलाश करने वाले गेम डेवलपर हों या लाइसेंसिंग अवसरों की तलाश करने वाले साउंड डिज़ाइनर हों, वेव्स बाज़ार श्रेणी-विशिष्ट लिस्टिंग, सुरक्षित व्यूइंग रूम और क्यूरेटेड नेटवर्किंग सुविधाओं के साथ पूरी प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करता है।

निर्बाध व्यावसायिक संपर्कों के लिए डिज़ाइन किया गया, वेव्स बाज़ार विक्रेताओं और खरीदारों दोनों को भौगोलिक सीमाओं के बिना सही साझेदार और अवसर खोजने में सक्षम बनाता है। विक्रेता - फिल्म स्टूडियो और एनीमेशन हाउस से लेकर पॉडकास्ट क्रिएटर और मार्केटिंग एजेंसियों तक - निवेशकों, वितरकों और सहयोगियों के वैश्विक दर्शकों के सामने अपनी सेवाएँ और सामग्री प्रदर्शित कर सकते हैं। साथ ही, खरीदारों को उच्च-गुणवत्ता वाली, अत्याधुनिक परियोजनाओं तक पहुँच प्राप्त होती है, जबकि निवेशक सह-निर्माण सौदों और स्केलेबल उपक्रमों की खोज करते हैं। यह प्लेटफ़ॉर्म उद्योग की घटनाओं, देखने के कमरों, निवेशक मीट-अप और लाइव स्क्रीनिंग तक विशेष पहुँच को भी एकीकृत करता है, यह सुनिश्चित करता है कि सार्थक सौदे वर्चुअल बातचीत से परे हों।

वेव्स बाज़ार का मुख्य आकर्षण 1 से 4 मई 2025 तक मुंबई के बीकेसी स्थित जियो कन्वेंशन सेंटर में होने वाले वेव्स शिखर सम्मेलन में इसकी वास्तविक उपस्थिति होगी। डिजिटल मार्केटप्लेस से चुने गए प्रतिभागियों को शीर्ष-स्तरीय हितधारकों के साथ व्यक्तिगत रूप से पिच, नेटवर्क और सौदे करने का अवसर मिलेगा। क्यूरेटेड स्क्रीनिंग से लेकर लाइव चर्चा और सहयोग मंचों तक, यह शिखर सम्मेलन मनोरंजन नेटवर्किंग के भविष्य को आकार देने के लिए डिजिटल और गैर-डिजिटल को मिलाता है। अपने अभिनव दृष्टिकोण के साथ, वेव्स बाज़ार सिर्फ़ एक मंच नहीं है - यह एक स्मार्ट, अधिक कनेक्टेड और वैश्विक रूप से समावेशी मनोरंजन उद्योग की दिशा में एक आंदोलन है।

कलाकार के तौर पर हम लगातार ऐसे स्थानों की तलाश करते हैं जो हमें चुनौती दें, हमें प्रेरित करें और हमें पारंपरिक से परे सोचने के लिए प्रेरित करें। वेव्स एक ऐसा स्थान बनने का प्रयास करता है - एक ऐसा आंदोलन जो भाषाओं, संस्कृतियों और माध्यमों में सहयोग को प्रोत्साहित करता है। मुझे इस दूरदर्शी यात्रा का हिस्सा होने पर गर्व है, और मैं यह देखने के लिए उत्सुक हूं कि कैसे वेव्स हमारे जुड़ने, बनाने और कहानियों का जश्न मनाने के तरीके को फिर से परिभाषित करेगा - न केवल भारत में, बल्कि दुनिया भर में। मेरा मानना है कि हम मीडिया और मनोरंजन की दुनिया में भारत के लगान क्षण को देख रहे हैं - एकता, साहस और दूरदर्शिता का एक क्षण जो हमारी सीमाओं से बहुत दूर तक गूंजेगा। आइए हम एक साथ मिलकर कल्पना करें, साझा करें और एक ऐसा भविष्य बनाएं जहां हर आवाज़ को सुनने का मौका मिले।



चंडीगढ़ सुखना झील पर सूर्योदय के दौरान ज़ब उगते सूरज की किरणे पानी पर पड़ी तो वहां कुछ इस तरह का नजारा देखने को मिला, जो बेहद ही मनमोहक था। फोटो : अजीत कौशल

# पीरमुछल्ला में सड़क के किनारे बनी अस्थाई दुकानों में लगी भीषण आग, तीन दुकानें जलकर हुई राख, लाखों का नुकसान

क्या नगर कौंसिल अधिकारी इस घटना के बाद अवैध रूप से बनी हुई दुकानों तथा झुग्गियों को हटाने की कार्रवाई करेंगे ?







अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर, 15 अप्रैल।** पीरमुछल्ला क्षेत्र में बीती रात करीब 12-15 बजे एक आग लगने की घटना हुई है, जिसमें सड़क के किनारे अवैध रूप से कब्जा करके बनाई हुई दुकानों में से तीन दुकान जलकर राख हो गई है जिससे दुकानदारों का लाखों रुपए का सामान जल गया है। यह दुकान रॉयल एम्पायर सोसाइटी के सामने बनी हुई थी जिनमें अवैध रूप से सब मीटर लगाकर बिजली के कनेक्शन भी दिए हुए थे। मौके पर मौजूद लोगों से मिली जानकारी के अनुसार यहां सबसे पहले सब्जी की दुकान में लगी थी जिसके बाद साथ में सटी टेलर की दुकान में पहुंच गई और उसके बाद उसके साथ स्थित एक ढाबे में भी आग लग गई। आग लगने के बाद ढाबे में पड़ा हुआ गैस का सिलेंडर भी फट गया जिससे आग और भड़क गई। गनीमत यह रही के जिस समय यहां पर आग लगी थी उसे समय उन दुकानों के अंदर कोई भी व्यक्ति मौजूद नहीं था वरना कोई जानी नुकसान भी हो सकता था। इस घटना से ढाबा संचालक का करीब डेढ़ लाख रुपए का नुकसान हो गया जबकि दर्जी की मशीनों सहित सारा सामान जलकर राख हो गया जिसकी अंदाज में कीमत ?100000 बनती है। इसी तरह सब्जी की दुकान में भी पड़ा बहुत सा सामान जैसे की कूलर, पंखा तथा अन्य सामान जल गया। इस सड़क पर लोगों द्वारा और भी बहुत सी ऐसी अवैध दुकान चलाई जा रही है और अवैध रूप से झुग्गियां भी बनी हुई है जिनकी और नगर कौंसिल अधिकारियों का कोई ध्यान नहीं जा रहा। अगर ऐसा कोई हादसा इस रोड पर बनी सेकेंडों झुग्गियों में हो जाता तो एक बड़ा जानी नुकसान होने से इनकार नहीं किया जा सकता क्योंकि झुग्गियों में छोटे-छोटे बच्चे बुजुर्ग तथा महिलाएं भी रहती हैं जो के ऐसी घटना होने से एकदम दौड़कर बाहर नहीं आ सकती। अब देखना यह है कि क्या नगर कौंसिल इस घटना से संज्ञान लेते हुए इस सड़क पर अवैध रूप से बनी हुई दुकानों तथा झुग्गियों को हटाने की कार्रवाई करेगी ?

मुझे पीरमुछल्ला क्षेत्र में बनी अस्थाई दुकानों तथा योगियों में किसी भी अवैध रूप से लगे सब मीटर की जानकारी नहीं है जल्द ही इसे चेक करवा कर कार्रवाई की जाएगी।
**प्रवीण सिंगल, एसडीओ, बिजली विभाग।**

इस संबंधी जानकारी लेने के लिए जब नगर कौंसिल के कार्यकारी अधिकारी अशोक पथरिया तथा एंक्रोचमेंट विंग के इंस्पेक्टर अशोक कुमार को फोन किया तो उन्होंने फोन नहीं उठाया।

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | 37 | डिग्री से. |
| न्यूनतम | 22 | डिग्री से. |
| सूर्योदय | 5.54 | बजे |
| सूर्यास्त | 6.51 | बजे |
| सोना 24 कैरेट | : | 95,330.00 |
| सेंसेक्स | : | 76,334.89 |
| अमेरिका | : | 85.77 |
| कैनेडियन | : | 61.70 |
| आस्ट्रेलिया | : | 54.61 |

## एमसी की टीम ने सेक्टर 34-35 मार्केट में चलाया अतिक्रमण अभियान

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह



**चंडीगढ़, 15 अप्रैल।** चंडीगढ़ नगर निगम की प्रवर्तन टीम ने आज सेक्टर 34 सेक्टर 35 के आंतरिक बाजारों में संयुक्त आयुक्त सुमित सिहाग की देखरेख में प्रवर्तन विरोधी अभियान चलाया। विशेष अभियान के दौरान अवैध विक्रेताओं के 42 चालान जारी किए गए और इन बाजारों के गलियारों को खाली कराया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### कांग्रेस संपत्ति कर में तीन गुना वृद्धि के खिलाफ शहर भर में विरोध प्रदर्शन करेगी



**चंडीगढ़ (अप्रस)।** चंडीगढ़ कांग्रेस ने भाजपा के नेतृत्व वाले नगर निगम द्वारा संपत्ति कर में अनुचित और भारी वृद्धि के खिलाफ व्यापक और आक्रामक अभियान चलाने की घोषणा की है। चंडीगढ़ के हर सेक्टर, कॉलोनी और गांव में किए जाने वाले इस विरोध प्रदर्शन का उद्देश्य भाजपा की जनविरोधी नीतियों को उजागर करना और इस कठोर निर्णय को वापस लेने के लिए मजबूर करना होगा। चंडीगढ़ कांग्रेस के अध्यक्ष हरमोहिंदर सिंह लक्की ने भाजपा सरकार की कड़ी आलोचना की और आरोप लगाया कि वह जानबूझकर चंडीगढ़ के निवासियों पर लगातार ऐसे निर्णय लेकर बोझ डाल रही है, जिससे आम नागरिकों की वित्तीय स्थिति सीधे तौर पर प्रभावित हुई है। लक्की ने कहा, 'भाजपा ने लोगों की जेबें निचोड़ने की आदत बना ली है। चाहे कलेक्टर रेट बढ़ाना हो, 5 प्रतिशत पानी पर सेस लगाना हो या अब संपत्ति कर को तीन गुना करना हो - वे आम परिवारों के संघर्षों के प्रति पूरी तरह से उपेक्षा दिखा रहे हैं।' उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि यह कोई अलग-थलग कार्रवाई नहीं है, बल्कि विफलताओं और उपेक्षा के पैटर्न का हिस्सा है। नगर निगम में वर्षों से सत्ता में होने और केंद्र में एक ही पार्टी की सरकार होने के बावजूद, भाजपा शहर के विकास के लिए प्रशासन से पर्याप्त वित्तीय सहायता या अनुदान प्राप्त करने में पूरी तरह से विफल रही है।

# बैंक से पेंशन निकलवाकर लौट रही महिला को वाहन ने कुचला

## रामगढ़ फ्लाईओवर के पास ऑटो रिक्शा का इंतजार करते समय तेज रफ्तार कार की चपेट में आ गई महिला

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**पंचकूला।** एक दुखद सड़क दुर्घटना में पंचकूला के कोट गांव निवासी 60 वर्षीय महिला की मौत हो गई, जब वह आज सुबह रामगढ़ फ्लाईओवर के पास ऑटो रिक्शा का इंतजार करते समय तेज रफ्तार कार की चपेट में आ गई।

परिवार की शिकायत के अनुसार, रेणु बाला अपनी पेंशन निकालने के लिए रामगढ़ स्थित एसबीआई बैंक गई थीं। पैसे निकालने के बाद, वह शॉपिंग के लिए मनीमाजरा जा रही थीं और ऑटो का इंतजार कर रही थीं, तभी यह हादसा हुआ। सिविल अस्पताल में मौजूद मृतका के बेटे साहिल ने बताया कि वह आइटी पार्क चंडीगढ़ में प्राइवेट जॉब करता है और नारायणगढ़ में पिता के साथ रहता है। परिवार के सदस्य लवकेश को सुबह करीब 10 से 10.30 बजे उमेश बंसल नाम के व्यक्ति ने फोन करके दुर्घटना की जानकारी दी। अपने पिता के साथ घटनास्थल पर पहुंचने पर उन्हें पता चला कि किसी अज्ञात वाहन चालक ने रेणु बाला को गंभीर हालत में पंचकूला के सेक्टर 6 स्थित सिविल अस्पताल पहुंचाया था, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

प्रत्यक्षदर्शियों और लवकेश के बयान से पता चला है कि एक सफ़ेद कार तेज रफ्तार से जा रही थी और उसने हॉर्न नहीं बजाया। इस बीच ड्राइवर ने नियंत्रण खो दिया और रेणु बाला को सीधी टक्कर मार दी, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट लग गई और उसकी मौत हो गई। जांच में यह बात भी सामने आई कि आरोपी चालक ने महिला को टक्कर मारने के बाद एक अन्य वाहन को भी टक्कर मारी और फरार हो गया। वाहन का चालक बाल बाल बच गया और वह महिला को अस्पताल केलर आया था। फिलहाल पुलिस इस पहलू पर जांच कर रही है।

एएसआई गुरमीत सिंह के नेतृत्व में पुलिस जांच में घटना की पुष्टि हुई। परिवार के सदस्यों की मौजूदगी में दिए गए बयान के आधार पर चंडीमंदिर पुलिस स्टेशन में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) 2023 की धारा 106 (1) और 281 के तहत एफआईआर दर्ज की गई।

आरोपी ड्राइवर की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है और आगे की जांच जारी है। अधिकारियों ने वरिष्ठ अधिकारियों को भी सतर्क कर दिया है और प्रक्रिया के अनुसार सभी रिकॉर्ड सुरक्षित रख लिए हैं।

## चंडीगढ़ जिला अदालत में भारत रत्न बाबा साहेब डॉक्टर भीम राव अम्बेडकर जी का 134 वा जन्मदिवस मनाया

डॉक्टर बी.आर.अंबेडकर लीगल फर्टिनिटी के सदस्यों ने जिला बार डीबीए चंडीगढ़ का लिया सहयोग

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी



**चंडीगढ़, 15 अप्रैल।** मंगलवार को सैक्टर 43 स्थित जिला अदालत में भारत रत्न बाबा साहेब डॉक्टर भीम राव अम्बेडकर जी का 134 वा जन्मदिवस डॉक्टर बी आर अंबेडकर लीगल फर्टिनिटी के सदस्य द्वारा जिला बार डीबीए चंडीगढ़ के सहयोग से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चंडीगढ़ के कार्यवाहक जिला एवं सत्र न्यायाधीश रजनीश गर्ग थे। तथा डीबीए चंडीगढ़ के अध्यक्ष अशोक चौहान विशिष्ट अतिथि थे। एडवोकेट संदीप गुज्जर विशेष आमंत्रित थे। इस अवसर पर कार्यवाहक जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा डीबीए चंडीगढ़ की लाइब्रेरी में डॉ. बी.आर. अंबेडकर के चित्र का अनावरण भी किया गया। जन्मदिवस समारोह जेंट्स डिस्ट्रिक्ट बार रूम में मनाया गया तथा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि डॉ. बी.आर. अंबेडकर का योगदान सराहनीय है। अम्बेडकर जी के विचार समाज के प्रति बहुमूल्य और अनगिनत हैं।उन्होंने कहा कि वह कार्यक्रम की सराहना करते है।और यह कार्यक्रम बहुत अच्छे तरीके से आयोजित किया गया था। यह कार्यक्रम डीबीए चंडीगढ़ के इतिहास में पहला और ऐतिहासिक कार्यक्रम है। इस मौके पर सुदेश खुर्चा एडवोकेट, हरदीप हंस एडवोकेट, राजिंदर मैकवाना एडवोकेट, धर्मवीर अनारिया एडवोकेट, श्रीमती शालिनी बागड़ी एडवोकेट तथा जगतार कुरील एडवोकेट,एडवोकेट बलजीत सिंह सैनी के आलावा अन्य कोर्ट के एडवोकेट विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# डेराबस्सी के बाद ढकोली के सरकारी अस्पताल में भी हुआ विवाद, डॉक्टरों को अपनी सुरक्षा के लिए बुलानी पड़ी पुलिस

डॉक्टर अपनी सुरक्षा को लेकर पहले भी कई बार कर चुके हैं पुलिस प्रोटेक्शन की मांग

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा



**जीरकपुर, 15 अप्रैल।** जीरकपुर के ढकोली क्षेत्र में स्थित शहर के एकमात्र कम्युनिटी स्वास्थ्य केंद्र की सुरक्षा अब राम भरोसे है। बीते दिनों ढकोली अस्पताल में डाक्टरों से के साथ हाथों पाई व बदतमीजी जैसी कई घटनाएं हो चुकी है जिसे लेकर अस्पताल के डाक्टर पुलिस प्रोटेक्शन की मांग कर चुके हैं। लेकिन पुलिस द्वारा डाक्टरों की सुरक्षा के लिए कोई ठोस कदम नही उठाया गया बलिक खाना पूर्ति के लिए एक पुलिस की गाड़ी खड़ी कर दी जाती है। मंगलवार को सुबह करीब दस बजकर 7 मिनट पर कुछ मरीजों व जांच करवाने आए लोगों ने हंगामा कर दिया। जिसके चलते डाक्टरों को पुलिस बुलानी पड़ी और दो घंटे पुलिस ने वहां रुक कर माहौल को शांत किया। इस सबंध में जानकारी देते हुए ढाकोली अस्पताल की सीनियर मेडिकल अफसर डॉक्टर पम्मी चतरथ ने बताया कि यहां पर अमरनाथ यात्रा पर जाने वाले यात्रियों का मेडिकल चेकअप चल रहा है इस दौरान करीब 10.30 बजे बहुत से लोग मेडिकल करवाने के लिए इकट्ठे हो गए जिनको हमने लाइन में खड़े होकर अपनी बारी आने पर अपना-अपना मेडिकल करवाने के लिए बोल रहे थे लेकिन वह ऐसा करने के लिए तैयार नहीं थे जिस दौरान लोगों ने डॉक्टरों के साथ बहस करनी शुरू कर दी और हंगामा बढ़ता देख डॉक्टरों ने ढकोली थाने में फोन करके पुलिस को बुलाना पड़ा, लेकिन दो पुलिस मुलाजिम खाली हाथ आ गए और इन लोगों का मेडिकल करने का काम अस्पताल की पहली मंजिल पर शिफ्ट कर दिया गया। लेकिन दोनों पुलिस मुलाजिम भी दोपहर करीब एक बजे वापिस लौट गए। जब के अमरनाथ यात्रियों का मेडिकल करने का काम 2 बजे तक चलता रहा। उन्होंने बताया की सहम के माहौल में उनके डाक्टर काम करते रहे। इस दौरान उन्होंने बताया की पहले भी हमारे डाक्टरों के साथ कई बार हाथों पाई व बदतमीजी हो चुकी है और उनके द्वारा पुलिस प्रोटेकशन की मांग की जा चुकी है लेकिन उनकी सुरक्षा राम भरोसे है।

### डेराबस्सी सरकारी अस्पताल में हुए झगड़े के बाद सहमे हुए हैं सभी डाक्टर

इस दौरान बात करते हुए एसएमओ पोम्मी चतरथ व अन्य डाक्ट रों ने बताया के बीते दिनों डेरा बस्सी अस्पताल में हुए हंगामें के बाद अस्पताल का पूरा स्टॉफ डरा हुआ है। महिला डाक्टर तो डियूटी पर आने से डर रही हैं। लेकिन डियूटी तो करनी है इसलिए आना भी जरूरी है। डेरा बस्सी अस्पताल में हुई तोड़फोड़ के दौरान हलांकि किसी डाक्टर को कोई चोट नहीं आई लेकिन हमला इतना खतरनाक था के कुछ भी हो सकता था। हमारे यहां भी डाक्टरों ने भूख हड़ताल पर बैठकर पुलिस प्रोटेक्शन की मांग की थी लेकिन एक दो मुलाजिम कुछ ही दिन बैठे थे। अब तो पिछले कई महीनों से डाक्टर डर के साए में काम कर रहे हैं।कोई भी बाहरी मरीज या व्यक्ति आकर उनके साथ हाथों या मारपीट व बद तमीजी करता है तो वह कैसे बर्दाश्त कर सकता है। इस लिए वह सरकार से स्थाई तौर पर पुलिस प्रोटेक्शन की मांग कर रहे हैं।

हमने ढकोली के अस्पताल में पीसीआर तैनात की हुई है। यह हो सकता है कि पीसीआर कुछ समय के लिए इधर-उधर कहीं भेजी गई हो। आने वाले समय में भी ढकोली के अस्पताल के बढ़िया सुरक्षा प्रबंध किए जाएंगे।
**जसपिंदर सिंह गिल, डीएसपी जीरकपुर।**

## एमसीसी ने पानी की बर्बादी के खिलाफ 180 नोटिस जारी किए और 8 उल्लंघनकर्ताओं का चालान किया

एमसी की टीमों ने सुबह 5.30 बजे से 8.30 बजे तक पेयजल के दुरुपयोग की जांच शुरू की

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह

**चंडीगढ़, 15 अप्रैल।** नगर निगम चंडीगढ़ ने मंगलवार को पेयजल की बर्बादी को रोकने के लिए अभियान शुरू किया और उल्लंघनकर्ताओं को 180 नोटिस जारी किए और उल्लंघनकर्ताओं के 8 चालान काटे गए।

नगर निगम चंडीगढ़ के आयुक्त अमित कुमार, आईएएस के आदेशों का पालन करते हुए सुबह 5.30 बजे से 8.30 बजे तक पेयजल के दुरुपयोग की जांच शुरू की। अभियान का यह पहला दिन था जब कई उल्लंघनकर्ता अपने घरों में पेयजल का दुरुपयोग करते पाए गए। चालान किए गए लोगों पर 5788/- रुपये का जुर्माना लगाया गया।

15 अप्रैल से 30 जून तक वार्षिक अभियान के तहत लॉन, आंगन में पानी डालने, होज़पाइप का उपयोग करके कार और अन्य वाहन धोने पर 500 रुपये का चालान किया जाता है। एमसीसी की टीमों द्वारा लीक टैंक, नल, पानी के मीटर और वाटर कूलर पाए जाने पर नोटिस जारी किए जाते हैं। नोटिस प्राप्त करने वालों को दो दिनों के भीतर लीकेज की मरम्मत करवाने को कहा गया है, बाद में चालान जारी किया जाएगा।

अधिकांश उल्लंघनकर्ता अपनी कार और आंगन धोते हुए पाए गए। टीमों ने दस्तावेजी सबूत के तौर पर उल्लंघन की तस्वीरें भी खींची और वीडियो भी बनाए।

कमिश्नर ने चंडीगढ़ के नागरिकों से पीने के पानी को बचाने और इसकी बर्बादी से बचने की अपील की। उन्होंने कहा कि लोग अपने लॉन में पानी देने के लिए टीटी पानी का विकल्प चुन सकते हैं।

## कांग्रेस ब्लॉक प्रेसिडेंट ने अपनी कार्यकारणी घोषित की, कविता शर्मा उप प्रधान बने



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 15 अप्रैल।** टेरिटोरियल कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एचएस लक्की के आदेश अनुसार और ब्लॉक नंबर 22 की ब्लॉक प्रेसिडेंट बलविंदर कौर ने अपनी नई कार्यकारणी घोषित की है।जिसमें ब्लॉक की उप प्रधान कविता शर्मा,उप प्रधान हरबंस सिंह, जनरल सेकेट्री बबलू, सेक्रेट्री सोनम, विमलेश, मुकेश, ज्वाइंट सेकेट्री ओमवीर, गणेश, सोनू, बिमला, जॉनसन संगर,राजू, इंद्रजीत, नीलम रानी, सुनीता, ममता, रामपाल, गुरमीत कौर और मेंबर शशि, निर्मल, साधना और परमजीत को बनाया गया है। नई कार्यकारणी के चलते ब्लॉक की संख्या बढ़ने से संगठन को मजबूती मिलेगी। काम करने वाले कार्यकर्ताओं को नेतृत्व का मौका मिलेगा। वहीं चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस के ज्वाइंट सेकेट्री विक्टर सिद्धू ने ब्लॉक 22 नंबर के सभी कांग्रेस ब्लॉक कार्यकारणी को शुभकामनाएं दी है।

# साइबर क्राइम पुलिस ने साइबर फ्रॉड गिरोह का किया भंडाफोड़, 6 आरोपी सदस्य काबू

आरोपियो के कब्जे से सिम कार्ड वाले 17 मोबाइल फोन, 01 लैपटॉप, 02 जाली दस्तावेज, 02 चेक बुक बरामद

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी






**चंडीगढ़, 15 अप्रैल।** यूटी पुलिस का थाना साइबर सैल लगातार हो रही ठगी,डिजिटल अरेस्ट और अन्य मामलो के आरोपियों की लगातार धरपकड़ कर रहा है। पुलिस ने एक बार फिर साइबर फ्रॉड मामले में 6 आरोपी सदस्य गिरोह का भंडाफोड़ कर उन्हें गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियो की पहचान यूपी के जिला बुलंदशहर के रहने वाले 22 वर्षीय कुणाल कुमार, यूपी के जिला गाजियाबाद के रहने वाले 46 वर्षीय जीत सिंह, क्वालीफिकेशन ग्रेजुएट, दिल्ली निवासी 33 वर्षीय शान-ए आजम,34 वर्षीय शाह फैजल अंसारी क्वालीफिकेशन ग्रेजुएट,दिल्ली निवासी 23 वर्षीय हिमांशु कुमार,और 22 वर्षीय राहुल कुमार के रूप में हुई है। पकड़े गए आरोपियो के खिलाफ थाना साइबर सैल में धारा 319(2), 318(4), 338, 336(3), 340(2), 61(2) के तहत 28। मार्च 2025 को मामला दर्ज है।

**जांच और गिरफ्तारियाँ:** जानकारी के मुताबिक चंडीगढ़ पुलिस के आला अधिकारियों के दिशा निर्देशों के चलते डीएसपी साइबर सैल ए वेंकटेश की सुपरविजन में एक टीम का गठन किया गया था। टीम ने तकनीकी सहायता की मदद से दिल्ली और गाजियाबाद (यू.पी.) में छापेमारी की गई। जिसके परिणामस्वरूप छह आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान पता चला कि आरोपी शान-ए-आजम के खिलाफ नोएडा में फर्जी कॉल सेंटर चलाने का एक आपराधिक मामला पहले भी दर्ज किया जा चुका है। इस संबंध में आगे की जांच जारी है।

**कार्यप्रणाली:** आरोपी ने फेसबुक और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एयरलाइंस,शॉपिंग मॉल,वाहन ऋण, स्वास्थ्य बीमा आदि में नौकरियों से संबंधित फर्जी विज्ञापन पोस्ट किए।पीड़ितों ने इन विज्ञापनों को देखा और बताए गए मोबाइल नंबरों पर संपर्क किया। आरोपियों ने पंजीकरण, सत्यापन, बीमा और नौकरी से संबंधित अन्य औपचारिकताओं के बहाने पीड़ितों को विभिन्न बैंक खातों में पैसे ट्रांसफर करने का लालच दिया। पुलिस के मुताबिक पकड़े गए आरोपियो के कब्जे से सक्रिय सिम कार्ड वाले 17 मोबाइल फोन, 01 लैपटॉप, 02 जाली दस्तावेज, 02 चेक बुक बरामद किए गए।

**जनता के लिए सलाह:** ऑनलाइन नौकरी या ऋण विज्ञापनों में इस्तेमाल किए गए फ़ोन नंबर, लिंक और खाता विवरण वेरिफाई करें।बड़े बैंक लेनदेन करने से पहले दोबारा जाँच करें। ऐसी जानकारी परिवार, दोस्तों और सहकर्मियों के साथ साझा करें। सीबीआई, ईडी, मुंबई पुलिस या किसी अन्य कानून प्रवर्तन एजेंसी से होने का दावा करने वाले लोगों से गुमनाम कॉल/संदेश न लें।अपने सिम कार्ड या बैंक खातों का इस्तेमाल दूसरों को धोखाधड़ी गतिविधियों के लिए न करने दें।

### क्या था मामला

चंडीगढ़ निवासी रायज कुमार ने पुलिस को बताया था कि 23 सितंबर 2024 को उन्हें एक एयरलाइंस में नौकरी के लिए कॉल आया।उसके बाद ऑनलाइन इंटरव्यू हुआ और ऑफर लेटर मिला। उनसे कई तरह के शुल्क देने को कहा गया- एक हजार 399 (पंजीकरण), 3,999 (सुरक्षा), 20,550 (बीमा), 10,000 (खाता खोलना), 9,269 (कर), और 95,500 (केबिन और फ्लैट का किराया) - ये सभी यूपीआई के ज़रिए भुगतान किए गए। साथ ही ज्वाइन करने के बाद पैसे वापस करने का वादा किया गया। जब कुछ दिन बाद संपर्क किया तो अज्ञात आरोपियों ने संपर्क करना बंद कर दिया।तो बाद में पीड़ित को पता चला एहसास हुआ कि उनके साथ ठगी हो गई है। मामले की शिकायत पुलिस को दी गई थी। पुलिस ने मामले में कारवाई करते हुए अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया था।

# सिविल अस्पताल की सुरक्षा में फिर चूक: अलमारी तोड़कर 2000 नींद की टेबलेट और बेहोशी के टीके चोरी

पीएमओ ने कहा पुलिस कर रही सीसीटीवी कैमरों की चेकिंग, अंदरूनी भी जांच जारी

अर्थ प्रकाश आदित्य शर्मा







**पंचकूला।** नागरिक अस्पताल सेक्टर 6 की सुरक्षा में चोर ने सेंध लगा कर रातोरात फार्मेसी काउंटर को खाली कर दिया। बीती रात को फर्स्ट फ्लोर पर बने जनरल फार्मेसी की अलमारी में पड़े अल्प्रेक्स, ट्रामाडोल और क्लोनजेपाम के करीब 2000 टेबलेट और टीके चोरी हो गए। चोरी की वारदात का सुबह फार्मेसी अटेंडेंट को पाता लगते ही पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने अस्पताल में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच शुरू कर दी। पुलिस को मौके से अलमारी को तोड़ने के लिए टूटी हुई कैंची के अलग अलग हिस्से भी मिले। जिसे पुलिस ने फिंगर प्रिंट्स के लिए कब्जे में ले लिया। जानकारी के मुताबिक, चोर फार्मेसी के शीशे का दरवाजा तोड़कर अंदर घुसे और अलमारी का ताला तोड़कर नशीली गोलियों के कई पैकेट लेकर फरार हो गए। इनमें अल्प्रेस 05 एमजी के 530, ट्रामाडोल के 1200 और क्लोनजेपाम 420 गोलियों और टीकों के पैकेट गायब थे। बता दें कि एलपरेक्स जैसी दवाएं मानसिक रोगों और नींद संबंधी समस्याओं में दी जाती हैं, लेकिन इनका दुरुपयोग नशे के रूप में होने के कारण इन्हें नियंत्रित दवाओं की श्रेणी में रखा गया है। चोरी की यह वारदात यह भी साबित कर रही रही है कि चोरों को शायद पहले से ही नशीली दवाइयों के बारे जानकारी थी या फिर अस्पताल के किसी कर्मचारी की मिलीभगत से ही इस वारदात को अंजाम दिया गया हो। पुलिस इन तमाम पहलुओं को ध्यान में रख कर जांच कर रही है।

### सन्नाटा पसरा सुरक्षा व्यवस्था ढीली

चोरी की वारदात बीती मध्यरात्रि के समय हुई जब अस्पताल परिसर में सन्नाटा पसरा हुआ था और सुरक्षा व्यवस्था ढीली थी। घटना की सूचना मिलते ही अस्पताल प्रशासन ने तुरंत पुलिस को सूचित किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किया और सीसीटीवी फुटेज खंगालने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। फिलहाल अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है।

### पीएमओ ने आंतरिक जांच के दिए आदेश

पीएमओ डॉक्टर आर एस चौहान ने बताया कि अस्पताल प्रशासन ने भी आंतरिक जांच के आदेश दिए हैं। घटना देर रात की है और इस वारदात की पुलिस को शिकायत दी गई है। उन्होंने कहा कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। भविष्य में इस तरह की वारदात को रोकने के लिए अस्पताल प्रशासन सुरक्षा को और भी कड़ी करेगा।

### सुरक्षा पर सवाल

इस घटना ने अस्पताल की निगरानी व्यवस्था और फार्मेसी की सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए हैं। डा. चौहान ने कहा कि अस्पताल में रात के समय ड्यूटी पर तैनात गार्डों को बुलाया गया है। संदेह यह भी जताया जा रहा है कि फार्मेसी में रखी नशे और नींद की टेबलेट के बारे किसी को पहले से जानकारी थी।

# नशा को खत्म करना हम सबकी नैतिक व सामाजिक जिम्मेदारी: ज्ञानचंद

सेक्टर 3 में तीजमल क्रिकेट टूर्नामेंट 2025 का शुभारंभ

फाइनल विजेता टीम को 2 लाख 21 हजार रुपये, दूसरे रनरअप को 1 लाख 21 हजार रुपये




अर्थ प्रकाश आदित्य शर्मा

**पंचकूला।** हरियाणा विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता ने कहा है कि युवाओं में खेलों के प्रति रुचि उन्हें नशे से दूर रखने में सहायक होती है। युवाओं को चाहिए कि वे अपने अंदर खेलों के प्रति लगाव पैदा करते हुए किसी भी खेल का हिस्सा बनें। नशा को खत्म करना हम सबकी नैतिक व सामाजिक जिम्मेवारी है। ज्ञानचंद गुप्ता ताऊ देवी लाल स्टेडियम सेक्टर 3 पंचकूला में तीजमल क्रिकेट टूर्नामेंट 2025 के शुभारंभ के अवसर पर खिलाड़ियों को संबोधित कर रहे थे। टूर्नामेंट के आयोजक लैंडमार्क के प्रबंधक निर्देशक पंकज लिद्दो, विपिन लिद्दो, अनीश अग्रवाल, निर्मल चंद ने ज्ञानचंद गुप्ता, पंचकूला के एसडीएम चंद्रकांत कटारिया, शिवालिक विकास बोर्ड के वाइस चेयरमैन ओम प्रकाश देवीनगर, पूर्व भाजपा जिला प्रधान दीपक शर्मा, पार्षद हरेंद्र मलिक, वरिष्ठ नेता वीरेंद्र राणा, मंडल राणा सिद्धार्थ राणा एवं अन्य मेहमानों का स्वागत किया और शाल एवं स्मृति चिन्ह भेंट किया। सभी गणमान्य अतिथियों को पगड़ी पहनाई। टूर्नामेंट के दौरान 15, 16, 18, 22, 23, 24 और 26 अप्रैल को मैच खेले जाएंगे। ज्ञानचंद गुप्ता ने टास करवाकर टूर्नामेंट का शुभारंभ करवाया और खिलाड़ियों से मुलाकात की।

पंकज लिद्दो एवं विपिन लिद्दो ने बताया कि कुल 16 टीमें भाग ले रही हैं। पहले दिन काजी 11 गांदरबल और कर्नाह टाइगर्स के बीच मुकाबला हुआ। काजी 11 गांदरबल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 19.5 ओवर में 10 विकेट खोकर 190 रन बनाए, जबकि कर्नाह टाइगर्स की टीम 13 ओवर 10 विकेट खोकर मात्र 64 रन ही बना पाई। दूसरा मैच ग्रीन शिवालिक क्रिकेट अकादमी और प्रूडेंशियल क्रिकेट क्लब के बीच हुआ। ग्रीन शिवालिक क्रिकेट अकादमी ने 20.0 ओवर में 7 विकेट खोकर 178 रन बनाए, जबकि प्रूडेंशियल क्रिकेट क्लब ने मात्र दो विकेट खोकर 17.4 ओवर में 179 रन बना लिए। सर्वाधिक प्रूडेंशियल क्रिकेट क्लब के अंकुश राठी ने 53 बाल में 102 रन बनाए। टूर्नामेंट पूरी तरह से नाक आउट है। टीमों से किसी भी तरह का प्रवेश शुल्क नहीं लिया गया है। राउंड 1 और 4 क्वार्टर फाइनल, 2 सेमीफाइनल, 1 थर्ड रनरअप या 1 मैच फाइनल कुल 8 मैच होंगे। सभी खिलाड़ियों को अलग-अलग टीशर्ट दी जाएंगी। पंकज और विपिन लिद्दो के अनुसार फाइनल विजेता टीम को 2 लाख 21 हजार रुपये, दूसरे रनरअप को 1 लाख 21 हजार रुपये और तीसरे रनरअप को 51000 रुपये का नकद पुरस्कार मिलेगा। इसके अलावा, हर मैच में मैन आफ द मैच, बैट्समैन आफ द मैच, बालर आफ द मैच और प्लेयर आफ द टूर्नामेंट को भी नकद पुरस्कार दिया जाएगा। फाइनल मैच 26 अप्रैल 2025 को होगा। अगर खेलते समय खिलाड़ी चोटिल हो जाते हैं, तो आयोजन स्थल पर प्राथमिक उपचार या फिजियोथेरेपिस्ट भी उपलब्ध है। इसमें पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन के 2 अंपायर हैं। 2 स्कोरर और 2 कमेंटेटर होंगे, जो मैच को आगे बढ़ाने में मदद करेंगे। इस अवसर पर राजेंद्र नूनीवाल, एसपी गुप्ता, सुभाष बंसल, बाल कृष्ण वर्मा, रजनीश कुमार, विनय अरोड़ा, नीतिन गर्ग, रंजीत, पुनीत रावल, अतुल गर्ग सहित अन्य उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### श्री राम कथा के समापन पर रंजीत उप्पल हुए शामिल



**कालका (जग्गी)।** श्री राधा कृष्ण मंदिर, टीपरा में आयोजित श्री राम कथा के समापन दिवस पर भारत विकास परिषद कालका शाखा के अध्यक्ष रंजीत उप्पल ने पावन उपस्थिति दर्ज कराई। इस अवसर पर उन्होंने कथा व्यास आचार्य मुरली जी महाराज के श्रीमुख से श्री राम कथा का श्रवण कर आत्मिक शांति व भक्ति की अनुभूति प्राप्त की। कार्यक्रम में उनके साथ हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्य एवं सलाहकार प्रधान गुरमीत सिंह रामसर जी और श्री ऋषि अरोड़ा जी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। राधा कृष्ण मंदिर कमेटी की ओर से सभी अतिथियों का पारंपरिक सिरोपा डालकर ससम्मान स्वागत किया गया। कथा उपरांत भंडारे की शुरुआत रंजीत उप्पल द्वारा की गई। रंजीत उप्पल ने मंदिर प्रधान श्री जगदीप सेठ, श्री तीर्थ शर्मा, श्री लकी शर्मा एवं समस्त मंदिर कमेटी का हृदय से आभार व्यक्त किया, जिन्होंने इस आध्यात्मिक आयोजन को सफल और भक्तिमय रूप प्रदान किया।

### बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती समारोह मनाया



**कालका (अप्रस)।** ऑल इंडिया एससी एसटी रेलवे एम्पलाइज एसोसिएशन उत्तर रेलवे कालका द्वारा जंजघर में भारत रत्न बोधिसत्व बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की 134वीं जयंती समारोह धूमधाम से मनाया गया। अम्बाला मंडल से आए श्री चन्द्र भान जी मंडल सचिव ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष श्री चन्द्र भान जी मंडल सचिव, श्री अरुण भट्टी जी मंडल एक्यूकेटिव सदस्य अध्यक्ष ,व श्री राजेश जी श्री पवन रंगा जी व श्री इन्द्र राज जी व अन्य साथी मौजूद रहे। सभी ने बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। तथा मंच का संचालन शाखा सचिव राजेश कुमार प्रेमी ने किया। कार्यक्रम का समापन शाखा अध्यक्ष श्री पूरन मल मीना जी ने किया। शाखा अध्यक्ष श्री पूरन सिंह मीना जी ने सभी का स्वागत किया । संविधान निर्माता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की 134 वीं जन्मोत्सव समारोह बड़े हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें मंडल सचिव श्री चन्द्र भान जी ने बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर जी के जीवनी पर प्रकाश डाला और उनके विचारों को मनाने व बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाने पर जोर दिया। तथा बच्चों और संगठन को मजबूत बनाने पर जोर दिया और सम्मानित साथिओं व बच्चों को डायरी,पैन व सम्मान प्रतीक देकर सम्मानित किया गया । जिसमें ,श्री राम स्वरूप जी, श्री सन्त लाल बौद्ध जी, श्री बाबू लाल जी ,श्री भूर सिंह मीना कोषाध्यक्ष, श्री श्याम सिंह जी सहा अध्यक्ष, श्री विजय कुमार मीना सहा अध्यक्ष श्री राहुल कार्यालय सचिव जी, श्री हरी राम मीना संगठन श्री मंजीत सिंह शाखा अध्यक्ष कालका वर्कशॉप, नटवर सिंह, नन्द लाल,श्री चरनजीत सिंह चन्नी जी श्री मंजीत राम कटारिया जी, श्री सन्त लाल बौद्ध जी, श्री सुरेंद्र कुमार जी, श्री नरेश कुमार जी, श्री संजीव चोपड़ा जी,शाखा सचिव कालका वर्कशॉप, श्री कपिल नेगी जी, श्री अनिल गौड़की जीदयाराम मीणा , नवीन कुमार , अरविंद कुमार वर्मा, राज ऋषि मीना, नरेंद्र कुमार जी राम कुमार जी श्री बाबूलाल जी , ओमा नन्द ,खुशी राम मीना ,मन्टू, जयसिंह व अन्य सभी सम्मानित साथियों ने अपने अपने ओजस्वी विचार रखे।

### राज कुमार सिंगला श्री सत्यनारायण मंदिर सभा के प्रधान बने

**चंडीगढ़ (अप्रस)।** श्री सत्यनारायण मंदिर सभा सेक्टर 22सी के आम चुनाव संपन्न हुए। राज कुमार सिंगला को निर्विरोध प्रधान और सुरेंद्र कुमार नैन को निर्विरोध महासचिव चुना गया। नव नियुक्त प्रधान राज कुमार सिंगला एवं महासचिव सुरेंद्र कुमार नैन ने कार्यकारिणी की घोषणा की, जिसमें जय भगवान गर्ग को चेयरमैन, वरिष्ठ उपप्रधान मूर्ती रानी बंसल, उपप्रधान रमेश जिंदल, संयुक्त सचिव जतिन्द्र कुमार सिंगला, कोषाध्यक्ष फकीर चंद गर्ग, स्टोर सचिव रोशन लाल स्याल एवं सत्यनारायण गर्ग को सलाहकार मनोनीत किया गया। इसके साथ सतनारायण गोयल, कैलाश चंद जैन, दूली चंद गोयल, रघुवीर कुमार गर्ग, पूर्ण चंद गर्ग, सुशील कुमार गोयल एवं चंपा देवी को कार्यकारिणी मनोनीत किया गया और सभी पदाधिकारियों को दो वर्ष के लिए मनोनीत किया गया।



# डेरा बस्सी तहसील परिसर में नई सरकारी पहल- अब रजिस्ट्रेशन डीड लिखवाना होगा आसान और पारदर्शी

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**डेराबस्सी।** डेरा बस्सी, आम जनता की सुविधा और पारदर्शिता को ध्यान में रखते हुए डेरा बस्सी तहसील परिसर में सरकार ने एक नई पहल की शुरुआत की है। अब रजिस्ट्री करवाने वाले लोगों को रजिस्ट्री डीड लिखवाने के लिए बाहर प्राइवेट डीड राइटर्स पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। इस सुविधा की जानकारी देते हुए नायब तहसीलदार लवप्रीत सिंह ने बताया कि सरकार ने अब तहसील परिसर के अंदर ही रजिस्ट्री डीड लिखवाने की व्यवस्था शुरू की है।

लवप्रीत सिंह ने बताया कि आमतौर पर लोगों की यह शिकायत रही है कि तहसील परिसर के बाहर बैठे निजी डीड राइटर रजिस्ट्री डीड तैयार करने के लिए निर्धारित दर से कहीं अधिक पैसे वसूलते हैं। इसी समस्या को हल करने के लिए यह नई पहल की गई है। अब रजिस्टर दफ्तर के अंदर दो अधिकृत डीड राइटर्स को नियुक्त किया गया है, जो निर्धारित सरकारी दरों पर यह सेवा देंगे। फिलहाल यह सुविधा ट्रायल बेसिस पर एक हफ्ते के लिए शुरू की गई है। यदि यह प्रयोग सफल रहता है और जनता को इससे लाभ होता है, तो सरकार इसे स्थायी रूप से लागू करेगी।

इस व्यवस्था के तहत यह अनिवार्य नहीं किया गया है कि व्यक्ति केवल दफ्तर में बैठे डीड राइटर से ही डीड बनवाए। नागरिक चाहें तो बाहर से भी अपनी रजिस्ट्री डीड तैयार करवा सकते हैं, लेकिन सरकारी डीड राइटर की उपस्थिति से अब एक वैकल्पिक और पारदर्शी विकल्प उपलब्ध हो गया है, जिससे लोग मनमाने शुल्क से बच सकेंगे।

इसके अलावा अब यह सुविधा भी जोड़ी गई है कि व्यक्ति मोहाली जिले की किसी भी तहसील से ऑनलाइन रजिस्ट्री की प्रक्रिया को पूरा कर सकता है।

# क्राइम ब्रांच ने तस्कर को अफीम की खेप सहित किया गिरफ्तार



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** पुलिस कमिश्नर राकेश कुमार आर्य ने जिला में ड्रग तस्करी में शामिल आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश भी जारी किए है। इसी कड़ी में क्राइम ब्रांच ने एक नशा तस्कर को अफीम की खेप के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान निवासी गांव दप्पर जिला मोहाली के गुरविंदर सिंह उर्फ गोगी (25) के रूप में हुई है। जांच अधिकारी सब इंस्पेक्टर रवि कुमार ने बताया कि 14 अप्रैल को पुलिस को गुप्त सूत्र से जानकारी मिली कि एक युवक डेराबस्सी-बरवाला रोड पर बरवाला एयरफोर्स स्टेशन के नजदीक अफीम सप्लाई करने आएगा। इस सूचना के आधार पर पुलिस ने मौका पर पहुंचकर दबिश करते हुए आरोपी को घेरा डाल कर काबू किया। गोगी की तलाशी लेने पर उसके पास से 301 ग्राम अफीम बरामद हुई। आरोपी के खिलाफ थाना चंडीमंदिर में एनडीपीएस की धारा 18 के तहत मामला दर्ज किया गया। आरोपी को पुलिस द्वारा मंगलवार को अदालत में पेश कर 2 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

### जिले में छेड़ा पुलिस ने अभियान

पुलिस कमिश्नर राकेश कुमार आर्य के निर्देश पर जिला को नशा मुक्त बनाने को लेकर 'नशा और हिंसा मुक्त मेरा गांव मेरी शान' अभियान के तहत लोगों को नशे से बचने के लिए जागरूक भी किया जा रहा है। साथ ही ड्रग तस्करी में शामिल आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश भी जारी किए गए है।

प्रशासन को सीएम विंडो सहित समाधान शिविरों पर मिली शिकायतों की डीसी ने की समीक्षा

# लंबित मामलों को लेकर पोर्टल पर एटीआर दर्ज करने के निर्देश

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**पंचकूला।** जिला प्रशासन को विभिन्न शिकायत निवारण पोर्टल, सीएम विंडो के अलावा जनसंवाद और समाधान शिविरों में रोजाना शिकायतें प्राप्त हो रही हैं। विभागों में तालमेल बिठाने और शिकायतों के शीघ्र निपटान के लिए अधिकारियों को समय समय पर निर्देश भी जारी किए गए लेकिन अभी भी कई शिकायतों का निपटारा होना बाकी है। मंगलवार को उपायुक्त ने इन शिकायतों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। उपायुक्त आज लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रही थी।

उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीएम विंडो, जन संवाद और सीपी ग्राम पोर्टल व समाधान शिविर की शिकायतों को लंबित ना रखें, उनका जल्द से जल्द निपटान करें व इन शिकायतों की एक्शन टेकन रिपोर्ट पोर्टल पर अपलोड करें ताकि जिला प्रथम स्थान प्राप्त कर सके। एसडीएम चंद्रकांत कटारिया ने उपायुक्त को सभी विभागों की बारी-बारी से लंबित मामलों की रिपोर्ट की विस्तार से जानकारी दी।

**जिला का आरटीएस में 12 वां रैंक :** डीसी ने कहा कि प्रदेशभर के जिलों की आरटीएस में जिला पंचकूला अब 12वें स्थान पर पहुंच चुका है। इस स्थान को पहले नंबर पर लाने के लिए सभी विभागों को अपने-अपने कार्यालय से सम्बन्धित शिकायतों का निपटान जल्द से जल्द करना होगा। ताकि इस रेंकिंग को नंबर वन किया जा सके।

**सरकार कर रही समीक्षा :** उपायुक्त ने कहा कि सीएम विंडो, जन संवाद कार्यक्रम और सीपी ग्राम पोर्टल व समाधान शिविर में जिला के लोगों की जो शिकायतें आई हैं। उनकी सरकार द्वारा भी समीक्षा की जा रही है। अधिकारी-कर्मचारी द्वारा इन शिकायतों का जल्द से जल्द निपटान करना चाहिए व जिल समस्याओं का निपटारा हो चुका है उनको पोर्टल पर अपलोड करना चाहिए। जो शिकायतें पॉलिसी से सम्बन्धित है, उन्हें अपने उच्च अधिकारियों को भेजें और साथ ही एक कॉपी उपायुक्त कार्यालय को भेजें।

### समाधान शिविरों की शिकायतें पेंडिंग

उपायुक्त ने समाधान शिविर के मामलों को लेकर डीडीपीओ विशाल पराशर को अपने विभाग की समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान करने के निर्देश दिए और एटीआर को पोर्टल पर चढाने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अधिकारी विशाल सैनी को जल्द से जल्द समस्याओं के समाधान करने के लिए कहा और उसकी रिपोर्ट कार्यालय में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

# विधायक कालका शक्ति रानी शर्मा का किया धन्यवाद: चौहान

अर्थ प्रकाश /जग्गी



**कालका ।** समाज सेवी सुरिंदर चौहान जिला अध्यक्ष, अवाम जिला पंचकूला एवं भाजपा नेता कालका ने प्रैस नोट जारी कर कालका विधायक श्रीमती शक्ति रानी शर्मा जी का किया धन्यवाद। उन्होंने कहा कि कालका में प्राचीन माता नैना देवी मंदिर जहां 1950 में माता प्रकट हुई थी जहां हम बचपन से ही मंदिर जाते थे सारा जंगल का पहाड़ी रास्ता रास्ता था गत 11/04/25 को चैत्र नवरात्र में मंदिर जाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ देखा कि मौनी शाह पीर की और से मंदिर जाने वाले रास्ते में बहुत बढ़ीया सड़क बन गई है और मंदिर परिसर तक दोपहिया तिपहिया वाहन और कार आदि आसानी से पहुंच रहे हैं और श्रद्धालुओं को मंदिर आने जाने के लिए बहुत अच्छी सुविधा हो गई है भले ही रास्ते में पड़ने वाली नदी पर अभी पुल आदि नही बना है लेकिन सारा रास्ता बहुत अच्छा बन गया है और दूसरी तरफ उप्पर मौहल्ला से होकर मंदिर जाने वाला रास्ता भी काफी हद तक ठीक हो गया है जिसे देखकर बहुत खुशी हुई इसके लिए मै स्थानीय निवासियों की और से विधायक महोदया का हार्दिक आभार एवं धन्यवाद करता हूं और माता रानी से दुआ करता हूं कि हमारी विधायक कालका पर सदैव अपना आशीर्वाद बनाए रखे।

# मेयर ने इंजीनियरिंग विंग और ठेकेदारों से विकास कार्यों पर जवाब तलब किया

सड़कों की रिकारपेंटिंग, पार्कों में झूले लगाने, सामुदायिक केंद्रों के निर्माण, ईपीडीएम ट्रैक्स सहित अन्य विकास कार्यों पर की चर्चा

अर्थ प्रकाश आदित्य शर्मा



**पंचकूला।** शहर के विभिन्न विकास कार्यों पर पंचकूला के महापौर कुलभूषण गोयल ने इंजीनियरिंग विंग और ठेकेदारों की एक बैठक बुलाई, जिसमें शहर में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों पर विस्तृत चर्चा हुई। महापौर ने सभी कार्यों को 3 महीने में पूरा करने के निर्देश दिए। महापौर ने शहर की सड़कों की रिकारपेंटिंग, पार्कों में झूले लगाने, सामुदायिक केंद्रों के निर्माण, ईपीडीएम ट्रैक्स सहित अन्य विकास कार्यों पर अधिकारियों एवं एजेंसी प्रबंधकों से जवाब तलब किया।

अधिकारियों ने महापौर को बताया कि शहर में पांच सामुदायिक केंद्रों का निर्माण कार्य चल रहा है, जिसमें सेक्टर 12, 20, नग्गल, टोका, सुखदर्शनपुर में बन रहे सामुदायिक केंद्रों की छत डल चुकी है। अब फिनिशिंग का कार्य 30 जून तक पूरा हो जाएगा। महापौर ने टेंडर में दी गई सभी आइटम्स को अच्छी क्वालिटी का लगाने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने बताया कि गांव अलीपुर में बना रहे सामुदायिक केंद्र का कार्य लगभग पूरा हो चुका है। बाउंड्री वाल बना चुकी है और अब पेंट हो रहा है। इसका भी जल्दी शुभारंभ करवा दिया जाएगा।

शहर की सड़कों की रिकारपेंटिंग के संबंध में बिंद्रा कंस्ट्रक्शन के प्रबंधक ने बताया कि सेक्टर 17 में सड़क रिकारपेंटिंग का कार्य चल रहा है, जोकि आने वाले तीन दिनों में पूरा हो जाएगा और मनसा देवी कंपलेक्स का कार्य अभी 20 दिनों में शुरू कर दिया जाएगा। एनएच कंस्ट्रक्शन कंपनी के प्रबंधकों ने बताया कि सेक्टर 20 और 25 में सड़क रिकारपेंटिंग का कार्य चल रहा है और सेक्टर 26 में 95 प्रतिशत रिकारपेंटिंग पूरी हो चुकी है। महापौर ने गांव की सड़कों, नालों और अन्य कार्य भी जल्द पूरे करने के निर्देश दिए।

इस बैठक में महापौर ने पार्क में झूलों को लगाने के संबंध में भी अधिकारियों से जवाब तलब किया, तो अधिकारियों ने बताया कि 30 स्थानों पर झूले लगाने के लिए फाउंडेशन बन चुकी है और 15 दिन में झूले लगा दिए जाएंगे।

# मुख्यमंत्री ने पांगी घाटी की 1926 महिलाओं को 'प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना' के अंतर्गत किश्त जारी की

औपचारिकताएं पूरी होने पर शेष पात्र महिलाओं को भी योजना का लाभ देने की घोषणा

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**शिमला, 15 अप्रैल।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज पांगी घाटी के किलाड़ में आयोजित 78वें हिमाचल दिवस समारोह के दौरान 'इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना' के तहत 1,926 महिलाओं को अप्रैल, मई और जून महीनों की तीन किश्तों के रूप में 4,500 रुपये प्रति लाभार्थी जारी किए।

इस योजना के अंतर्गत कुल 86.67 लाख रुपये की राशि वितरित की गई। मुख्यमंत्री ने पांगी घाटी की सभी शेष पात्र महिलाओं को आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने पर योजना का लाभ प्रदान करने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 1 जनवरी, 2025 से 31 मार्च, 2026 के बीच 21 वर्ष की आयु पूरी करने वाली महिलाओं के अलावा घरेलू सहायिकाओं को भी इस योजना में शामिल किया जाएगा।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान करने वाले सरकारी कर्मचारियों को भी सम्मानित किया। इनमें राजकीय प्राथमिक पाठशाला फिंडपार से जेबीटी शिक्षक देवी चरण, राजकीय प्राथमिक पाठशाला कुलाल से जेबीटी शिक्षक सुरिंद्र कुमार, नागरिक अस्पताल किलाड़ से सर्जन डॉ. विशाल शर्मा, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला किलाड़ के प्रधानाचार्य भगवान दास चौहान, पांगी के तहसीलदार शांता कुमार, राजकीय महाविद्यालय पांगी से भूगोल की सहायक प्रोफेसर डॉ. प्रोमिला देवी और पांगी पुलिस स्टेशन के एसएचओ जोगिंदर सिंह शामिल थे।

### समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए

समारोह के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया तथा मुख्यमंत्री ने परेड में भाग लेने वाले दलों और सांस्कृतिक टीमों को उनके सराहनीय प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री ने वर्ष, 2024 के लिए राज्य के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले पुलिस थानों को सम्मानित किया। बिलासपुर सदर पुलिस थाना, मंडी जिले के बीएसएल कॉलोनी पुलिस थाना और कांगड़ा जिले के डमटाल पुलिस थाना को अपराध नियंत्रण, जांच और समग्र प्रदर्शन में उत्कृष्टता के लिए सम्मानित किया गया। ऊना स्थित महिला पुलिस थाने को हिमाचल प्रदेश में सर्वश्रेष्ठ महिला पुलिस थाने के रूप में सम्मानित किया गया।

# नई दिल्ली में हर्षोल्लास के साथ मनाया हिमाचल दिवस




**शिमला।** नई दिल्ली स्थित हिमाचल भवन में आज 78वां हिमाचल दिवस हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर उप-आवासीय आयुक्त मयंक शर्मा ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और हिमाचल दिवस की शुभकामनाएं दीं।
हिमाचल भवन और हिमाचल सदन के वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति इस अवसर पर उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री ने बालिका आश्रम किलाड़ का किया दौरा



**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज बालिका आश्रम किलाड़ का दौरा किया और यहां रह रहे बच्चों से बातचीत की। उन्होंने आश्रम के क्लासरूम और उनके रहने के कमरों का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने सभी अनाथ बच्चों को 'चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट' के रूप में अपनाया है और शिक्षा से लेकर उनकी देखभाल की जिम्मेदारी राज्य सरकार की है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने कानून बनाकर उन्हें यह अधिकार दिया है। उन्होंने बालिका आश्रम किलाड़ में रह रही बच्चियों से उन्हें मिल रही सुविधाओं के बारे में भी जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने आश्रम की सभी लड़कियों को पांच-पांच हजार रुपये प्रदान करने के साथ-साथ शीघ्र ही उनको एक्सपोजर विजिट पर भेजने की घोषणा की।

इससे पूर्व, मुख्यमंत्री ने सोमवार देर शाम एकलव्य स्कूल किलाड़ का भी दौरा किया और बच्चों के साथ बातचीत की। सभी बच्चे मुख्यमंत्री के मिलकर बेहद खुश थे।

# उद्योग, पर्यटन व ग्रामीण आर्थिकी की मज़बूती पर प्रदेश सरकार दे रही बल : हर्षवर्द्धन चौहान

ज़िला स्तरीय हिमाचल दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ आयोजित

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर



**सोलन, 15 अप्रैल।** उद्योग, संसदीय कार्य तथा श्रम एवं रोज़गार मंत्री हर्षवर्द्धन चौहान ने कहा कि प्रदेश सरकार उद्योग, पर्यटन तथा ग्रामीण आर्थिकी को मज़बूत बनाकर हिमाचल प्रदेश में खुशहाली और तरक्की के नए युग का सूत्रपात करने के लिए कार्य कर रही है। हर्षवर्द्धन चौहान आज सोलन के ऐतिहासिक ठोडो मैदान में ज़िला स्तरीय हिमाचल दिवस समारोह की अध्यक्षता कर रहे थे।

उद्योग मंत्री ने इस अवसर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया तथा पुलिस, गृह रक्षा, एन.सी.सी, स्काउटस एण्ड गाइड्स एवं विद्यालयों द्वारा आयोजित भव्य मार्च पास्ट की सलामी ली। पुलिस उप निरीक्षक विनय ठाकुर ने परेड का नेतृत्व किया। उन्होंने इससे पूर्व कारगिल शहीद स्मारक पर कृतज्ञ प्रदेशवासियों एवं ज़िलावासियों की और से शहीदों को भावभीनी श्रद्धाजंलि भी अर्पित की।

श्रम एवं रोज़गार मंत्री ने 78वें हिमाचल दिवस के अवसर पर प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री डॉ. यशवंत सिंह परमार को प्रदेशवासियों की और से नमन किया। उन्होंने कहा कि स्व. डॉ. परमार के अथक प्रयासों से हिमाचल की परिकल्पना साकार हुई और आज हिमाचल प्रदेश विकास के नए आदर्श स्थापित करने की ओर अग्रसर है।

हर्षवर्द्धन चौहान ने कहा कि समर्थ एवं आत्मनिर्भर हिमाचल के लिए ग्रामीण आर्थिकी को मज़बूत करना आवश्यक है। प्रदेश सरकार ग्रामीण आर्थिकी को बल देने के साथ-साथ पर्यटन एवं उद्योग क्षेत्र को मज़बूत बना रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार 2400 करोड़ रुपए की लागत से नए पर्यटक स्थल विकसित करने के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के युवाओं को बेहतर रोज़गार एवं स्वरोज़गार के अवसर प्रदान करने के लिए योजनाबद्ध कार्य किया जा रहा है।

श्रम एवं रोज़गार मंत्री ने कहा कि बेरोज़गारों को उनकी योग्यता के आधार पर रोज़गार प्रदान करने की दिशा में प्रदेश सरकार अग्रसर है। सवा दो वर्ष के कार्यकाल में प्रदेश सरकार ने 32 हजार युवाओं को नौकरी प्रदान की है और लगभग 20 हजार पद सृजित किए गए हैं। प्रदेश सरकार समाज के सभी वर्गों को राहत प्रदान कर रही है। मनरेगा के तहत जहां दिहाड़ी में 80 रुपए की ऐतिहासिक वृद्धि कर इसे 320 रुपए किया गया है वहीं दिहाड़ीदारों को अब 425 रुपए दिहाड़ी मिलेगी।

हर्षवर्द्धन चौहान ने कहा कि स्थाई औद्योगिक विकास के दृष्टिगत प्रदेश सरकार ने गत वर्ष 3084 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्तावों को स्वीकृति दी। इनके माध्यम से 15 हजार से अधिक लोगों को रोज़गार प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार सोलन ज़िला के नालागढ़ में 350 करोड़ रुपए की लागत से 1623 बीघा भूमि पर मेडिकल

# उद्योग मंत्री ने उत्कृष्ट कार्य करने वालो को किया सम्मानित

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर



**सोलन, 15 अप्रैल।** उद्योग, संसदीय कार्य तथा श्रम एवं रोज़गार मंत्री ने आज सोलन के ऐतिहासिक ठोडो मैदान में आयोजित ज़िला स्तरीय हिमाचल दिवस समारोह में उत्कृष्ट कार्यों के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया। उन्होंने भारतीय पुलिस सेवा की अधिकारी एवं वर्तमान में उपमण्डलीय पुलिस अधिकारी परवाणू के पद पर तैनात मेहर पंवार तथा भारतीय पुलिस सेवा की अधिकारी एवं वर्तमान में धर्मपुर में कार्यकारी थाना प्रभारी के रूप में कार्यरत शुमायला चौधरी को बेहतर सेवाओं के लिए सम्मानित किया।

हर्षवर्द्धन चौहान ने अनुकरणीय सेवाओं के लिए थाना प्रभारी सोलन पुलिस निरीक्षक हंस राज, उप पुलिस निरीक्षक गोपाल सिंह थाना सदर सोलन और मनोज कुमार मुख्य आरक्षी थाना सदर सोलन को सम्मानित किया।

श्रम एवं रोज़गार मंत्री ने उत्कृष्ट सेवाओं के लिए उप पुलिस निरीक्षक दलीप सिंह, अतिरिक्त थाना प्रभारी धर्मपुर, उप पुलिस निरीक्षक धनवीर सिंह थाना प्रभारी कसौली, उप पुलिस अधीक्षक प्रताप सिंह थाना प्रभारी परवाणू और उप पुलिस निरीक्षक हरि सिंह थान प्रभारी बागा को सम्मानित किया। उन्होंने यातायात इकाई सोलन की प्रभारी उप पुलिस निरीक्षक दयावती को प्रशंसनीय सेवाओं के लिए सम्मानित किया। हर्षवर्द्धन चौहान ने विशेष जांच इकाई ज़िला सोलन में कार्यरत उप पुलिस निरीक्षक ज्ञान चंद, मुख्य आरक्षी दिनेश कुमार, वीरेन्द्र कुमार, मनोज कुमार, आरक्षी नवीन कुमार एवं रोहित कुमार को अनुकरणीय सेवाओं के लिए सम्मानित किया। उन्होंने थाना सदर सोलन में कार्यरत मुख्य आरक्षी वीरेन्द्र कुमार, शुभम, आरक्षी अमित कुमार और बालकृष्ण को बेहतरीन सेवाओं के लिए सम्मानित किया। उन्होंने यातायात इकाई सोलन में कार्यरत मुख्य आरक्षी प्रवीण कुमार को अनुकरणीय सेवाओं के लिए सम्मानित किया।

उद्योग मंत्री ने ज़िला पुलिस सोलन के साईबर सैल में कार्यरत आरक्षी सौरभ, सुरक्षा शाखा अर्की में तैनात आरक्षी दलीप चंद को उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया। उन्होंने पुलिस अधीक्षक कार्यालय सोलन में सहायक वाचक के पद पर कार्यरत मानद सहायक उप निरीक्षक ओम प्रकाश तथा आरक्षी मन्दीप कुमार, पुलिस लाईन सोलन में वाहन चालक के पद पर कार्यरत सुखविंदर सिंह, पुलिस लाईन सोलन में चीफ ड्रिल इंसट्रक्टर के पद पर कार्यरत मानद मुख्य आरक्षी रतन चंद, राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात व्यवस्था में कार्यरत आरक्षी आशीष कल्याण तथा पुलिस लाईन सोलन में सेवारत महिला आरक्षी सुमन देवी को सराहनीय सेवाओं के लिए सम्मानित किया।

हर्षवर्द्धन चौहान ने वन बीट चवाल में कार्यरत वन रक्षक किशोरी को बहुमूल्य वन भूमि को वनों की आग से बचाने की दिशा में अनुकरणीय कार्य करने के लिए सम्मानित किया।

अर्की के विधायक संजय अवस्थी, कसौली के विधायक विनोद सुल्तानपुरी, नालागढ़ के विधायक हरदीप सिंह बावा, नगर निगम सोलन की महापौर ऊषा शर्मा, पार्षदगण, बघाट बैंक सोलन के अध्यक्ष अरुण शर्मा, जोगिन्द्रा सहाकारी सोलन के अध्यक्ष मुकेश शर्मा, ए.पी.एम.सी. सोलन के अध्यक्ष रोशन ठाकुर, ए.पी.एम.सी. सिरमौर के अध्यक्ष सीताराम शर्मा, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति निगम निदेशक मण्डल के सदस्य जतिन साहनी, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रमेश ठाकुर, शिव कुमार, जगमोहन मल्होत्रा, मोहन मेहता, संजीव ठाकुर, उप महाधिवक्ता रोहित शर्मा, विकास काल्टा, नगर परिषद सोलन के पूर्व अध्यक्ष कुल राकेश पंत, रमेश देसाइक, पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधि, कांग्रेस पार्टी के अन्य पदाधिकारी, उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा, पुलिस अधीक्षक सोलन गौरव सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजकुमार चंदेल, नगर निगम सोलन की संयुक्त आयुक्त विमला कश्यप सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी, अन्य गणमान्य व्यक्ति इस अवसर पर उपस्थित थे।

# सोलन में सीमेंट गबन मामले में दूसरा आरोपी गिरफ्तार, पुलिस जांच में बड़ा खुलासा

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर

**सोलन, 15 अप्रैल।** हिमाचल प्रदेश के सोलन जिले में सीमेंट की आपूर्ति में गबन के मामले में पुलिस ने दूसरा आरोपी गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई बागा थाना पुलिस ने की, जहां पिछले साल दिसंबर में दर्ज शिकायत के आधार पर जांच चल रही है। सोलन के एसपी गौरव सिंह मामला गत वर्ष 26 दिसंबर को सामने आया,दी मांगल लैंड लुजर्ज एवं इफैक्टिड परिवहन सहकारी सभा समिति के सचिव हंसराज ने शिकायत दर्ज की थी। शिकायत के अनुसार समिति के सदस्य सोनू कुमार की गाड़ी नंबर ॥क्क1ष्ट-2625 से 19, 23, 25 और 28 सितंबर 2024 को बिलासपुर की दिलीप बिल्डकॉन लिमि., मल्याणा की गवार कंस्ट्रक्शन लि.और पवारी के पटेल इंजीनियरिंग लि. के लिए सीमेंट की आपूर्ति की थी। लेकिन इन स्थानों पर सीमेंट का भुगतान नहीं किया गया। पुलिस जांच में पता चला कि गाड़ी के चालक ने सीमेंट में से कुछ हिस्सा बिलासपुर निवासी संजय कुमार को बेच दिया था। इस मामले में चालक को 9 जनवरी 2025 को गिरफ्तार किया गया था, जिसने पूछताछ में संजय की संलिप्तता का खुलासा किया। इसके बाद पुलिस ने संजय कुमार को तहत गिरफ्तार किया। जांच से सामने आया कि संजय ने चालक के साथ मिलकर अपराधिक साजिश रची और सीमेंट को गंतव्य तक न पहुंचाकर आधे-अधूरे दामों में खरीद लिया। पुलिस संजय के आपराधिक रिकॉर्ड की जांच कर रही है। एसपी गौरव सिंह ने बताया कि मामले की जांच अभी जारी है और अन्य संलिप्त लोगों की तलाश की जा रही है।

### बिलासपुर में जिला स्तरीय हिमाचल दिवस कार्यक्रम, विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार ने की अध्यक्षता

# प्रदेश को 2032 तक देश का सबसे समृद्ध राज्य बनाने का लक्ष्य : विनय कुमार

जिला स्तरीय कार्यक्रम में भव्य परेड, सांस्कृतिक कार्यक्रम और उत्कृष्ट कार्य करने वालों को किया गया सम्मानित

अर्थ प्रकाश/अजय मल्होत्रा



**शाहतलाई 15 अप्रैल।** मुख्यमंत्री आदर्श राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला छात्र प्रांगण, बिलासपुर में सोमवार को 78वां हिमाचल दिवस पूरे हर्षोल्लास से मनाया गया। जिला स्तरीय मुख्य समारोह की अध्यक्षता हिमाचल प्रदेश विधानसभा के उपाध्यक्ष विनय कुमार ने की। उन्होंने समारोह से पूर्व शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी, तत्पश्चात राष्ट्रीय ध्वज फहराया और भव्य परेड की सलामी ली। अपने संबोधन में उपाध्यक्ष विनय कुमार ने कहा कि प्रदेश सरकार वर्ष 2026 तक हिमाचल को हरित ऊर्जा राज्य, 2027 तक आत्मनिर्भर राज्य और 2032 तक देश का सबसे समृद्ध राज्य बनाने के लक्ष्य को लेकर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने चुनाव पूर्व दी गई 10 गारंटियों में से छह को पूरा कर लिया है और शेष पर तीव्र गति से कार्य हो रहा है। इस कार्यक्रम में विधायक झंडूता जीत राम कटवाल, विधायक त्रिलोक जमवाल, पूर्व विधायक तिलक राज, बंबर ठाकुर, वीरू राम किशोर, उपायुक्त बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक, पुलिस अधीक्षक संदीप धवल, एसडीएम अभिषेक गर्ग, बोर्ड का डायरेक्टर हिमुडा के सदस्य जितेंद्र चंदेल, जिला परिषद अध्यक्ष विमला देवी, सदस्य गौरव, तृप्ता ठाकुर सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### समाज के हर वर्ग के लिए कल्याणकारी योजनाएं

विनय कुमार ने बताया कि ग्रामीण उत्पादों को न्यूनतम समर्थन मूल्य देने के साथ-साथ दूध समितियों को दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि को बढ़ाकर 3 रुपये प्रति लीटर किया गया है। महिलाओं को प्रतिमाह 1,500 रुपये की सम्मान राशि दी जा रही है। दिहाड़ी मजदूरी और मनरेगा मजदूरी में उल्लेखनीय वृद्धि की गई है। मुख्यमंत्री सुख-आश्रय योजना के तहत 6,000 अनाथ बच्चों को गोद लेकर उनकी समग्र देखभाल की जा रही है। प्रदेश के 1.36 लाख कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना का लाभ दिया गया है। पिछले दो वर्षों में 42,000 युवाओं को सरकारी नौकरी प्रदान की गई है और वर्तमान वर्ष में 25,000 और रोजगार देने का लक्ष्य रखा गया है।

### स्वास्थ्य, शिक्षा और आधारभूत ढांचे में मजबूती

उपाध्यक्ष ने कहा कि 1,730 करोड़ रुपये से मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों में अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं। शिक्षा के क्षेत्र में अंग्रेज़ी माध्यम की शुरुआत और राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूलों की स्थापना की जा रही है। बिलासपुर जिला पर्यटन की दृष्टि से भी तेज़ी से आगे बढ़ रहा है। गोविंद सागर झील और कोलडैम क्षेत्र में क्रूस, शिकारा, हाउस बोटिंग, पैरासेलिंग, जेट स्की आदि शुरू की गई हैं, जिससे जिले को वॉटर स्पोर्ट्स हब के रूप में विकसित किया जा रहा है।

### बिलासपुर जिले में हुए महत्वपूर्ण विकास कार्य

बिलासपुर में सिटी लाइवलीहुड सेंटर के लिए 4 करोड़ रुपये और मॉडल करियर सेंटर के लिए 2.5 करोड़ रुपये व्यय किए गए हैं। 49 हजार पेंशनरों को 86 करोड़ रुपये की सामाजिक सुरक्षा पेंशन वितरित की गई है। मनरेगा के अंतर्गत 52 करोड़ रुपये से अधिक की राशि खर्च की गई है और विभिन्न आवास योजनाओं पर 20 करोड़ रुपये व्यय किए गए हैं। जिले में 58 किलोमीटर नई सड़कों का निर्माण तथा 93 किलोमीटर का सुधारीकरण हुआ है। जल शक्ति विभाग द्वारा 500 करोड़ रुपये लागत की 37 योजनाएं स्वीकृत की गई हैं, जिनमें से 15 पूरी हो चुकी हैं।

# गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल में मची 'हिमाचल दिवस' की धूम

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर



**सोलन, 15 अप्रैल।** गुरुकुल इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल हिमाचल दिवस का पर्व पारंपरिक उल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। विद्यालय के विद्यार्थियों ने रंग-बिरंगी झांकियों के माध्यम से राज्य की सांस्कृतिक विविधता को सुंदर रूप में प्रस्तुत किया। बच्चों ने पारंपरिक परिधानों में लोक नृत्य और गीतों के माध्यम से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विशेष रूप से हिमाचली नाटी और भांगड़ा की प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। इस आयोजन की विशेष बात यह रही कि कोई औपचारिक मंचीय सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं रखा गया, फिर भी छात्रों की रचनात्मकता और भागीदारी ने पूरे आयोजन को यादगार बना दिया।

विद्यालय के छात्रावास में रहने वाले विद्यार्थियों ने भी इस अवसर पर विशेष उत्साह दिखाया। उन्होंने पारंपरिक नृत्य-गीतों के साथ-साथ हिमाचली संस्कृति पर आधारित गतिविधियों में भाग लिया। इस दिन छात्रावास में हिमाचली व्यंजनों को विशेष रूप से परोसा गया, पारंपरिक पकवानों ने बच्चों को अपने स्वाद से हिमाचल की मिट्टी से जोड़ दिया।

विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ लखविंदर कौर अरोड़ा ने सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन न केवल सांस्कृतिक चेतना को जाग्रत करते हैं, बल्कि विद्यार्थियों को अपनी जड़ों से जोड़ते हैं।

पूरे विद्यालय परिसर में उत्सव का उल्लास छाया रहा और सभी ने मिलकर इस दिन को आनंदपूर्वक और गर्व के साथ मनाया।

### अभिलाषी विश्वविद्यालय में हर्षोल्लास और उमंग के साथ मनाया 78 वां हिमाचल दिवस

# समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर और विकास की ओर अग्रसर हिमाचल प्रदेश

अर्थ प्रकाश/सुभाग सचदेवा



**गोहर 15 अप्रैल।** प्रदेश भर में आज हिमाचल दिवस बड़े हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया गया। अभिलाषी विश्वविद्यालय चैल चौक में भी में हिमाचल दिवस का आयोजन देशभक्ति और सांस्कृतिक गौरव के भावों के साथ धूमधाम से किया गया। इस अवसर पर छात्रों और शिक्षकों ने एकत्र होकर नशा मुक्त, आत्मनिर्भर, शिक्षित और स्वस्थ हिमाचल के निर्माण का संकल्प लिया। इस मौके पर वि वि के एमबीए विभाग की छात्रा पोशाली शर्मा ने हिमाचल की संस्कृति, भाषा और पर्वतीय सौंदर्य को समर्पित अपनी कविताओं के माध्यम से सभी को भावविभोर कर दिया। उनकी भावनात्मक प्रस्तुति ने श्रोताओं के मन में गर्व का संचार किया। कुलपति प्रो. एच.के. चौधरी ने इस अवसर पर हिमाचल के इतिहास पर विस्तृत प्रकाश डाला कैसे 15 अप्रैल 1948 को 30 रियासती पहाड़ी राज्यों का एकीकरण हुआ, जिसके बाद 1950 में हिमाचल श्रेणी 'C' राज्य बना, 1956 में केंद्र शासित प्रदेश का दर्जा और 1971 में पूर्ण राज्य का दर्जा प्राप्त हुआ। प्रारंभ में 10 जिलों वाला हिमाचल अब 12 जिलों में विभाजित है। उन्होंने राज्य की वर्तमान स्थिति पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यहां जनसंख्या लगभग 76 लाख है। वहीं हिमाचल प्रदेश की साक्षरता दर 82.80 प्रतिशत है, जो राष्ट्रीय औसत 77.7 प्रतिशत से कहीं अधिक है। यह राज्य के शैक्षिक और सामाजिक विकास को दर्शाता है। इसी के साथ शैक्षिक संस्थानों में लैंगिक अनुपात भी 60.40 (महिलाओं की भागीदारी में वृद्धि) के लगभग है। उन्होंने कृषि, बागवानी, जलविद्युत और पर्यटन जैसे मुख्य आर्थिक क्षेत्रों में राज्य और केंद्र सरकार की पहल की सराहना की। साथ ही नार्को-टेररिज़्म जैसे बढ़ते खतरों पर चिंता जताते हुए विद्यार्थियों और नागरिकों से सतर्क रहने का आह्वान किया। कुलपति महोदय ने हिमाचल की प्राकृतिक धरोहर को भी याद किया जैसे कि गुलाबी बुरांश (Rhododendron arboreum), हिम तेंदुआ (Snow Leopard), जूजूराना (Tragopan melanocephalus), देवदार (Cedrus deodara) इत्यादि। उन्होंने माननीय कुलाधिपति डॉ. आर.के. अभिलाषी एवं प्रो-कुलाधिपति डॉ. एल.के. अभिलाषी का संदेश भी साझा किया, जिसमें विश्वविद्यालय परिवार को हिमाचल दिवस की शुभकामनाएं दी गई और राज्य की सांस्कृतिक विरासत, एकता व प्रगतिशील सोच का उत्सव मनाने का आह्वान किया गया। इस समारोह का समापन सामूहिक संकल्प के साथ हुआ।

**15 अप्रैल 1948 को मिला हमें वरदान,**
**हिमालय की गोद, प्रकृति का अनुपम सम्मान।**
**आओ मिलकर करें एक प्रण सच्चा,**
**नशा मुक्त, आत्मनिर्भर, शिक्षित हो हर बच्चा।**
**स्वस्थ हिमाचल हो अपना अभियान,**
**हर गाँव बने उन्नति की पहचान।।**

इस अवसर पर डॉ. ऐश्वर्या, सहायक प्राध्यापक ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए विश्वविद्यालय के नेतृत्व कुलाधिपति डॉ. आर.के. अभिलाषी, प्रतिकुलाधिपति डॉ. एल.के. अभिलाषी, कुलपति प्रो. एच.के. चौधरी, रजिस्ट्रार डॉ. कपिल कपूर, जीनियस एजुकेशन सोसायटी की अध्यक्ष डॉ. नर्वदा अभिलाषी, अभिलाषी एजुकेशन सोसायटी की उपाध्यक्ष डॉ. प्रोमिला अभिलाषी, सचिव नरेंद्र कुमार के मार्गदर्शन और सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

# मंच का प्रतिनिधिमंडल उद्योग मंत्री से मिला



**सोलन, 15 अप्रैल (अप्रस)।** सिरमौर कल्याण मंच सोलन का एक प्रतिनिधिमंडल प्रधान प्रदीप मंमगाई की अध्यक्षता में मंगलवार को उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान से सोलन प्रवास के दौरान मिला।

प्रतिनिधिमंडल ने उद्योग मंत्री को सोलन में सिरमौर कल्याण मंच की गतिविधियों की जानकारी दी और कोठों में बन रहे डॉ. यशवंत सिंह परमार कला एवं सांस्कृतिक भवन के निर्माण की प्रगति से अवगत करवाया।

इस संदर्भ में मंच ने एक मांग पत्र भी सौंपा।

# डबल इंजन सरकार विरासत का सम्मान करती व विकास को भी है आगे बढ़ाती : योगी

विजय कुमार निगम

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज देश के प्रथम स्वातंर्त्य समर के अमर सेनानी भारत माता के महान सपूत राजा नरपति सिंह रैकवार का विजय दिवस है। जिनके शौर्य और पराक्रम के कारण आज हम स्वतंत्रता का उपभोग कर रहे हैं तथा विकास योजनाओं को आगे बढ़ा रहे हैं। हमें इस विजय उत्सव के माध्यम से उस महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी का स्मरण करने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है।

मुख्यमंत्री आज जनपद हरदोई के रुइयागढ़ी में सन् 1857 के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी राजा नरपति सिंह रैकवार के विजय दिवस पर मुख्य अतिथि के तौर पर अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने अमर सेनानी राजा नरपति सिंह रैकवार की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने जनपद हरदोई के विकास से सम्बन्धित 650 करो? रुपये लागत की 729 परियोजनाओं का लोकार्पण तथा शिलान्यास किया। उन्होंने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को प्रतीकात्मक चेक, आवास और ट्रैक्टर की प्रतीकात्मक चाभी, प्रमाणपत्र, लैपटॉप/टैबलेट एवं स्मार्टफोन, टूलकिट, आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों को नियुक्ति पत्र, दिव्यांगजन को ट्राईसाइकिल एवं अन्य सहायक उपकरण आदि प्रदान किये। इसके पूर्व, मुख्यमंत्री जी ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टॉलों का भी अवलोकन किया तथा राजा नरपति सिंह स्मारक परिसर में पौधरोपण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि संविधान लागू होने के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पूरा देश अमृत महोत्सव के कार्यक्रम के साथ आगे बढ़ रहा है। संविधान के शिल्पी बाबा साहब डॉ. भीमराव आम्बेडकर द्वारा जिस कार्ययोजना के साथ संविधान का निर्माण किया गया था, उस कार्ययोजना को आगे बढ़ाते हुए तथा संविधान के प्रति सर्वाच्च सम्मान व्यक्त करते हुए हम 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' परिकल्पना के साथ विकास के पथ पर निरन्तर अग्रसर हैं। बाबा साहब डॉ. भीमराव आम्बेडकर द्वारा दिये गये संविधान के कारण आज भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में पूरा देश उत्तर से दक्षिण तथा पूर्व से पश्चिम तक विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध दिखायी दे रहा है।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व व मार्गदर्शन में हम सभी बदलते हुए भारत को देख रहे हैं। 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के दर्शन हो रहे हैं। विगत 10 वर्षों में भारत दुनिया की महाशक्ति के रूप में स्थापित हुआ है। भारत दुनिया की 5वीं बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। अगले 02 वर्षों में भारत अमेरिका व चीन के बाद दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा। यह हम सभी के लिए गौरव का क्षण होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हर भारतवासी जिस गौरव की अनुभूति कर रहा है। सभी को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव के प्राप्त हो रहा है। नयी-नयी विकास योजनाओं के प्रस्ताव जनप्रतिनिधियों के माध्यम से शासन तक पहुंच रहे हैं। यह कार्य वर्ष 1947 से पहले गुलामी के कालखण्ड में सम्भव नहीं था। उस समय विकास का अभाव, गरीबी, अव्यवस्था, भुखमरी तथा बेरोजगारी आदि स्थितियां थीं। लोगों को पलायन करने तथा अकाल का शिकार होने के लिए मजबूर होना पड़ता था। आजादी की मांग करने वाले लोगों को अत्याचार सहना पड़ता था।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सन् 1857 के प्रथम स्वातंर्त्य समर में पूरे देश ने एकजुट होकर अंग्रेजों के अत्याचार के खिलाफ आवाज उठायी। देश के अलग-अलग स्थानों पर यह अभियान आगे बड़ा। बैरकपुर से विद्रोह का बिगुल बजाने वाले मंगल पाण्डेय से जब पूछा गया कि आप ब्रिटिश सेना का हिस्सा होने के बावजूद स्वतंत्रता के लिए संघर्ष क्यों करना चाहते हैं, तो उन्होंने कहा कि मेरा देश स्वतंत्र होना चाहिए तथा भारत माता की आन-बान-शान की रक्षा होनी चाहिए, उन्हें इस नौकरी से कोई लगाव नहीं है। जब अंग्रेजों ने झांसी की सुरक्षा के बदले रानी लक्ष्मीबाई को उनकी अधीनता स्वीकार करने के लिए कहा तो रानी लक्ष्मीबाई ने अंग्रेजों के प्रस्ताव को अस्वीकार करते हुए कहा कि झांसी भी सुरक्षित रहेगी और भारत स्वतंत्र होकर रहेगा। मैं अपनी झांसी किसी हाल में अंग्रेजों को नहीं सौपूंगी। उनके शौर्य व पराक्रम को देखकर हर भारतवासी के मुंह से निकला कि 'खूब लड़ी मर्दानी वह तो झांसी वाली रानी थी'। पं. रामप्रसाद बिस्मिल ने कहा था 'तेरा वैभव अमर रहे माँ, हम दिन चार रहें न रहें'।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बिठूर में पेशवा नाना राव के नेतृत्व में सन् 1857 के स्वातंर्त्य समर की जो रणनीति बनायी गयी, उस रणनीति को आधार बनाकर हरदोई में राजा नरपति सिंह अभियान आगे बड़ा रहे थे। आज हम जिस स्थान पर हैं, यह उनका दुर्ग था। यहां स्थित राजा नरपति सिंह का स्मारक हम सभी को प्रेरणा प्रदान कर रहा है। यह स्मारक आधुनिक भारत के तीर्थ हैं। वर्तमान पीढ़ी को स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदान से अवगत कराना आवश्यक है।

# कौशल विकास ही स्थायी रोजगार का आधार : मुख्यमंत्री विष्णु देव साय

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज जगदलपुर में आयोजित विकसित बस्तर की ओर कार्यक्रम में बस्तर में कौशल विकास और रोजगार को लेकर सरकार की दूरदृष्टि साझा की। उन्होंने कहा कि हमारा सौभाग्य है कि जब हम सांसद थे, तब देश में कौशल विकास मंत्रालय का गठन हुआ- और आज यह विभाग देश के युवाओं के भविष्य निर्माण में क्रांतिकारी भूमिका निभा रहा है। मुख्यमंत्री श्री साय ने बस्तर में चल रहे कौशल विकास प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि स्किलिंग केवल एक सेक्टर तक सीमित नहीं है – भाषा प्रशिक्षण, विदेशी रोजगार, हस्तशिल्प, कृषि, फूड प्रोसेसिंग, पर्यटन, कंस्ट्रक्शन, टेक्नोलॉजी जैसे अनेक क्षेत्रों में कौशल विकास संभव है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बस्तर अब शांति की ओर अग्रसर है। शांति के बाद सबसे बड़ी चुनौती है ङ्क यहां के युवाओं को रोजगार देना। और यह कार्य हम पूर्ण निष्ठा से करेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार न केवल कौशल विकास पर ध्यान देगी, बल्कि स्थानीय



लोगों को स्थानीय संसाधनों के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी कार्य करेगी। इससे बस्तर का युवा न केवल आत्मनिर्भर बनेगा, बल्कि पूरे देश और दुनिया में अपने हुनर की पहचान बना सकेगा।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में विकसित बस्तर की ओर बढ़ते हुए संभाग में युवाओं के कौशल उन्नयन और रोजगार प्रशिक्षण के लिए कौशल विभाग द्वारा मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना, पीएम कौशल विकास योजना , पीएम विश्वकर्मा योजना और नियद नेल्लानार योजना का संचालन किया जा रहा है। इन रोजगार प्रशिक्षण में विशेषकर नक्सल प्रभावित युवाओं को प्राथमिकता दिए जाने का प्रस्ताव शामिल है। बस्तर संभाग में मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत 85 कोर्स पंजीकृत है। पोर्टल के माध्यम से इनका पूर्णता आनलाइन क्रियान्वयन किया जाता है। सभी जिलों में आवासीय प्रशिक्षण की सुविधा है। वर्तमान में 64 व्यवसायिक प्रशिक्षण प्रदाता (ङ्कङ्खक्क) है । योजना के अंतर्गत अब तक 90, 273 युवा प्रशिक्षित हो चुके है। प्रशिक्षित युवाओं में से 39,137 युवा नियोजित है। 32 कौशल विकास केन्द्रों की स्थापना की जा चुकी है जिसमे आगामी समय में 4,915 युवाओं को प्रशिक्षण एवं रोजगार हेतु कार्ययोजना शामिल है।

वर्ष 2025-26 के प्रस्तावित लक्ष्य के अनुसार 456 नियोक्ताओं के माध्यम से 4 हजार 915 युवाओं को प्रशिक्षण, 5 हजार 875 रोजगार के अवसर प्रदान किया जाना है। इसके लिए महिन्द्रा एंड महिन्द्रा, नंदी फाउंडेशन, स्स्रष्ठष्ट इंटरनेशनल और नीति आयोग जैसी संस्थाओं से अनुबंध किया गया है। बस्तर संभाग में पीएम कौशल विकास योजना के अंतर्गत वर्ष 2024-25 में 64त्र लक्ष्य पूर्ण किया गया तथा पीएम विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत अब तक 6 हजार 123 लोगों को प्रशिक्षित किया गया है।

# एन. मूर्ती ने हिंदूपुर में दलित पिछड़ा जाती युवाओं पर अत्याचार की निंदा की

अर्थ प्रकाश/बोम्मा रेड्डी

**अमरावती।** ताडेपल्ली के केंद्रीय पार्टी कार्यालय मेंआयोजित प्रेस वार्ता में वाईएसआरसीपी पार्टी प्रवक्ता अंकमरेड्डी नारायणमूर्ति ने अंबेडकर जयंती पर हिंदूपुर पुलिस द्वारा बहुजन युवाओं के साथ किए गए अमानवीय व्यवहार की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि पूर्व सीएम वाईएस जगन मोहन रेड्डी को निशाना बनाने वाले एक सोशल मीडिया पोस्ट पर सवाल उठाने के लिए पिछड़ा वर्ग के युवा लोकेश और दलित युवा नवीन को अवैध रूप से गिरफ्तार किया गया। वरिष्ठ टीडीपी नेताओं के निर्देश पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने कानूनी मानदंडों का स्पष्ट उल्लंघन करते हुए युवाओं को हथकड़ी पहनाकर, नंगे पांव चिलचिलाती धूप में घुमाया।

नारायणमूर्ति ने इस कृत्य को असंवैधानिक बताया और चेतावनी



दी कि अपने अधिकार का उल्लंघन करने वाले अधिकारियों को न्यायिक जांच का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने राज्य की बिगड़ती कानून व्यवस्था और टीडीपी के नेतृत्व वाले गठबंधन के तहत रेड बुक-शैली के शासन के उदय की आलोचना की। सामाजिक न्याय के प्रति वाईएसआरसीपी की प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हुए उन्होंने कहा कि पार्टी कानूनी कार्रवाई करेगी और दलितों और बहुजनों के सम्मान और अधिकारों की दमनकारी राज्य कार्रवाइयों से रक्षा करेगी।

# वाईएस जगन ने डॉ. बीआर आंबेडकर को दी श्रद्धांजलि

अर्थ प्रकाश/बोम्मा रेड्डी

**ताडेपल्ली।** वाईएसआर कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) ने ताडेपल्ली स्थित अपने केंद्रीय कार्यालय में भव्य समारोह के साथ डॉ. बीआर अंबेडकर की जयंती मनाई और भारत के संविधान निर्माता को भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

पूर्व मुख्यमंत्री और वाईएसआरसीपी अध्यक्ष वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने डॉ. बीआर अंबेडकर को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी।

वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने डॉ. अंबेडकर की प्रशंसा करते हुए उन्हें हाशिए पर पड़े लोगों के लिए समानता, उत्थान और सशक्तिकरण का चैंपियन बताया और इस बात पर जोर दिया कि उनकी सरकार ने लगातार शोषितों के लिए सम्मान और



न्याय सुनिश्चित करने के लिए काम किया है। उन्होंने बीआर अंबेडकर की विरासत को मानवता के लिए एक स्थायी प्रेरणा बताया और उनकी जयंती पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

वाईएसआरसीपी ने भारतीय संविधान के निर्माता को श्रद्धांजलि देते हुए नेताओं के साथ भव्य तरीके से कार्यक्रम मनाया। पूर्व मंत्री मेरुगु नागार्जुन, पूर्व विधायक चेविरेड्डी भास्कर रेड्डी और टीजेआर सुधाकर बाबू, एमएलसी लेला अप्पी रेड्डी, पूर्व सांसद नंदीगाम सुरेश, मोंडीथोका अरुण कुमार, एससी सेल के नेता कोम्मूरी कनक राव और कई दलित नेताओं और कार्यकर्ताओं ने सामाजिक न्याय की प्रतिमा और वाईएसआरसीपी पार्टी कार्यालय में डॉ. अंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उनके सिद्धांतों के प्रति पार्टी की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। एक प्रेस बयान में, पूर्व मंत्री मेरुगु नागार्जुन ने सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल के माध्यम से विजयवाड़ा में प्रतिष्ठित अंबेडकर प्रतिमा का निजीकरण करने की मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू की योजना की कड़ी आलोचना की। नागार्जुन ने इस कदम की निंदा करते हुए इसे अंबेडकर के महान योगदान, विशेष रूप से उनके द्वारा लिखे गए विश्व स्तर पर प्रसिद्ध संविधान का सीधा अपमान बताया। नागार्जुन ने व्यापक जन प्रतिरोध का आह्वान किया ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि नायडू इस निर्णय को पलटें और डॉ. अंबेडकर के प्रति श्रद्धा का सम्मान करें, जिनका दृष्टिकोण लाखों लोगों को मार्गदर्शन और प्रेरणा देता है।

# जन-जन के मन में मोदी के प्रति अटूट सम्मान और गहरी निष्ठा का भाव : भजनलाल

अर्थ प्रकाश/मनोहरलाल

**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से हरियाणा में कैथल के रामपाल कश्यप की मुलाकात को अपनत्व, समर्पण एवं आदर के अविस्मरणीय क्षण बताते हुए कहा है कि यह जन-जन के मन में प्रधानमंत्री के प्रति अटूट सम्मान और गहरी निष्ठा का भाव नजर आ रहा है। श्री भजनलाल ने सोशल मीडिया के माध्यम से कहा कि प्रधानमंत्री और श्री रामपाल कश्यप की यह स्नेहिल भेंट न केवल असाधारण जनसमर्थन को रेखांकित करती है बल्कि यह जनसामान्य के हृदय में देश के प्रधानसेवक के प्रति निश्चल अपनत्व एवं असीम विश्वास का अनुपम उदाहरण भी है। उन्होंने कहा कि इस मिलन से प्रतिबिंबित होता है कि जन-जन के मन में प्रधानमंत्री के प्रति अटूट सम्मान और



गहरी निष्ठा का भाव है।

उल्लेखनीय है कि हरियाणा के यमुनानगर में सोमवार को कैथल के रामपाल कश्यप ने श्री मोदी से मुलाकात की। श्री कश्यप ने 14 वर्ष पहले व्रत लिया था कि 'मोदी जब तक प्रधानमंत्री नहीं बन जाते और वह उनसे मिल नहीं लेते, तब तक जूते नहीं पहनेंगे। श्री मोदी ने श्री कश्यप को जूते पहनाकर उनके इस प्रण को पूरा कराया। इसके बाद अब श्री कश्यप ने जूते पहनना शुरू कर दिया।

# बिहार में बागवानी और जल उपयोग दक्षता को बढ़ावा देने के लिये सरकार दृढ़ संकल्पित : विजय

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**पटना।** बिहार के उप मुख्यमंत्री एवं कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि प्रदेश में बागवानी और जल उपयोग दक्षता को बढ़ावा देने के लिये सरकार दृढ़ संकल्पित है। श्री सिन्हा ने मंगलवार को बताया कि राज्य में एकीकृत बागवानी विकास मिशन के अंतर्गत फलदार वृक्षों की खेती को प्रोत्साहित किया जा रहा है। इस योजना के तहत किसानों को आम और लीची की खेती के लिए 50 प्रतिशत तक तथा केला और पपीता के लिए 75 प्रतिशत तक अनुदान प्रदान किया जा रहा है। इससे राज्य में बागवानी क्षेत्र का विस्तार होगा और किसानों को फलों की खेती से अधिक लाभ प्राप्त होगा।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत ड्रिप और स्प्रिंकलर जैसी माइक्रो इरिगेशन तकनीकों को अपनाने वाले किसानों को 80 प्रतिशत तक अनुदान दिया जा रहा है। यह तकनीक न केवल जल उपयोग की दक्षता को बढ़ाती है, बल्कि इससे फसल की गुणवत्ता और उत्पादकता में भी सुधार होता है।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि इस योजना से खेती की लागत कम होगी और अधिक लाभ प्राप्त होगा। इन दोनों योजनाओं का उद्देश्य केवल उत्पादन बढ़ाना नहीं है, बल्कि किसानों की आय को दोगुना करना, ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार को बढ़ावा देना और बेरोजगार युवाओं को आधुनिक कृषि पद्धतियों से जोड़ना भी है। साथ ही सरकार द्वारा बागवानी और सिंचाई तकनीकों में तकनीकी प्रशिक्षण की भी व्यवस्था की गई है, जिससे किसान वैज्ञानिक तरीकों से खेती कर सकें।उन्होंने कहा कि एकीकृत बागवानी मिशन के तहत् आम और लीची की खेती के लिए प्रति हेक्टेयर कुल दो लाख रूपये की लागत आती है, जिसमें किसानों को 50 प्रतिशत का अनुदान दिया जाता है। केला और पपीता की खेती में प्रति हेक्टेयर 60 हजार रूपये की लागत आती है, जिसमें किसानों को 75 प्रतिशत का अनुदान दिया जाता है। श्री सिन्हा ने कहा कि किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में बागवानी एक प्रभावशाली माध्यम बन सकता है। फलदार वृक्षों की खेती से किसानों को पारंपरिक फसलों की तुलना में अधिक लाभ प्राप्त होता है। बाजार में फलों की निरंतर मांग, बेहतर मूल्य और प्रसंस्करण की संभावनाएं बागवानी को आयवर्धक बनाती हैं। सरकार द्वारा अनुदान, तकनीकी प्रशिक्षण और माइक्रो इरिगेशन जैसी आधुनिक सुविधाएं किसानों को बागवानी की ओर आकर्षित कर रही हैं।

# पिता इस यूनिवर्स की सबसे बड़ी शक्ति : वसंत विजयानंद गिरी जी महाराज

> पांडे परिवार को दिया पूज्यपाद जगद्गुरु ने आशीर्वाद, जगद्गुरु 18 को बिलासपुर एवं 23 को उज्जैन में

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

हल्द्वानी। परमहंस परिव्राजकाचार्य अनन्त श्री विभूषित कृष्णगिरी पीठाधीश्वर जगद्गुरु 1008 परम पूज्यपाद श्री वसन्त विजयानन्द गिरी जी महाराज ने कहा कि एक बच्चे के लिए पिता इस यूनिवर्स की सबसे बड़ी शक्ति होते है। वे चाहे परमपिता परमात्मा हो, जन्म देने वाले पिता हो, अथवा गुरु स्वरूप पिता हो। वे यहां हेमंत पांडे परिवार के निवास पर कृपामय आशीर्वाद देने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि पिता का सदैव आत्मीय भाव से मान सम्मान करना चाहिए। साथ ही पिता के रूप में उन्हें प्राउड फील हो ऐसा ही काम होना चाहिए। पिता के प्रति ऐसा ग्रेटीट्यूड होने पर व्यक्ति को वेल्थ, हेल्थ एवं हैप्पीनेस मिलता ही है। कुल मिलाकर इस यूनिवर्स की यश, कीर्ति अर्थात समस्त खुशियों को भी दिलाता है। वे बोले, इसमें भी नकारात्मकता को व्यक्ति को त्यागना होगा, यदि सकारात्मक ही रहे तो असीमित वाइब्रेशन हमें आगे बढ़ाने में मदद करती है। उन्होंने कहा कि आज के दौर में व्यक्ति मेहनत खूब करता है लेकिन पिता पर विश्वास नहीं करता है ऐसे में यूनिवर्स की अदृश्य शक्तियों पर विश्वास भी जरूर करना चाहिए। इस दौरान उन्होंने अपने प्रेरणादाई आशीर्वचनों में यह भी कहा कि संतों का, गुरु का यही काम है कि भक्त के जीवन को प्रकाशमय कर दे अर्थात् रोशनी से भर दे। पूज्य गुरुदेवश्रीजी ने कहा



कि जो संतों के चरणों में रहते हैं नैतिक व श्रेष्ठ हो जाते हैं उन्हें स्वतः मार्गदर्शन मिल ही जाता है। इस मौके पर श्रीमती हेमा, नीलांस, लिजा, सहित बड़ी संख्या में गुरुभक्त मौजूद रहे। श्री पार्श्व पद्मावती शक्तिपीठ तीर्थ धाम कृष्णगिरी तमिलनाडु के हल्द्वानी चैप्टर प्रमुख हेमंत पांडे ने बताया कि पूज्य पाद जगदुरु श्री वसंत विजयानंद गिरी जी महाराज आगामी 18 अप्रैल को छत्तीसगढ़ राज्य के बिलासपुर प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान श्री चक्र महामेरु पीठाधीपति श्री सच्चिदानंद तीर्थ महास्वामीजी महाराज के निमंत्रण पर राजगोपुरम स्थित श्री राजराजेश्वरी मंदिर के भूमिपूजन समारोह में दिव्य सानिध्य प्रदान करेंगे। उन्होंने बताया कि इसके बाद पूज्य गुरुदेवश्रीजी मध्य प्रदेश स्थित बाबा श्री महाकाल की नगरी उज्जैन में निर्माणाधीन श्री रत्नेश्वर महादेव मंदिर में 23 अप्रैल को विशेष समय मुहूर्त में विश्व के सबसे विशाल एवं बड़े 3200 किलो की अष्टधातु से निर्मित भगवान गणपतिजी के विग्रह प्रतिमा का प्रवेश कराएंगे। इसके बाद 29 अप्रैल तक भक्त वत्सल जगदुरु श्रीजी देवी अहिल्याबाई की पावन नगरी इंदौर प्रवास पर रहेंगे।

## सीईआईआर पोर्टल के उपयोग से पू. सी. रेलवे को मिली बड़ी सफलता

# 500 से अधिक फ़ोन का लगाया पता

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**मालीगांव।** पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे ने सेंट्रल इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर (सीईआईआर) पोर्टल की मदद से खोए हुए मोबाइल फोन का पता लगाने और इसकी वापसी में उल्लेखनीय प्रगति की है। यात्री सुरक्षा बढ़ाने और मूल्यवान संपत्तियों की वापसी के लिए 20 अप्रैल, 2024 से 7 अप्रैल, 2025 के बीच किए गए ठोस कार्रवाई में महत्वपूर्ण परिणाम मिले हैं। इस अवधि के दौरान, 528 मोबाइल फोन का सफलतापूर्वक पता लगाया गया। यह पहल सुरक्षा सुनिश्चित करने और त्वरित जन सेवा प्रदान करने में प्रौद्योगिकी की बढ़ती भूमिका को उजागर करती है।

इस अवधि के दौरान, 528 मोबाइल फोन का सफलतापूर्वक पता लगाया गया। इनमें से 109 डिवाइस रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) और संबंधित अधिकारियों के समन्वित




प्रयासों से बरामद किए गए। बरामदगी के अलावा, मोबाइल फोन की चोरी या अवैध मालिकाना में शामिल 21 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। ये गिरफ्तारियाँ मोबाइल से संबंधित अपराधों को रोकने और गैरकानूनी रूप से पुनर्विक्रय नेटवर्क की रोकथाम में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि बरामद किए गए मोबाइल फोन उनके वास्तविक मालिकों को लौटा दिए गए, जो इस सिस्टम की प्रभावशीलता और जन सेवा के लिए पू. सी. रेलवे की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

यात्रियों को रेल मदद के माध्यम से किसी भी खोए या चोरी हुए मोबाइल फोन की रिपोर्ट करने के लिए पू. सी. रेलवे प्रोत्साहित करता है। आरपीएफ यात्रियों के हितों की रक्षा और सुरक्षित यात्रा अनुभव सुनिश्चित करने के प्रति समर्पित है। निरंतर प्रयासों और जन सहयोग से, रेलवे का लक्ष्य अपने नेटवर्क में सुरक्षा और विश्वास को और अधिक बढ़ाना है।

# प्रधानमंत्री द्वारा हरियाणा के यमुनानगर में कंप्रेस्ड बायोगैस प्लांट का शिलान्यास

अर्थ प्रकाश संवाददाता

यमुनानगर। स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण कदम के रूप में, माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा हरियाणा के यमुनानगर में कंप्रेस्ड बायोगैस (सीबीजी) प्लांट का शिलान्यास किया गया। 90 करोड़ की लागत से बनने वाली इस परियोजना की वार्षिक उत्पादन क्षमता 2,600 मीट्रिक टन से अधिक होगी। मई, 2027 तक इस परियोजना के पूर्ण होने की उम्मीद जताई है।

इस प्लांट में नगरपालिका के ठोस अपशिष्ट और मवेशियों के गोबर जैसे अपशिष्टों/बायोमास से, अवायवीय अपघटन की प्रक्रिया द्वारा कंप्रेस्ड बायोगैस (सीबीजी) का उत्पादन किया जाएगा। इस परियोजना का शिलान्यास स्वच्छ, सशक्त और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की दिशा में एक मजबूत एवं सार्थक कदम है, जो देश को खुशहाल और टिकाऊ भविष्य की ओर अग्रसर करेगा।

# डिप्रेशन को मिटाएं- रेकी को अपनाएं

डिप्रेशन एक जटिल और गंभीर मानसिक स्वास्थ्य स्थिति है जो दुनिया भर में लाखों लोगों को प्रभावित करती है। दुनियाभर में लाखों लोग इस समस्या से परेशान हैं और उपचार के लिए रेकी का सहारा ले रहे हैं। रेकी, एक प्रकार की ऊर्जा उपचार एवं डिप्रेशन के लिए एक कारगर थेरेपी के रूप में लोकप्रियता प्राप्त कर रही है।

**रेकी कैसे काम करती है**

रेकी इस विचार पर आधारित है कि शरीर में एक जन्मजात ऊर्जा होती है। रेकी तनाव कम करने और आराम करने की एक जापानी तकनीक है जो उपचार को भी बढ़ावा देती है।

**डिप्रेशन के लिए रेकी के लाभ**

**1. तनाव और चिंता को कम करती है:** रेकी दिमाग और शरीर को



शांत करने में मदद कर सकती है, जिससे तनाव और चिंता कम होती है जो डिप्रेशन को बढ़ा सकती है।

**2. आराम को बढ़ावा देती है:** रेकी गहरी आराम की स्थिति को प्रेरित करती है, जिससे मूड में सुधार हो सकता है और डिप्रेशन के लक्षण कम हो सकते हैं।

**3. ऊर्जा को संतुलित करती है:** रेकी शरीर की ऊर्जा को संतुलित करने का प्रयास करती है, जो तनाव, आघात या अन्य कारणों से असंतुलित हो सकती है जो डिप्रेशन में योगदान करते हैं।

**4. आत्म-जागरूकता को बढ़ाती है:** रेकी आत्म-जागरूकता बढ़ा सकती है, जिससे व्यक्ति अपने विचारों, भावनाओं और व्यवहारों को बेहतर ढंग से समझ सकता है।

**कैसे किया जाता है रेकी उपचार**

1. **प्रारंभिक परामर्श:** आपकी जरूरतों और लक्ष्यों को समझने के लिए रेकी एक्सपर्ट के साथ चर्चा।

2. **ऊर्जा उपचार:** चिकित्सक आपके शरीर में ऊर्जा चैनल और संचारित करने के लिए रेकी पद्धति का उपयोग करेंगे।

3. **आराम:** आपको आराम करने और गहराई से सांस लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा, जिससे ऊर्जा को प्रवाहित होने दिया जा सके।

अपने मानसिक स्वास्थ्य दिनचर्या में रेकी की उपचार विधि को अपनाकर व्यक्ति डिप्रेशन से निजात पाने में सफल हो सकता है। एक्सपर्ट द्वारा दी गयी सलाह को अपनाकर आप भी अपनी दैनिक दिनचर्या में सुधार ला सकते हैं।

1. **आराम बढ़ाने के लिए:** तनाव और चिंता को कम करने के लिए रेकी का उपयोग करें।

2. मूड स्विंग्स कम करने के लिए- रेकी सेशंस अपनाएँ

3. आत्म-जागरूकता बढ़ाने के लिए- रेकी आत्म-जागरूकता बढ़ा सकती है, जिससे आप अपने विचारों और भावनाओं को बेहतर ढंग से समझ सकते हैं।

**नवनीत कौर**
रेकी मास्टर हीलर

# राम मंदिर परिसर में संत तुलसीदार की प्रतिमा स्थापित

अर्थ प्रकाश/टी.डी. पाण्डेय

**अयोध्या।** अयोध्या में श्रीरामजन्मभूमि पर भव्य और दिव्य मंदिर के परिसर में संत तुलसीदास जी की भव्य प्रतिमा का मंगलवार को विधिवत पूजन कर लोकार्पण किया गया है। श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री चम्पत राय ने बताया कि अयोध्या की पावन धरती पर रामभक्तों को एक और आध्यात्मिक सौगात मिली है। वैशाख कृष्ण द्वितीया, विक्रम संवत् 2082 मंगलवार को श्रीरामजन्मभूमि मंदिर परिसर में संत तुलसीदास जी की प्रतिमा का विधिवत् पूजन कर लोकार्पण किया गया है। उन्होंने बताया कि यह प्रतिमा श्रीरामजन्मभूमि परिसर स्थित यात्री सुविधा केन्द्र के पूर्वी प्रवेश द्वार प्रांगण में स्थापित की गयी है। यह प्रतिमा उन करोड़ों हिन्दुओं के लिये आस्था व प्रेरणा का स्रोत बनेगी जो वर्ष भर श्रीरामलला के दर्शन हेतु अयोध्या आते हैं। अब मंदिर प्रवेश से पहले उन्हें संत तुलसीदास जी के दर्शन का पुण्य भी प्राप्त होगा। श्री राय ने बताया कि संत तुलसीदास जी जिन्होंने रामचरित मानस की रचना कर श्रीरामकथा को घर-घर तक पहुंचाया, उनकी प्रतिमा का यह स्थान श्रद्धालुओं को मानस के भाव लोक में प्रवेश कराने जैसा अनुभव देगा। यह प्रतिमा न केवल एक स्मारक है, बल्कि राम भक्ति परम्परा की निरन्तरता का प्रतीक भी है। उन्होंने बताया कि संत तुलसीदास की भव्य प्रतिमा का लोकार्पण पूर्ण वैदिक विधि विधान से सम्पन्न हुआ। पूजा-अर्चना के उपरान्त श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ इसे खोला गया। इस मौके पर ट्रस्ट के अन्य पदाधिकारी व सेवक भी उपस्थित रहे। श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री चम्पत राय के अनुसार राम नगरी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक गरिमा को बढ़ाने वाले इस योजना से श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा गया है।

# नशे के खिलाफ 'आप' की बड़ी योजना, पंजाब को पांच जोनों में बांटा गया: अरोड़ा

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 15 अप्रैल।** पंजाब से नशे को पूरी तरह खत्म करने के लिए आम आदमी पार्टी गंभीरतापूर्वक काम कर रही है। मंगलवार को नशे को लेकर पार्टी ने एक बड़ा कदम उठाते हुए पंजाब को पांच जोन में बांटकर नशे के खिलाफ व्यापक जागरूकता अभियान चलाने के लिए 'नशा मुक्ति मोर्चा' नाम से एक स्पेशल कमेटी का गठन किया है।

आप नेता और पंजाबी अभिनेत्री सोनिया मान को माझा जोन का को-ऑर्डिनेटर बनाया गया है। नयन छाबड़ा को दोआबा का, जगदीप जग्गा को मालवा ईस्ट, चुसपिंदर सिंह चहल को मालवा वेस्ट और सुखदीप सिंह ढिलवां को मालवा सेंट्रल जोन का को-ऑर्डिनेटर नियुक्त किया गया है। वहीं पार्टी के वरिष्ठ नेता बलतेज पन्नू को जागरूकता अभियान कमेटी का मुख्य प्रवक्ता बनाया गया है।

पार्टी मुख्यालय चंडीगढ़ में आप पंजाब के प्रधान अमन अरोड़ा ने कमेटी के सभी सदस्यों के साथ इस मुद्दे को लेकर एक प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित किया। अरोड़ा ने कहा कि आम आदमी पार्टी पंजाब से नशा खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है। जब तक पंजाब से नशा पूरी तरह खत्म नहीं हो जाता, हमारी यह लड़ाई चलती रहेगी।

उन्होंने कहा कि आप सरकार द्वारा चलाए जा रहे 'युद्ध नशयां विरूद्ध' को अभूतपूर्व सफलता मिली है। हजारों की संख्या में ड्रग्स तस्कर और अपराधी पकड़े गए। हजारों लोगों पर एफआईआर हुई और अवैध भूमि पर कब्जा कर बनाई गई दर्जनों संपत्तियों को ध्वस्त किया गया।

अरोड़ा ने कहा कि इस अभियान के तहत सरकार ने डिमांड और सप्लाई दोनों पर अंकुश लगाने के दोहरी रणनीति के साथ काम किया। एक तरफ नशा तस्करों पर सख्त कार्रवाई की गई और दूसरी तरफ नशे से पीड़ित व्यक्तियों को नशा मुक्ति केन्द्रों में अच्छे ढंग से ईलाज कराया गया और नशे से निकलने के लिए उन्हें हर तरह का सहयोग किया गया।

अब पार्टी ने अपने स्तर पर यह जागरूकता अभियान शुरू करने जा रही है। इसके तहत कमेटी से जुड़े लोग पंजाब के सभी घरों तक पहुंच करेंगे और कैंपेन व अन्य तरह के अभियान चलाकर नशे के खिलाफ लोगों को जागरूक करेंगे।

### आने वाले दिनों में मंत्री व विधायम सभी गांवों में जाकर अभियान चलाएंगे

अमन अरोड़ा ने बताया कि अभियान से संबंधित नियमित जानकारी के लिए एक ऑफिशियल प्लेटफार्म भी बनाया जाएगा जिसके माध्यम से कमेटी के कामों और नतीजों को बताया जाएगा। अरोड़ा ने कमेटी के सभी सदस्यों को शुभकामनाएं दी और कहा कि मुझे भरोसा है कि हमारे साथी इस काम को सफलतापूर्वक संपन्न करेंगे। अरोड़ा ने बताया कि पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने पिछले दिनों में लुधियाना में इसकी घोषणा भी कि थी कि आने वाले दिनों में वह मुख्यमंत्री भगवंत मान, सभी कैबिनेट मंत्री व विधायक एवं पार्टी नेताओं कार्यकर्ताओं के साथ गांवों में जाएंगे और जागरूकता अभियान चलाएंगे।

# पंजाब सरकार का ऐतिहासिक फैसला: प्रिंसिपलों के लिए पदोन्नति का कोटा बढ़ाकर 75 प्रतिशत किया

कांग्रेस सरकार ने पदोन्नति का कोटा किया था कम, आप सरकार योग्य शिक्षकों को उनका हक देगी: हरजोत बैंस

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 15 अप्रैल।** स्कूल प्रिंसिपलों की कमी को दूर करने और सरकारी स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, पंजाब की आम आदमी पार्टी (आप) सरकार ने स्कूल प्रिंसिपलों के लिए पदोन्नति कोटा बढ़ाकर 75 प्रतिशत कर दिया है। इस निर्णय से राज्य के स्कूलों में 500 नए प्रधानाचार्यों की नियुक्ति का मार्ग प्रशस्त होगा।

पिछली कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में प्रधानाचार्यों की पदोन्नति का कोटा घटाकर 50 प्रतिशत कर दिया गया था, जिसके कारण पंजाब के सरकारी स्कूलों में प्रधानाचार्यों की भारी कमी हो गई थी। इस परिवर्तन से न केवल वरिष्ठ शिक्षकों के लिए पदोन्नति के अवसर बाधित हुए, बल्कि भर्ती प्रक्रिया में देरी और कानूनी विवादों के कारण भारी रिक्तियां भी उत्पन्न हुईं।

पिछली सरकार की विफलताओं पर प्रकाश डालते हुए पंजाब के शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने कहा, ÷2018 में कांग्रेस सरकार ने नियमों में बदलाव किया, जिससे प्रिंसिपलों के लिए पदोन्नति कोटा 75 प्रतिशत से घटाकर 50 प्रतिशत कर दिया गया। इस अन्यायपूर्ण बदलाव ने शिक्षकों को उनकी उचित पदोन्नति से वंचित कर दिया और कई स्कूलों को प्रिंसिपल विहीन कर दिया। वहीं इसके कारण नियुक्तियों का एक लंबित मामला कानूनी चुनौतियों में फंस गया, जिससे समस्या और जटिल हो गई।'

मंत्री बैंस ने प्रिंसिपलों के लिए 75 प्रतिशत पदोन्नति कोटा बहाल करने के पंजाब सरकार के फैसले की घोषणा की, जिससे बड़ी संख्या में योग्य वरिष्ठ अध्यापकों को स्कूलों में नेतृत्व की भूमिका निभाने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा, 'इस निर्णय से राज्य भर में लगभग 500 नए प्रधानाचार्यों की पदोन्नति हो सकेगी, जिससे यह सुनिश्चित होगा कि हमारे स्कूलों में शैक्षिक उत्कृष्टता को आगे बढ़ाने के लिए प्रभावी शिक्षक होंगे। यह हमारे शिक्षकों के अधिकारों को भी बहाल करता है, जिन्हें पिछली सरकार ने अन्यायपूर्ण तरीके से छीन लिया था।'

मंत्री ने कहा कि आप सरकार ने पंजाब की शिक्षा प्रणाली में सुधार लाने, शिक्षकों को सशक्त बनाने और विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित करने को लगातार प्राथमिकता दी है। यह ऐतिहासिक निर्णय शिक्षा क्षेत्र में दीर्घकालिक चुनौतियों के समाधान में मददगार साबित होगा।

# 'युद्ध नशों विरूद्ध' के 46वें दिन 97 नशा तस्कर गिरफ्तार; 1.6 किलोग्राम हेरोइन, 29.7 हजार रुपये की ड्रग मनी बरामद

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 15 अप्रैल।** राज्य से नशों के संपूर्ण खात्मे के लिए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान द्वारा शुरू किए गए 'युद्ध नशों विरूद्ध' को लगातार 46वें दिन भी जारी रखते हुए पंजाब पुलिस ने आज 97 नशा तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 1.6 किलो हेरोइन और 29,790 रुपये ड्रग मनी बरामद की है। इस प्रकार सिर्फ 46 दिनों में गिरफ्तार किए गए कुल नशा तस्करों की संख्या 6138 हो गई है। यह ऑपरेशन डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस (डीजीपी) पंजाब गौरव यादव के निर्देशों पर राज्य के सभी 28 पुलिस जिलों में एक साथ चलाया गया। जिक्रयोग्य है कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने पुलिस कमिश्नरों, डिप्टी कमिश्नरों और सीनियर सुपरिंटेंडेंट ऑफ पुलिस को पंजाब को नशा मुक्त राज्य बनाने के निर्देश दिए हैं। पंजाब सरकार द्वारा नशों के खिलाफ युद्ध की निगरानी के लिए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा की अगुवाई में 5 सदस्यीय कैबिनेट उप-समिति भी बनाई गई है।

इस ऑपरेशन के बारे में जानकारी देते हुए विशेष डीजीपी कानून और व्यवस्था अर्पित शुक्ला ने बताया कि 72 गजटिड अधिकारियों की निगरानी में 1200 से अधिक पुलिस कर्मियों वाली 200 से ज्यादा पुलिस टीमों ने राज्य भर में 433 स्थानों पर छापामारी की, जिसके दौरान राज्य भर में 60 एफआईआर दर्ज की गई हैं। उन्होंने आगे बताया कि दिनभर चले इस ऑपरेशन के दौरान पुलिस टीमों ने 475 संदिग्ध व्यक्तियों की भी जांच की है।

विशेष डीजीपी ने बताया कि पंजाब सरकार द्वारा राज्य में नशों के खात्मे के लिए तीन-आयामी रणनीति - प्रवर्तन, डी-एडिक्शन और निवारण (ईडीपी) - लागू की गई है और पंजाब पुलिस द्वारा इस रणनीति के 'डी-एडिक्शन' हिस्से के तहत 8 व्यक्तियों को नशा मुक्ति और पुनर्वास इलाज कराने के लिए प्रेरित किया गया है।

# राजस्व विभाग सेवाओं को सुचारू बनाने के लिए सरकार ने किया बड़ा प्रयास: चीमा

बिना विरोध वाले इंतकालों' की तस्दीक, नकल मुहैया करने की सेवा, आय प्रमाण पत्र जारी करने और राजस्व रिकॉर्डों की जांच के संबंध में बकाया पड़े मामले 30 अप्रैल तक निपटाए जाएंगे

डिप्टी कमिश्नर रोज़ाना के आधार पर बकाया मामलों की निगरानी करेंगे

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 15 अप्रैल।** राजस्व विभाग में जन सेवाओं को सुचारू बनाने और किसी भी प्रकार के भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए पंजाब के वित्त मंत्री एडवोकेट हरपाल सिंह चीमा ने आज घोषणा की कि बिना विरोध वाले इंतकालों की तस्दीक, नकल मुहैया करने की सेवा, आय प्रमाण पत्र जारी करने और राजस्व रिकॉर्डों की जांच संबंधी सभी बकाया केसों का निपटारा 30 अप्रैल 2025 तक करने सहित कई अहम कदमों का ऐलान किया। यहां पंजाब भवन में प्रेस कांफ्रेंस के दौरान यह घोषणा करते हुए उनके साथ राजस्व मंत्री स. हरदीप सिंह मुंडियां और अतिरिक्त मुख्य सचिव-कम-राजस्व आयुक्त राजस्व श्री अनुराग वर्मा भी उपस्थित थे। वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने बताया कि राजस्व विभाग को पिछले एक साल में बिना विरोध वाले इंतकालों की तस्दीक संबंधी 8,42,362, नकल मुहैया करने की सेवा संबंधी 31,164, आय प्रमाण पत्र जारी करने संबंधी 5,33,054, और राजस्व रिकॉर्डों की जांच संबंधी 1,73,140 आवेदन प्राप्त हुये, जिनमें से 26,658, 17,400, 4,362 और 2,123 निर्धारित समय सीमा से बाहर लंबित थीं। उन्होंने कहा कि इन सभी बकाया केसों का निपटारा 30 अप्रैल तक कर दिया जाएगा। इस मौके पर बिना विरोध वाले इंतकालों की तस्दीक के लिए 1 मई 2025 से निर्धारित समय 45 दिन से घटाकर 30 दिन करने की घोषणा करते हुए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि बकाया आवेदनों के समय पर निपटारे को सुनिश्चित करने के लिए डिप्टी कमिश्नर अब रोज़ाना के आधार पर बकाया पड़े केसों की निगरानी करेंगे।

उन्होंने कहा कि नकल सेवा के लिए निर्धारित समय सीमा 10 दिन, आय प्रमाण पत्र के लिए 15 दिन और राजस्व रिकॉर्ड की जांच के लिए 7 दिन है। वित्त मंत्री ने आगे कहा कि राजस्व विभाग के संबंधित सरकारी अधिकारी या कर्मचारी की निर्धारित समय सीमाओं के अनुसार सेवाएं प्रदान करने के लिए जवाबदेही तय की गई है और किसी भी प्रकार की देरी की स्थिति में उनके खिलाफ मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की अगुवाई वाली पंजाब सरकार की सेवाओं में देरी और भ्रष्टाचार प्रति जीरो-टोलरेंस नीति के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

राजस्व विभाग की वेबसाइट www.jamabandi.punjab.gov.in. के माध्यम से नागरिकों को इंतकालों के लिए सीधे तौर पर आवेदन जमा कराने की सुविधा देने वाले ऑनलाइन मॉड्यूल के बारे में जानकारी साझा करते हुए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि इस डिजिटल पहुंच का उद्देश्य कार्य-प्रणाली को सरल बनाना और कार्यकुशलता और जवाबदेही को बढ़ाकर लोगों के सरकारी दफ्तरों के बेफिजूल दौरों को घटाना है।

# बरिंदर कुमार गोयल ने विभिन्न सरकारी स्कूलों में 1.90 करोड़ के विकास कार्यों का किया उद्घाटन



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**लहरागागा, 15 अप्रैल।** पंजाब के कैबिनेट मंत्री बरिंदर कुमार गोयल ने मंगलवार को विधानसभा हलका लैहरा के अंतर्गत आने वाले विभिन्न सरकारी स्कूलों में लगभग 1.90 करोड़ रुपये की लागत से हुए विकास कार्यों का उद्घाटन किया। इस दौरान एकत्रता को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री श्री बरिंदर कुमार गोयल ने कहा कि राज्य के सरकारी स्कूलों को हर पक्ष से सर्वोत्तम सुविधाएं प्रदान करने का उद्देश्य विद्यार्थियों को उच्च स्तर की और आधुनिक शिक्षा देकर समय का साथी बनाना है ताकि वे आने वाले समय में मुकाबले की कठिन परीक्षाओं को सुगम तरीके से पास करने के सक्षम बन सकें और अपनी मेहनत और लगन से ऐसी बुलंदियों को हासिल करके नाम कमा सकें, जिन बुलंदियों का वे सपना देखते हैं। श्री गोयल ने संबोधन के दौरान बताया कि पंजाब सरकार द्वारा अब तक 55 हज़ार से भी अधिक युवाओं को सरकारी नौकरियां प्रदान करके कीर्तिमान स्थापित किया गया है। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों के हुनर को निखारकर दिलचस्पी के मुताबिक शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया जाता है ताकि वे बारहवीं पास करने के बाद मुकाबले की परीक्षाओं में हिस्सा लेने के योग्य बन सकें और मनपसंद के पदों पर सेवाएं निभा सकें।

# आईआईटी रोपड़ ने हार्वर्ड के वैश्विक 6वीं स्वास्थ्य प्रणाली नवाचार हैकाथॉन 2025 के भारतीय संस्करण की मेजबानी की

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**रोपड़/चंडीगढ़, 15 अप्रैल।** आईआईटी रोपड़ में डॉ. रणबीर सिंह टिंकरर्स लैब ने हार्वर्ड स्वास्थ्य प्रणाली नवाचार लैब (एचएसआईएल) द्वारा आयोजित 6वें स्वास्थ्य प्रणाली नवाचार हैकाथॉन के इंडिया हब की सफलतापूर्वक मेजबानी की, जिसका विषय था 'उच्च-मूल्य स्वास्थ्य प्रणाली का निर्माण- आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का लाभ उठाना।'

कार्यक्रम का मार्गदर्शन और समर्थन सलाहकारों और पेशेवरों की एक प्रतिष्ठित टीम द्वारा किया गया, जिसमें डॉ. धीरज कुमार महाजन (प्रभारी प्रोफेसर), नेहा गुप्ता (स्वास्थ्य सेवा नेता और रोगी अनुभव विशेषज्ञ), डॉ. ब्रजेश रावत (प्रभारी प्रोफेसर), डॉ. खुशमन कौर भुल्लर (एचएसआईएल हैकाथॉन आयोजन टीम), गुरजोत नरवाल (संस्थापक और सीईओ, गिनी हेल्थ), डॉ. बी.पी.एस. परमार (लैपरो-एंडोस्कोपिक सर्जन, परमार अस्पताल), प्रो. राजीव आहूजा (निदेशक, आईआईटी रोपड़) और डॉ. पुष्पेंद्र पी. सिंह (डीन आरएंडडी, आईआईटी रोपड़) शामिल थे।

छह अंत:विषय टीमों ने भाग लिया, जिसमें चिकित्सा, एआई, इंजीनियरिंग और सार्वजनिक स्वास्थ्य के छात्र और पेशेवर शामिल थे। नैदानिक, तकनीकी और उद्यमी पृष्ठभूमि के सलाहकारों के मार्गदर्शन में, प्रतिभागियों ने इलेक्ट्रॉनिक स्वास्थ्य रिकॉर्ड विश्लेषण और मानसिक स्वास्थ्य सहायता से लेकर एआई-सक्षम निदान, बाल चिकित्सा देखभाल और बुद्धिमान स्वास्थ्य सेवा संचार प्रणालियों जैसी वास्तविक दुनिया की चुनौतियों का सामना किया।

दो दिनों के गहन विचार-विमर्श और पिचिंग के बाद, टीम पाइडपाइपर को 6वीं हेल्थ सिस्टम इनोवेशन हैकथॉन 2025 का विजेता घोषित किया गया। टीम- शुभम मोजिद्रा, प्रसाद जुमारे, सत्यांश मित्तल और धनव गर्ग- ने हॉस्पिटलएआई विकसित किया, जो एआई-संचालित कॉल प्रबंधन प्रणाली है। उनका समाधान अस्पताल की कॉल को वास्तविक समय (अंग्रेजी और हिंदी) में ट्रांसक्राइब करता है, प्रश्नों को वर्गीकृत करने के लिए स्वास्थ्य सेवा-विशिष्ट एनएलपी का उपयोग करता है, और उन्हें उचित विभागों में भेजता है - जिससे देरी कम होती है, कर्मचारियों का कार्यभार कम होता है, और रोगी अनुभव में सुधार होता है। टीम पाइडपाइपर ने कहा, 'भारत की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली में एक महत्वपूर्ण अक्षमता से निपटने के लिए एआई का लाभ उठाकर, हमारा लक्ष्य पहुंच और परिचालन दक्षता को बढ़ाना है, जहां इसकी सबसे अधिक आवश्यकता है, वहां मापनीय प्रभाव प्रदान करना है।'

इस जीत ने उन्हें एक केंद्रित दो-सप्ताह के बूटकैंप में स्थान दिलाया - जो उनकी पिच को निखारने और उनके विचार को और विकसित करने का एक महत्वपूर्ण चरण है। इसके बाद, एक चुनिंदा एचएसआईएल पैनल एक विस्तारित बूटकैंप के लिए 20 शीर्ष प्रदर्शन करने वाली टीमों को शॉर्टलिस्ट करेगा, जो गहन मार्गदर्शन और रणनीतिक सलाह प्रदान करेगा। वहां से, आठ असाधारण टीमों को एक कठोर चार-सप्ताह के ऑनलाइन ॥स्ढ्रुरु वेंचर इनक्यूबेशन प्रोग्राम में भाग लेने के लिए चुना जाएगा, जिसमें विशेष सेमिनार, इंटरैक्टिव कार्यशालाएं और समर्पित एक एक करके सलाह शामिल होगी। इस कार्यक्रम ने अंत:विषयक नवाचार के केंद्र के रूप में आईआईटी रोपड़ की भूमिका और भारत में एआई-संचालित स्वास्थ्य सेवा को आगे बढ़ाने के प्रति इसकी प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

# तीन वर्षों में पंजाब सरकार ने सरकारी स्कूलों की नुहार बदली: सौंद

## सौंद ने क्षेत्र खन्ना के 4 अन्य सरकारी स्कूलों में 34.50 लाख रुपये के बुनियादी ढांचे की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**खन्ना, 15 अप्रैल।** कैबिनेट मंत्री और खन्ना के विधायक तरुनप्रीत सिंह सौंद ने क्षेत्र खन्ना के 4 अन्य सरकारी स्कूलों के बुनियादी ढांचे की विकास परियोजनाओं के उद्घाटन के मौके पर कहा कि तीन वर्षों में मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की अगुवाई वाली पंजाब सरकार ने राज्य के सरकारी स्कूलों की नुहार बदल दी, जबकि पिछली सरकारें 70 वर्षों में कुछ नहीं कर सकीं। उन्होंने कहा कि यदि नीयत अच्छी हो, तो सब कुछ संभव है।

ग्रामीण विकास एवं पंचायत, उद्योग एवं वाणिज्य, पूंजी निवेश प्रोत्साहन, श्रम और पर्यटन तथा सांस्कृतिक मामलों के बारे में मंत्री तरुनप्रीत सिंह सौंद ने राज्य सरकार द्वारा शुरू किए गए 'पंजाब शिक्षा क्रांति' कार्यक्रम के तहत मंगलवार को क्षेत्र खन्ना के चार सरकारी प्राइमरी, हाई और सीनियर सेकेंडरी स्कूलों में 34.50 लाख रुपये के बुनियादी ढांचे की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इससे पहले भी क्षेत्र के कई स्कूलों की नुहार बदली जा चुकी है। उन्होंने कहा कि स्कूलों में विकास परियोजनाओं के उद्घाटन का सिलसिला जारी रहेगा। कैबिनेट मंत्री ने जिन 4 स्कूलों में विकास कार्यों का उद्घाटन किया है, उनमें सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल बीजा में 9.65 लाख रुपये की लागत से लाइब्रेरी तैयार करवाई गई, 3 लाख रुपये की लागत से स्कूल की चारदीवारी की गई और 1.40 लाख रुपये की लागत से बच्चों के लिए बाथरूम तैयार करवाया गया है। सरकारी हाई स्कूल भुम्मदी में 11 लाख रुपये की लागत से साइंस लैब तैयार करवाई गई है। सरकारी प्राइमरी स्कूल फैजगढ़ में 6.26 लाख रुपये की लागत से कमरा तैयार करवाया गया और 1.25 लाख रुपये की लागत से प्रोजेक्टर पैनल और डेस्क लिए गए हैं। सरकारी प्राइमरी स्कूल कंमा में 1.44 लाख रुपये की लागत से स्कूल की दीवार बनाई गई और बच्चों के लिए बाथरूम पर 50 हजार रुपये खर्च किए गए हैं।

# 60 हजार रुपये रिश्वत मांगने के आरोप में विजिलेंस ब्यूरो द्वारा सिपाही गिरफ्तार

आरोपी ने शिकायतकर्ता से पहले लिए थे 50,000 रुपये

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 15 अप्रैल।** पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने भ्रष्टाचार के खिलाफ चलाई गई मुहिम के दौरान मंगलवार को सी.आई.ए.-2 स्टाफ, अमृतसर में तैनात सिपाही आदर्शदीप सिंह को 60,000 रुपये रिश्वत मांगने के आरोप में गिरफ्तार किया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए राज्य विजिलेंस ब्यूरो के सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि यह गिरफ्तारी अमृतसर के एक निवासी द्वारा मुख्यमंत्री की भ्रष्टाचार विरोधी एक्शन लाइन पर दर्ज करवाई गई शिकायत के आधार पर की गई है।

उन्होंने आगे बताया कि शिकायत के अनुसार आरोपी सिपाही ने अपने पड़ोसी कृष्ण कुमार के खिलाफ एफ.आई.आर. दर्ज न करने के बदले 60,000 रुपये रिश्वत की मांग की थी। शिकायतकर्ता ने आगे बताया कि उसका पड़ोसी कृष्ण कुमार पहले नशा तस्करी में शामिल था, लेकिन पुलिस की सख्त निगरानी और कार्रवाई के कारण वह सुधर गया और अब वह एक निजी सुरक्षा गार्ड के रूप में काम कर रहा है। सीआईए-2, अमृतसर के पुलिस मुलाजिमों ने कृष्ण कुमार के घर छापा मारा था, लेकिन वहां से उन्हें कुछ भी अवैध नहीं मिला। शिकायतकर्ता ने आगे बताया कि उक्त पुलिस मुलाजिम इस संबंध में रिश्वत के तौर पर पहले ही 50,000 रुपये ले चुका है और बाकी राशि की मांग कर रहा है।

प्रवक्ता ने आगे बताया कि जांच के दौरान शिकायत में लगाए गए आरोप सही पाए गए। इसके उपरांत उक्त आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार रोकथाम कानून के तहत विजिलेंस ब्यूरो के थाना अमृतसर रेंज में मामला दर्ज किया गया है और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसे कल अदालत में पेश किया जाएगा और इस केस की आगे की जांच जारी है।

# शहर के हाईवे व अंदरूनी इलाकों में अवैध निर्माण जारी

रिहायशी नक्शा पास करवा चल रहा कमर्शियल निर्माण

सरेआम सरकार के रेवेन्यू की चोरी, शिकायत के बाद भी सख्त करवाई नहीं

अर्थ प्रकाश/केके



शहर व हाईवे पर चल रहे अवैध निर्माण

**खन्ना, 15 अप्रैल।** खन्ना के हाईवे व अंदरूनी इलाके में सरकार के आदेशों की धज्जियां उड़ते अवैध निर्माण चल रहे हैं, जिससे सरकार को लाखों रुपए के रेवेन्यू का चूना लग रहा है, क्यों कि लोग रिहायशी नक्शा पास करवा कमर्शियल निर्माण कर रहे है, जो कि सरेआम की सरकार के रेवेन्यू की चोरी है, कई लोग तो बिना नक्शे के ही निमार्ण कर रहे है, हैरानी की बात यह है कि बताने व शिकायत देने के बाद भी कोई सख्त कार्यवाही नहीं दिख रही।

शहर के अमलोह रोड़ व मलेरकोटला रोड पर बनी जेठी नगर, दीपनगर, हाईवे पर बने डा, रणजीत खन्ना अस्पताल के सामने धड़ल्ले से अवैध निर्माण चल रहे हैं, इन में से निर्माण करने वाले व्यक्ति ने बिना नक्शा पास करवाए निमार्ण शुरू कर दिया, और कई लोग तो नशे के मुताबिक निर्माण नहीं कर रहे, जिसका खामियाजा आम लोगों को भुगतना पड़ता है, और कई लोग तो नक्शा रिहायशी पास करवा परन्तु काम कमर्शियल कर रहे हैं, इन पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।



ईओ, चरणजीत सिंह

इस संबंध में जब हमने बिल्डिंग ब्रांच की इचार्ज मैडम शिखा से बात की तो उन्होंने बताया कि मालेरकोटला रोड पर बने जेठी नगर की जो रिहायशी इलाके में अवैध बिल्डिंग बनाई जा रही थी ,उनके तीन नोटिस निकाल दिए गए हैं अब सिर्फ कार्रवाई होगी, दूसरा उन्होंने कहा कि हाईवे व जो दीप नगर में व्यक्ति ने जो हमें सूचना मिली थी कि उक्त व्यक्ति ने रिहायशी नक्शा पास करवा कमर्शियल निर्माण कर रहा उसे भी नोटिस निकाल दिया गया है, उन्होंने कहा कि जो भी व्यक्ति सरकार के आदेशों के मुताबिक काम नहीं करेगा उन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी, परन्तु नोटिस के बावजूद अवैध निमार्ण जारी है, निमार्ण बंद क्यों नही करवाया जाता और ना ही नोटिस के आगे की कार्यवाही की जाती।

इस संबंध में कुछ दिन पहले हमने ईओ चरणजीत सिंह से बात की और उन्हें बताया कि शहर में किस तरह से रिहायशी नक्शा पास करवा कमर्शियल निर्माण किया जा रहे हैं और कई लोग तो निर्माण ही गलत कर रहे हैं, तो इस पर चरणजीत सिंह ने कहा था कि हमने एक लिस्ट तैयार कर ली है, इन सभी पर सख्त कार्रवाई करेंगे, परंतु अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई, अब देखना होगा कि सख्त कार्रवाई कब करते है।

# रिफाइनरी ने ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण हेतु महत्वपूर्ण कदम उठाए : पंवार

**पीआरपीसी ने भारत रत्न बाबा साहेब डॉ.भीमराव अंबेडकर जी की 134वीं जयंती बड़े उत्साह एवं श्रद्धा भाव से मनाई**

अर्थ प्रकाश/सुभाष जैन



**पानीपत, 15 अप्रैल।** पानीपत रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स (पीआरपीसी) ने इंडियन ऑयल पानीपत एससी/एसटी इम्प्लाईज वेलफेयर एसोसिऐशन (आईपीसेवा) के सहयोग से भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की 134वीं जयंती बड़े उत्साह एवं श्रद्धा भाव से मनाई ।

सांस्कृतिक संध्या में मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री श्री कृष्ण लाल पंवार उपस्थिति रहे। इस कार्यक्रम में श्री एम. एल. डहरिया, कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख, पीआरपीसी ने विशेष अतिथि के रूप में सहभागिता की। कार्यक्रम में पीआरपीसी के मुख्य महाप्रबंधक, महाप्रबंधक, वरिष्ठ अधिकारीगण, आईओसीयनस एवं उनके परिजन, साथ ही आसपास के गांवों के सरपंच भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर क्रिकेट टूर्नामेंट, क्विज प्रतियोगिता, ड्राइंग और पेंटिंग प्रतियोगिता, शोभायात्रा, सांस्कृतिक कार्यक्रम और सहभोज जैसे विविध कार्यक्रमों का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।

अपने संबोधन में श्री कृष्ण लाल पंवार ने पानीपत रिफाइनरी द्वारा आस-पास के गांवों के सतत विकास हेतु किए जा रहे कार्यों की भूरी-भूरी सराहना की। उन्होंने कहा कि श्री एम. एल. डहरिया के नेतृत्व में रिफाइनरी ने ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा, स्वच्छता एवं बुनियादी सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण हेतु कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। सरकारी स्कूलों में कक्षाओं का निर्माण, कंप्यूटरों की उपलब्धता, छात्राओं को प्रोत्साहन स्वरूप साइकिल वितरण तथा 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान को मजबूती देना सराहनीय प्रयास हैं। इसके अतिरिक्त, गांवों में जल निकासी (ड्रैनेज) प्रणाली का निर्माण एवं ट्रैक्टर-ट्रॉली प्रदान कर बुनियादी ढांचे को सशक्त किया गया है। बच्चों को खेलों की ओर प्रेरित करने हेतु ग्रामीण खेल महोत्सव का वार्षिक आयोजन भी एक अनुकरणीय पहल है। उन्होंने इन कार्यों के लिए श्री डहरिया का विशेष आभार प्रकट किया।

अपने संबोधन में श्री एम एल डहरिया ने कहा कि बाबा साहेब भारत के युगपुरुष हैं और हर भारतीय के दिल में उनके प्रति सच्ची श्रद्धा एवं सम्मान है। उन्होंने आगे कहा कि बाबा साहेब, हमारे महान संविधान के प्रमुख शिल्पकार, एक उत्कृष्ट विद्वान, एक महान चिंतक, दार्शनिक, दूरदृशटा, अर्थशास्त्री, उदधारक एवं एक सच्चे राष्ट्रभक्त थे। उन्होंने समाज के शोषित एवं दलित वर्ग को उनके अधिकार दिलाने के लिए, कई सामाजिक आंदोलनों का नेतृत्व किया। श्री डहरिया ने अपने संबोधन के समापन से पहले बाबा साहेब के आदर्श वाक्य "We are Indians, Firstly and Lastly अर्थात हम सबसे पहले और अंत में भारतीय हैं÷ का भी स्मरण किया ।

इस अवसर पर श्री एम एल डहरिया ने इतने विशाल एवं विभिन्न कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक एवं भव्यता से आयोजित करने के लिए श्री ओमप्रकाश, मुख्य-महाप्रबंधक (मानव संसाधन) के नेतृत्व में व आईपीसेवा के अध्यक्ष श्री विरपालजी एवं सामान्य सचिव राजेश कुमार प्रधान के नेतृत्व में सभी प्रतिनिधिगण के कार्यो की भूरि-भूरि सराहना की। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने आयोजित विभिन्न प्रतियोगताओं के सभी विजेताओं को एवं आसपास के गांवों के होनहार छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया।

# कुवि कुलपति ने किया लॉ फेस्ट की विवरणिका का विमोचन

अर्थ प्रकाश/अरविंद मोहन शर्मा



**कुरुक्षेत्र, 15 अप्रैल।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने मंगलवार को विधि विभाग के तीन दिवसीय विधि उत्सव (लॉ फेस्ट) की विवरणिका का विमोचन किया। कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने विवरणिका का विमोचन करते हुए छात्रों को विधिक शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक जागरूकता और नैतिक मूल्यों को आत्मसात करने की प्रेरणा दी। यह उत्सव छात्रों के लिए विधिक ज्ञान, सामाजिक चेतना और सांस्कृतिक अभिव्यक्ति का समन्वय प्रस्तुत करता है। विधि संकाय की अधिष्ठाता एवं विभागाध्यक्ष प्रो. प्रीति जैन ने बताया कि तीन दिवसीय विधि उत्सव (लॉ फेस्ट) का आयोजन 16 से 18 अप्रैल 2025 तक किया जा रहा। उन्होंने बताया कि विधि उत्सव के अंतर्गत कई विधिक, सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियां आयोजित की जाएगी, जिनमें प्रमुख इंट्रा मूट कोर्ट प्रतियोगिता जिसमें 15 टीमों ने पंजीकरण कराया है। प्रतिभागी छात्र न्यायिक प्रक्रिया की व्यवहारिक प्रस्तुति देंगे। प्रो. प्रीति जैन ने बताया कि वृद्धाश्रम एवं अनाथालय का भ्रमण,विधि विभाग के छात्र सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत इन स्थलों का दौरा करेंगे और वहां निवास कर रहे लोगों के साथ संवाद स्थापित करेंगे। नुक्कड़ नाटक पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से प्रस्तुत किया जाएगा, जिसमें समाज को हरित भविष्य की ओर अग्रसर होने का संदेश दिया जाएगा। ला फेस्ट का समापन समारोह 18 अप्रैल को आयोजित किया जाएगा, जिसमें प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए जाएंगे। इस अवसर पर प्रो. महाबीर रंगा, डॉ. प्रोमिला, डॉ. प्रियंका, डॉ. अंजू, डॉ. आरुषि मित्तल, डॉ. पूजा, डॉ. प्रीति भारद्वाज आदि मौजूद थे।

## न्यूज ब्रीफ

### 'कला और जीवन' विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित



**पानीपत (अप्रस/सुभाष जैन)।** एसडी पीजी कॉलेज पानीपत में 'कला और जीवन' विषय पर दो दिवसीय कला प्रदर्शनी और कार्यशाला का शानदार आगाज हुआ जिसमें बतौर मुख्य वक्ता विपुल अरोड़ा, ग्राफिक डिजाईन एजुकेटर मुंबई ने व्यावसायिक कला में भविष्य विषय पर व्याख्यान दिया और उपस्थित छात्र-छात्राओं को इस विषय को चुनने के फायदे और स्वर्णिम भविष्य के बारे में विस्तार से समझाया। उनके साथ केन्द्रीय विश्वविधालय हिमाचल प्रदेश से पधारी जल-रंग परिदृश्य पेंटिंग में रिसर्च स्कॉलर दीपिका गौतम ने भी विद्यार्थियों को जल-रंग पेंटिंग के भेद बताये और उन्हें व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। प्रदर्शनी का उदघाटन कॉलेज प्रधान दिनेश गोयल और जनरल सेक्रेटरी महेंद्र अग्रवाल ने किया । मेहमानों का स्वागत प्राचार्य डॉ अनुपम अरोड़ा, डॉ मोनिका खुराना और प्रो निधि ने पेंटिंग्स भेंट करके किया। असल में ग्राफिक डिजाइन शिक्षक का कार्य छात्रों को ग्राफिक डिजाइन के सिद्धांतों, उपकरणों और तकनीकों को सिखाना होता है । यह प्रशिक्षण छात्रों को विभिन्न ग्राफिक डिजाइन परियोजनाओं को करने के लिए मार्गदर्शन प्रदान करते हैं और वे प्रतीक चिन्ह (लोगो), वेबसाइटें, विज्ञापन और प्रिंट सामग्री आदि बनाना सीखकर अपना भविष्य संवार सकते है । प्रशिक्षण में विभिन्न संकायों के लगभग 200 विद्यार्थी भाग ले रहे है और आज लगी प्रदर्शनी में सैंक?ों रंगीन और सुन्दर पेटिंग्स, विज्ञापन, स्केच आदि ने सभी का मन मोह लिया । मंच संचालन डॉ मोनिका खुराना ने किया।

### निर्माणाधीन मकान में चोरी के आरोपी गिरफ्तार

**टोहाना (अप्रस/संजीव सिंगला)।** टोहाना पुलिस ने प्रेम नगर में निर्माणाधीन मकान से हजारों का सामान चोरी करने के मामले में कार्यवाही करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान रोहित पुत्र देसराज निवासी रामनगर टोहाना के रूप में हुई है। थाना शहर टोहाना प्रभारी इंस्पेक्टर प्रहलाद सिंह ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 10 दिसंबर 2024 को वार्ड नं. 7, टोहाना निवासी विकास सिंगला ने कहा है कि वह प्रेम नगर टोहाना में मकान बना रहा है। उसके मकान से अज्ञात चोर बिजली की तारें, पानी की मोटर, सरिया सहित अन्य सामान चोरी कर ले गए हैं। इस पर उसने इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। इस मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया और जांच अधिकारी ने आरोपी बारे अहम सुराग जुटाते हुए उसे कमल चौक, रतिया रोड टोहाना के पास से गिरफ्तार कर उससे पूछताछ शुरू कर दी है।

### पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन



**पानीपत (अप्रस/सुभाष जैन)।** प्रतियोगिता का संचालन नीरू के द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिता का मुख्य विषय कृत्रिम बुद्धिमत्ता, रोबोटिक्स और इंटरनेट ऑफ थिंग्स रहा । बीएससी के प्रथम वर्ष के सभी विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न विषयों पर पोस्टर बनाए गए, जिसमें उन्होंने पोस्टर के माध्यम से यह दर्शाया कि किस तरह से आज के समय में विभिन्न क्षेत्रों में रोबोटिक्स का प्रयोग बढ़ रहा है ।जिसमें से अमन प्रथम रहा, स्वाति मौर्य द्वितीय और अंशिका तृतीय रही। प्राचार्या डॉ शशि प्रभा मालिक द्वारा विजेताओं को सर्टिफिकेट प्रदान किए गए और उन्होंने सभी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि , कंप्यूटर विज्ञान के संदर्भ में, रोबोटिक्स एक बहु-विषयक क्षेत्र है जो रोबोट के डिजाइन, निर्माण, संचालन और उपयोग से संबंधित है। यह कंप्यूटर विज्ञान, इंजीनियरिंग और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के पहलुओं को मिलाकर ऐसी बुद्धिमान मशीनें बनाता है जो स्वायत्त रूप से या मानवीय मार्गदर्शन में कार्य करने में सक्षम है। इस प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका श्री अश्विनी गुप्ता और श्री विनय भारती द्वारा निभाई गई । इस कार्यक्रम में , डॉ. नीतू ,श्रीमती दिप्ती जुनेजा, श्री मोहित, सुश्री प्रीति मलिक, सुश्री मिलन शर्मा, , सुश्री पूजा रूहल, सुश्री पूजा शर्मा, श्री टिंकू, श्री गणेश, श्रीमती संगीता आदि उपस्थित रहे।

### प्राइवेट स्कूलों के होल्डिंग और फ्लेक्सों ने बनाया नरक

**टोहाना (अप्रस/संजीव सिंगला)।** टोहाना शहर में प्राइवेट स्कूलों की एक बाढ सी आई हुई लगती है। हर गली, मोहल्ले, दुकानों व ग्रामीण क्षेत्रों में कुकुरमतों की तरह स्कूल बिना विभाग की मंजूरी के खोले जा रहे हैं ।कि स्कूलों के पास कोई भी हरियाणा सरकार की मान्यता भी नहीं है फिर भी वह स्कूल बढ़ चढ़कर अपना प्रचार करते हुए देखे जा सकते हैं कई स्कूलों ने बिजली के खंबों को ही अपना प्रचार का माध्यम बनाया हुआ लगता है। शहर के आप किसी भी एरिया में चले जाओ वहां पर किसी ने किसी प्राइवेट स्कूलों के होल्डिंग प्राइवेट दीवारों, सरकारी बिल्डिंगों आदि की शोभा खराब करते हुए दिखेंगे नहरो के पूलों और तो और जो नगर परिषद के लगाए हुए विज्ञापन बोर्डो पर भी इन स्कूलों ने अपने प्रचार के बड़े-बड़े फ्लेक्स लगाए हुए देखे गए हैं।

# शिक्षा विभाग, कुरुक्षेत्र और जनाग्रह द्वारा नागरिक भागीदारी पर मीडिया कार्यशाला आयोजित

अर्थ प्रकाश/राजकुमार वालिया

**कुरुक्षेत्र, 15 अप्रैल।** शिक्षा विभाग, कुरुक्षेत्र और जनाग्रह सेंटर फॉर सिटिजनशिप एंड डेमोक्रेसी के संयुक्त प्रयास से आज बीआरसी हॉल, थानेसर में एक महत्वपूर्ण मीडिया कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला का उद्देश्य था सिविक सोशल एक्शन प्रोजेक्ट के ज़रिए हुए सकारात्मक बदलावों को सामने लाना और मीडिया के माध्यम से इन कहानियों को व्यापक स्तर पर पहुँचाना।

इस कार्यशाला में जिले भर से विभिन्न प्रमुख मीडिया संस्थानों के पत्रकारों और स्वतंत्र रिपोर्टर्स ने भाग लिया। उन्हें सिविक सोशल एक्शन प्रोजेक्ट की तीन साल की यात्रा की विस्तृत जानकारी दी गई, जिसमें बताया गया कि कैसे इस पहल ने छात्रों और समुदायों को स्थानीय समस्याओं की पहचान करने और उन्हें हल करने के लिए प्रेरित किया है।

प्रतिभागियों ने ज़मीन से जुड़े कई प्रेरणादायक बदलावों की कहानियां सुनीं। जहां बच्चों और समुदायों ने मिलकर नागरिक मुद्दों पर पहल की और सकारात्मक बदलाव लाए। इन उदाहरणों से यह स्पष्ट हुआ कि स्कूलों में नागरिक शिक्षा के ज़रिए सक्रिय, जागरूक और ज़िम्मेदार नागरिक तैयार हो रहे हैं। जनाग्रह के मैनेजर जितेश पांडे ने कहा कि यह कार्यशाला जमीनी स्तर की प्रभावशाली पहलों और जनजागरूकता के बीच की खाई को पाटने का एक प्रयास है, मीडिया इन कहानियों को उजागर कर समाज में इसी तरह की और पहल को प्रेरित कर सकता है।

# भीषण सड़क हादसा : पांच वाहन आपस में टकराए, आठ घायल

अर्थ प्रकाश/ रविन्द्र गिरी



**घरौंडा, 15 अप्रैल।** सोमवार रात करीब साढ़े दस बजे नेशनल हाईवे-44 पर कोहंड गांव के समीप एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। हाईवे पर तेज रफ्तार से दौड़ रही एक यूपी नंबर की कार ने अचानक ब्रेक लगाए, जिससे पीछे आ रही दो कारें और दो बसें आपस में टकरा गईं। टक्कर इतनी जोरदार थी कि सभी पांच वाहन क्षतिग्रस्त हो गए और मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसे के तुरंत बाद चीख-पुकार मच गई और लोग घबराकर इधर-उधर भागने लगे। हादसे में 7 से 8 लोग घायल हो गए, जिनमें कुछ को पानीपत और कुछ को करनाल के सरकारी अस्पतालों में उपचार के लिए भेजा गया। राहत की बात यह रही कि किसी को गंभीर चोट नहीं आई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। क्षतिग्रस्त वाहनों को हटाकर ट्रैफिक सामान्य किया गया।

हादसे में एक प्राइवेट बस और हरियाणा रोडवेज की बस भी शामिल थीं। रोडवेज बस चंडीगढ़ से झज्जर जा रही थी। बस ड्राइवर सज्जन कुमार ने बताया कि जब कार ने अचानक ब्रेक मारे, तब उनकी बस पीछे से आ रही थी और उससे आगे एक प्राइवेट बस भी चल रही थी। टक्कर में पहले तीन कारें आपस में भिड़ीं, फिर दोनों बसें भी चपेट में आ गईं।

घटना के समय बसों में सवार यात्रियों में भगदड़ मच गई। रोडवेज बस के ड्राइवर ने बताया कि 2-3 यात्रियों को मामूली चोटें आई जबकि प्राइवेट बस के चालक कैलाश ने बताया कि उनकी बस में कुल 41 सवारियां थीं, जिनमें से 5-6 लोगों को हल्की चोटें लगी हैं। सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद दूसरी बसों से गंतव्य की ओर रवाना कर दिया गया।

कार सवार अमरजीत ने बताया कि उनकी पत्नी को हादसे में हल्की चोट आई है, लेकिन सबसे बड़ी बात यह रही कि कोई जानलेवा स्थिति नहीं बनी। हादसे के बाद हाईवे पर कुछ समय के लिए जाम की स्थिति बन गई। वाहन चालकों के बीच कहासुनी भी हुई, लेकिन मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को शांत कर दिया और ट्रैफिक को क्लियर करवाया।

घरौंडा थाने के एसआई उमेश कुमार ने बताया कि कुल पांच वाहन हादसे में शामिल थे। पुलिस मामले की जांच कर रही है और यदि किसी पक्ष की ओर से शिकायत मिलती है तो उचित कार्रवाई की जाएगी।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों से विकसित भारत का हो रहा संकल्प साकार : डीडी शर्मा

**अंबेडकर के बनाए संविधान की प्रधानमंत्री मोदी कर रहे सुरक्षा**

अर्थ प्रकाश/मोहित पौलसत्य



**पिहोवा, 15 अप्रैल।** यमुनानगर में आयोजित रैली में प्रधानमंत्री मोदी ने हरियाणवासियों को कई बड़ी सौगातें दी हैं। भाजपा नेता पंडित जय भगवान शर्मा डीडी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नए भारत की संरचना के शिल्पकार हैं। भारतवर्ष को पूरे विश्व में अग्रिम पंक्ति में लाने के लिए देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियां कारगर साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की दूरदर्शी और प्रभावशाली सोच से विकसित भारत की परिकल्पना साकार होगी। डीडी शर्मा ने कहा कि पहली बार हरियाणा को पहला एयरपोर्ट मिला है और यह सौभाग्य की बात है कि इसकी पहली उड़ान अयोध्या के लिए भरी । प्रधानमंत्री मोदी का हरियाणा से हमेशा विशेष लगाव रहा है और उन्होंने एक बार फिर बड़ी-बड़ी सौगातें देकर हरियाणा के विकास को रफ्तार देने का काम किया है। भाजपा वरिष्ठ नेता डीडी शर्मा ने हिसार एयरपोर्ट, यमुनानगर में थर्मल प्लांट और रेवाड़ी बाईपास सहित अनेकों महत्वपूर्ण सौगातें देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया। यमुनानगर में आयोजित इस रैली के दौरान भाजपा नेता पंडित जय भगवान शर्मा डीडी ने प्रधानमंत्री मोदी मुलाकात की और हरियाणा को दी गई सौगातों का धन्यवाद किया।

## नवीन जिन्दल की पहल पर मोबाइल मेडिकल यूनिट ने में स्वास्थ्य सेवाएं दी

**कुरुक्षेत्र (अप्रस/वालिया)।** सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर, कुरूक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा थानेसर की फौजी कालोनी में आज स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाई गई । मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से 63 लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं दी गई। इन कैंपों में 16 लोगों के ब्लड और यूरिन के टेस्ट भी किए गए। इस मौके पर मरीजों की जांच कर निःशुल्क दवाइयां भी वितरित की गई। सांसद नवीन जिन्दल के कार्यालय प्रभारी श्री धर्मवीर सिंह ने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल, मोबाइल मेडिकल यूनिटों के माध्यम से लोगों को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाने के लिए प्रयासरत हैं। इन मेडिकल यूनिटों से काफी संख्या में लोग लाभान्वित हो रहे हैं।

## बाबा साहेब डॉ भीम राव अम्बेडकर सेवा समिति ने मेधावी छात्रों को किया सम्मानित

अर्थ प्रकाश/मनदीप कुमार

**समालखा, 15 अप्रैल।** बाबा साहेब डॉ भीम राव अम्बेडकर सेवा समिति द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय आट्टा, राजकीय कन्या उच्च विद्यालय, राजकीय प्राइमरी पाठशाला आट्टा के तीनों स्कूलों में डॉ भीम राव अम्बेडकर जयंती के उपलक्ष्य में वार्षिक परीक्षा में जो विद्यार्थी प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर आए है, उन विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

सरपंच बलराज सिंह ने बच्चों को संबोधित करते हुए बताया कि डॉ. बीआर अंबेडकर को 'भारतीय संविधान का निर्माता' कहा जाता है क्योंकि वह भारतीय संविधान की ड्राफ्टिंग कमेटी के अध्यक्ष थे। महान समाज सुधारक अंबेडकर ने दलितों के अधिकारों के लिए जीवनभर संघर्ष किया। उन्होंने 'शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो' का नारा दिया।

इस दौरान विद्यार्थियों को बुक स्टेशनरी, पेन पेंसिल का स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया इस अवसर पर विद्यालय में प्रधानाचार्य सुनील शर्मा, सरपंच दिलबाग सिंह, रामकुमार पहलवान, पालेराम, सुरेश धनिया, महेंद्र कटारिया, बलबीर सिंह धनिया, महावीर सिंह उप प्रधान, रोहतास कटारिया, नरेंद्र धनिया, जंतुरविंद्र धनिया, अमरजीत सिंगल, विजय चौहान, ईश्वर चौहान, प्राध्यापक विनोद कुमार, प्राध्यापक विजय कुमार, आशा, भूमिका, आरती, मनदीप और समिति की ओर से सरपंच दिलबाग सिंह, श्री पाले राम, अमरजीत, रोहतास आदि व अन्य उपस्थित रहे।

# 2026 से पहले रिटायर हुए कर्मचारियों को नहीं मिलेगा आठवें वेतन आयोग का लाभ : कुलभूषण

अर्थ प्रकाश/दलबीर मलिक



**थानेसर, 15 अप्रैल।** केंद्र सरकार द्वारा गठित आठवें वेतन आयोग द्वारा हाल ही में एक प्रेस रिलीज में यह स्पष्ट किया गया है के आठवें वेतन आयोग का लाभ उन कर्मचारीयों या पेंशनर्स को मिलेगा जो जनवरी 2026 को सेवा में होंगे या रिटायर होंगे।इस से सरकार की यह मंशा बिल्कुल स्पष्ट हो जाती है कि वह 2026 से पहले रिटायर हुए कर्मचारियों को आठवें वेतन आयोग का कोई लाभ नहीं देना चाहती। उक्त आरोप लगाते हुए रिटायर्ड कर्मचारी संगठन हरियाणा के मुख्य प्रवक्ता कुलभूषण शर्मा ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि एक तरफ वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के वित्त सचिव कर्मचारी संगठनों को यह आश्वासन दे कर गुमराह कर रहे हैं कि सरकार द्वारा ऐसा कोई बिल पास नहीं किया गया जिसमें 2026 से पहले रिटायर हुए कर्मचारियों को आगामी आठवें वेतन आयोग की सिफारिशों से वंचित किया गया हो, दूसरी तरफ आठवे वेतन आयोग की गठित कमेटी यह बयान देती है कि आने वाले आठवें वेतन आयोग के तहत 2026से पहले रिटायर हुए कर्मचारियों को कोई लाभ नहीं मिलेगा। आठवें वेतन आयोग की कमेटी के इस ब्यान ने देश और प्रदेश के लाखों पैंशन भोगियों को चिंता में डाल दिया है। वेतन आयोग की कमेटी के इस ब्यान से सरकार की दोगली नीति का स्पष्ट पता चल चल रहा है कि वह पेंशन भोगियों को भूखा मारना चाहती है। उन्होंने आरोप लगाया कि 2004 में पहले भाजपा सरकार ने कर्मचारियों की पेंशन बंद की और अब जो लोग पेंशन ले रहे हैं उनकी पेंशन को फ्रीज करने का षड्यंत्र सरकार रच रही है।

# प्रधानमंत्री का हरियाणा से विशेष लगाव अब तक उन्होंने 25 दौरे किए : डा. अरविंद शर्मा

## कहा- इंटरनैशनल एयरपोर्ट बनने से हरियाणा में पर्यटन बढ़ेगा

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन



**करनाल, 15 अप्रैल।** हरियाणा के सहकारिता और पर्यटन तथा कारागार मंत्री डा. अरविंद शर्मा ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हरियाणा के साथ विशेष लगाव रहा हैं। प्रधानमंत्री बनने के बाद प्रधान मंत्री हरियाणा में 25 दौरे कर चुके हैं। उन्होंने इस दौरान हरियाणा को मनौहारी सौगातें दी हैं। उन्होंने बताया कि हरियाणा के लोगों का प्रधानमंत्री ने दिल जीत लिया हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा के लोगों को महाराजा अग्रसैन इंटरनैशनल एयरपोर्ट का उपहार दिया हें। इसके बाद हरियाणा के लोगों को इंटरनैशनल हवाई सफर करने का अवसर मिलेगा। इस एयरपोर्ट के बाद हरियाणा का पर्यटन भी बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा को इंटरनैशनल पर्यटन मैप पर लाने के लिए केंद्र और राज्य सरकार संकल्पित हैं। उन्होंने कहा कि विमान तल बनने के बाद हरियाणा में इंटरनैशनल स्तर के पर्यटक भी आ सकेंगे। हरियाणा को पर्यटन की दृष्टि से अग्रणीय प्रदेश बनाने के लिए प्रदेश सरकार आवश्यक कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि सहकारिता के क्षेत्र में भ्रष्टाचार को सहन नहीं किया जाएगा। अफसरों पर नजर रखी जाएगी। जनता का पैसा जनता के काम आएगा। उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री ने हरियाण को थर्मल पावर संयत्र एयरपोर्ट तथा मैडीकल कालेज कह सौगात दी हैं। इसाके लिए वह पीएम के साथ केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आभारी हैं। उन्होंने सांविधान निर्माता डा. अंबेडकर को भी नमन किया। वह आज करनाल पहुंेच थे। उन्होंने मीडिया से बात की।

### सुरेन्द्र शर्मा के योगदान को याद रखा जाएगा

सहकारिता, कारागार, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने सोमवार को ब्राह्मण सभा, करनाल के पूर्व प्रधान सुरेन्द्र शर्मा के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने समाज उत्थान व एकजुटता के लिए सदैव समर्पित भाव से योगदान दिया। उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। सोमवार बाद दोपहर सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा सेक्टर 7 स्थित कर्णेश्वर महादेव मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने ब्राह्मण सभा के पूर्व प्रधान सुरेन्द्र शर्मा की रस्म क्रिया में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि सुरेन्द्र शर्मा ने सरपंच के तौर पर जहां गांव के विकास में योगदान दिया, वहीं ब्राह्मण सभा, करनाल के अध्यक्ष के नाते समाज को एकजुट करने के लिए कड़ी मेहनत की। कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि स्वर्गीय सुरेन्द्र शर्मा ने ईमानदारी, सहयोग व सेवा के माध्यम से आमजन को अपने साथ जोड़ा, जिससे वो सदैव हमारे बीच मे रहेंगे।

# पीएम मोदी व सीएम सैनी हरियाणा को बना रहे विकसित प्रदेश : राजेश नागर

हरियाणा पहुंचने पर मंत्री राजेश नागर ने किया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत

अर्थ प्रकाश /दयराम वशिष्ठ



**फरीदाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी हरियाणा को विकसित प्रदेश बनाने में अपना पसीना बहा रहे हैं। उनका संकल्प है कि हरियाणा एक विकसित प्रदेश बने, उसके लिए पूरी सरकार जन सेवा में लगी हुई है।

यह बात मंत्री राजेश नागर ने कहा कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगवानी करने के बाद मीडिया को संबोधित कर रहे थे। नागर ने कहा कि विकास विभिन्न स्तरों पर किया जाने वाला कार्य है। जिसको मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बखूबी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारे मुख्यमंत्री नायाब हैं और वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चहेते हैं।

उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने ऐसा मुख्यमंत्री हमें दिया है जो रात के दो बजे जनता से मिलने में थकान का अनुभव नहीं करता है। ठीक वैसे ही जैसे हमारे प्रधानमंत्री 18-18 घंटे काम कर भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने में लगे हुए हैं।

राजेश नागर ने बताया कि हिसार से अब हवाई सेवाएं बहाल होने का हरियाणा के विकास पर बहुत सकारात्मक असर पड़ेगा। इससे हरियाणा के विकास में गति आएगी और यहां पर पूरी दुनिया से निवेश लाने में भी आसानी हो जाएगी। उन्होंने कहा कि सड़कों का बेहतर जल बिछाने के बाद अब आसमान में भी आवागमन की सहूलियत के साथ हरियाणा देश का सिरमौर बनने के लिए तैयार है।

उन्होंने कहा कि हरियाणा की ईमानदार और पारदर्शी सरकार के बारे में पूरे देश में चर्चा रहती है। उन्होंने कहा कि हमारे मुख्यमंत्री सभी 90 विधानसभा में समान विकास कार्य करवा रहे हैं और बिना पर्ची खर्ची के नौकरियां देकर इस सरकार ने जनता के दिलों को जीता है। यही कारण है कि जनता ने भी तीसरी बार लगातार भाजपा की सरकार केंद्र व राज्य में दी है। आने वाले समय में हरियाणा के विकास को और तेज गति मिलने वाली है।

# विधायक रंधावा ने डेराबस्सी के लालडू क्षेत्र के पांच सरकारी स्कूलों में 34.67 लाख रुपये से संपन्न निर्माण कार्य छात्रों को समर्पित किए

**कहा, मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार स्कूलों के बुनियादी ढांचे को उन्नत करने के लिए प्रतिबद्ध**

अर्थ प्रकाश /चौहान



**डेरा बस्सी ।** डेराबस्सी के विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने सरकारी स्कूलों को अत्याधुनिक शैक्षणिक संस्थानों में बदलने के लिए पंजाब सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि श्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली सरकार राज्य में बुनियादी ढांचे और शिक्षा की गुणवत्ता दोनों को बढ़ाने पर केंद्रित है।

मंगलवार को लालडू क्षेत्र के पांच सरकारी स्कूलों में नवनिर्मित विकास कार्यों को विद्यार्थियों को समर्पित करते हुए विधायक रंधावा ने इस बात का उल्लेख किया कि पिछले तीन वर्षों में पंजाब सरकार ने विद्यार्थी अनुकूल शिक्षण माहौल को बढ़ावा देने के लिए 12,000 सरकारी स्कूलों में नवीनीकरण और निर्माण पर 2000 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। लालडू क्षेत्र में आज उद्घाटन की गई परियोजनाओं की कुल लागत 34,67,100 रुपये है, जिसमें राजकीय प्राथमिक पाठशाला बटौली में चारदीवारी के निर्माण और कक्षाओं के नवीनीकरण के लिए 4.46 लाख रुपये, राजकीय माध्यमिक पाठशाला बटौली में चारदीवारी के निर्माण और कक्षाओं के नवीनीकरण के लिए 8,39,100 रुपये, राजकीय प्राथमिक पाठशाला जड़ौत में नए कक्षाओं के लिए 15.02 लाख रुपये, राजकीय प्राथमिक पाठशाला कुरली में चारदीवारी के निर्माण के लिए 2 लाख रुपये और राजकीय माध्यमिक पाठशाला कुरली में चारदीवारी के निर्माण के लिए 3.80 लाख रुपये शामिल हैं। इस अवसर पर इन स्कूलों के मुखियाओं के अलावा पंच-सरपंच व क्षेत्र के गणमान्य लोगों के अलावा शिक्षा इंचार्ज गुरप्रीत विर्क भी मौजूद थे।

# बाबासाहेब ने नारी को दिलाया बराबरी का दर्जा : अंजू शर्मा



अर्थ प्रकाश /जयबीर राणा थंबड

**बराड़ा ।** गांव बोडा खेड़ा के अंबेडकर जागरूक युवा मंच के सदस्यों ने संविधान रचयिता भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर जी की जयंती धूमधाम से मनाई गईद्य एडवोकेट अंजू शर्मा इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईद्य उन्होंने रिबन काटकर कार्यक्रम का आरंभ किया व ज्योति प्रज्वलित की। अंबेडकर जागरूक युवा मंच के युवकों व युवतीयों ने स्कूल व कॉलेजके बच्चों के लिए अनेक तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया हुआ था। जिसमें बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया अंबेडकर युवा मंच के सदस्यों ने अनेक तरह के रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये कार्यक्रम के समापन समारोह में एडवोकेट अंजू शर्मा ने अपने अध्यक्षीय भाषण में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के जीवन में उनकी शिक्षाओं पर प्रकाश डालाद्य उन्होंने युवाओं शिक्षा व संघर्ष के मार्ग पर होंसले से चलने के लिए प्रेरित किया व एक स्वस्थ राष्ट्र के निर्माण में सहायक होने की प्रार्थना की।

# हम सबका सांझा सपना-नशा मुक्त हो हरियाणा अपना-थीम के साथ सोनीपत पहुंची साइक्लोथॉन-2.0



अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

**साइकिल यात्रा में लोटे में नमक डाल लिया नशा मुक्त हरियाणा का संकल्प**

नाहरी गांव में साइक्लोथॉन का स्वागत करते हुए एसडीएम सोनीपत सुभाष चंद्र ने बताया कि साइक्लोथॉन में एनसीबी से उप निरीक्षक अशोक कुमार अपनी साइकिल के साथ लोटा और नमक लिए हुए हैं, जो कि सामाजिक संकल्प का संकेत है। वे आमजन से लोटे में नमक डलवाते हुए अपने क्षेत्र, अपने प्रदेश को नशा मुक्त हरियाणा बनने का संकल्प दिलवा रहे हैं। एसडीएम सोनीपत सुभाष चंद्र ने स्वयं भी लोटे में नमक डालकर नशा मुक्ति का संकल्प लिया। उन्होंने बताया कि सोनीपत जिला में यात्रा के दौरान ग्रामीणों व युवाओं ने सामाजिक कुरीति के विरुद्ध लोटे में नमक डालते हुए नशा मुक्त हरियाणा बनाने में अपनी आहुति डाली।

**सोनीपत।** हम सबका सांझा सपना-नशा मुक्त हो हरियाणा अपना-थीम के साथ ड्रग्स फ्री हरियाणा का संदेश देते हुए साइक्लोथॉन-2.0 मंगलवार को सोनीपत जिला में प्रवेश कर गई। जिला से निकलने वाली दो दिवसीय इस साइकिल यात्रा का भव्य स्वागत जिलावासियों द्वारा गरिमामयी ढंग से किया गया। सोनीपत जिला की सीमा पर विधायक पवन खरखौदा, भाजपा गोहाना जिला अध्यक्ष विजेंद्र मलिक, डीसीपी नरेंद्र कादियान, एसडीएम निर्मल नागर व एमडी शुगर मिल गोहाना अंकिता वर्मा, डीडीपीओ जितेंद्र कुमार ने जिलावासियों के साथ किया भव्य स्वागत सहित जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों, विभिन्न सामाजिक संगठन प्रतिनिधियों व युवाओं ने सभी साइकिलिस्ट का फूल मालाओं से स्वागत किया तथा नशा मुक्त हरियाणा बनाने में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की। जिला के विभिन्न गांवों व शहरी क्षेत्र में प्रवेश करने पर खरखौदा के विधायक पवन खरखौदा सहित अन्य गणमान्य लोगों ने साइक्लोथॉन में भागीदार प्रतिभागियों का जोरदार अभिनंदन करते हुए नायब सरकार की इस सामाजिक सोच को समाज के लिए सकारात्मक बदलाव लाने में अहम बताया।

# बिना नंबर प्लेट वाले दर्जनों वाहनों के चालान काटे

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**बनूड़ ।** ट्रैफिक पुलिस बनूड़ ने बिना नंबर प्लेट वाले करीब एक दर्जन वाहनों, दोपहिया व तीन सवारी वाहनों के चालान काटे। इस अवसर पर एएसआई मनजीत सिंह ट्रैफिक इंचार्ज बनूड़ ने बताया कि जिला पुलिस प्रमुख डॉ. नानक सिंह के दिशा-निर्देशों पर कृष्ण कुमार एसपी ट्रैफिक और अछरू राम डीएसपी ट्रैफिक के नेतृत्व में ट्रैफिक पुलिस बनूड़ ने शहर में विभिन्न स्थानों पर विशेष नाके लगाए और बिना नंबर प्लेट वाले वाहनों के साथ-साथ दोपहिया वाहनों और तीन सवारियों को बैठाने वाले वाहनों के चालकों के चालान काटे। उन्होंने वाहन चालकों से अपील की कि वे अपने वाहनों पर नंबर प्लेट लगाएं तथा दोपहिया वाहनों पर तीन यात्री न बैठाएं, ताकि यातायात नियमों का पालन किया जा सके। इसके साथ ही उन्होंने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि कोई भी वाहन बिना नंबर प्लेट के पाया गया तथा दोपहिया वाहन पर तीन यात्री बैठे पाए गए, तो उसके खिलाफ कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने क्षेत्र के लोगों से अपील की कि वे अपने नाबालिग बच्चों को वाहन न चलाने दें, ताकि सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके। क्योंकि सरकार के नए कानून के अनुसार, नाबालिग बच्चों के वाहन चलाने पर उनके माता-पिता को दो साल की कैद और 25,000 रुपये का जुर्माना हो सकता है।

## न्यूज ब्रीफ

### महिलाओं को सही पोषण के बारे में किया जागरूक



**साहा(जयबीर राणा थंबड)।** कृषि विज्ञान केन्द्र तेपला से डॉ. उपासना के मार्गदर्शन में महिला एवं बाल कल्याण विभाग की सीडीपीओ ईशा रानी और सुपरवाजर सुदेश द्वारा ब्लॉक साहा के गांव पिलखनी में पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें गांव की सभी कार्यकर्ता या सहायिकाएं, गांव के सरपंच रजनीश बत्रा, स्वास्थ्य विभाग से अन्नु, सभी आशा कार्यकर्ता या गांव की सभी महिलाओं या किशोरी लड़कियों ने भाग लिया। सबको सही पोषण के बारे में जानकारी दी गई। सुदेश द्वारा कई प्रकार की की रेसिपी के बारे में भी जानकारी दी गई। जिसमें सभी को मोटे अनाज का इस्तेमाल करने के लिए जागरुक किया गया। इस दौरान गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली माताओं और बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की गई। जिनका एचबी कम था उनको आयरन की टेबलेट भी दी गई। इसके अलावा गर्भवती महिलाओं की गोदभराई भी की गई। डॉ. उपासना ने भी सभी महिलाओं को पोषण की जानकारी दी।

# हिमाचल के अधिकारों की रक्षा के लिए सदा समर्पित : अनुराग सिंह ठाकुर

**दिल्ली में हिमाचली समुदाय के साथ अनुराग सिंह ठाकुर ने धूम-धाम से मनाया हिमाचल दिवस**

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद श्री अनुराग सिंह ठाकुर ने आज हिमाचल दिवस के अवसर पर दिल्ली में श्री लाल बहादुर शास्त्री संस्कृत विश्वविद्यालय में आयोजित हिमाचल दिवस कार्यक्रम को धूम-धाम से मनाते हुए कहा कि देव भूमि हिमाचल हम सब का गौरव है और हिमाचल के हितों की रक्षा के लिए मैं सदा समर्पित हूँ।

श्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा ÷प्रकृति के अनुपम सौंदर्य, देवों की पावन धरा, वीरों के शौर्यगाथा से रची-बसी वीरभूमि सांस्कृतिक रूप से समृद्ध व देवभूमि हिमाचल दिवस की सभी प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई। हमारा अतुलनीय हिमाचल देश का अग्रणी राज्य बने, प्रदेश के समग्र विकास और प्रगति की कामना करता हूँ। आज हम हिमाचल प्रदेश का 78 स्थापना दिवस मना रहे हैं । मगर इस हिम प्रदेश का इतिहास हजारों साल पुराना है । जब से हिमालय हैं तब से हिमाचल है ।हिमाचल और हिमालय एक दुसरे के पूरक हैं ।

जब हम वेद और पुराणों की बात करते हैं तो हमें हमारे हिम प्रदेश का वर्णन मिलता है। हिमाचल का पालमपुर वह स्थान है जहाँ भाजपा ने 1989 में हुए राष्ट्रीय अधिवेशन में अयोध्या में भव्य मंदिर निर्माण का प्रस्ताव पारित किया और हमारा हिमाचल उस संकल्प उसके सिद्धि तक का गवाह रहा है। हमारे हिमाचल में बच्चों का जन्म नहीं होता है, हमारे हिमाचाल में देश के भावी सैनिकों का जन्म होता है । हमारा एक ही स्वप्न होता है कि हम बड़े होकर आर्मी ज्वाइन कर देश की सेवा करें। परमवीर से लेकर महावीर और युद्धवीर तक हिमाचाल के हरेक घर में आपको ऐसे नायक मिल जायेंगें जिन्होंने वीरता और देश भक्ति की मिसाल कायम की है ।हिमाचल दिवस के अवसर पर मैं उन सभी युद्धवीरों को नमन करता हूँ जो आज हमारे बीच नहीं हैं÷

श्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा÷ हिमाचल के ऊँचे पहाड़ों की तरह ही प्रदेश की कांग्रेस सरकार के आर्थिक कुप्रबंधन से प्रदेश पर कर्ज का पहाड़ खड़ा हो गया है।

हमने 2047 तक विकसित भारत बनाने का लक्ष्य रखा है और हम इस दिशा में तेजी से आगे बड़ रहे हैं। विकसित भारत के इस संकल्प के साथ हमारा संकल्प विकसित हिमाचल का भी है । केंद्र सरकार ने वर्तमान बजट में हिमाचल को 11,806 करोड़ रूपये स्पैशल ग्रांट के रूप में दिए गए, 2014 से लेकर 2024 के बीच मोदीजी की सरकार ने हिमाचल को अब तक कुल 54,662 करोड़ रूपये की सहायता प्रदान की। बीते साल जब हिमाचल में प्राकृतिक आपदा आयी तो केंद्र सरकार ने तत्काल 1782 करोड़ रुपये सहायता में प्रदान की थी, ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत 2,700 किलोमीटर की 254 सड़क परियोजनाओं के लिए 2,372.59 करोड़ रुपये की मंजूरी, इसके अलावा, मनरेगा के तहत ऋह्य. 1000 करोड़, प्रधानमंत्री आवास योजना से रु. 200 करोड़, NDRF से रु. 403 करोड़, SDRF से रु. 360 करोड़ राशि दी गयी। यह वो सहायता है जो तत्काल उपलब्ध करायी गयी थी। बाद में भी केंद्र ने हिमाचल को इस आपदा से उबरने के लिए आर्थिक सहायता दी। मोदी जी ने हिमाचल को अपना दूसरा घर माना है और सदा ही यहाँ विकास की धारा बहाने के लिए प्रतिबद्ध रहे।

# जलोड़ी जोत टनल निर्माण के लिए 3000 करोड रुपए की डीपीआर केंद्र को स्वीकृति के लिए भेजी : विक्रमादित्य सिंह

औट-लुहरी नेशनल हाईवे 305 को डबल लेन निर्माण के लिए केंद्र को भेजा प्रस्ताव

अर्थ प्रकाश /अशेष शर्मा

**कुल्लू ।** घियागी से बंजार तक साढ़े 8 करोड़ से टारिंग बंजार से औट तक 10 करोड़ से होगा पैच वर्क। लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने मंगलौर क्षतिग्रस्त ब्रिज का किया निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि 1 सप्ताह में बेली ब्रिज निर्माण किया जाएगा।

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कुल्लू दौरे के दौरान औट-लुहरी नेशनल हाईवे 305 में मंगलौर के पास क्षतिग्रस्त ब्रिज का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को ब्रिज निर्माण के लिए उचित दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 1 सप्ताह के भीतर मंगलौर में बेली ब्रिज तैयार किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि मंगलोर में स्थायी ब्रिज निर्माण के लिए शिमला से लोक निर्माण विभाग टेक्निकल विंग की टीम ने भी निरीक्षण किया है और नए ब्रिज निर्माण के लिए केंद्र सरकार को पत्राचार किया है।

उन्होंने कहा कि औट-लुहरी नेशनल हाईवे 305 को डबललेन बनने के लिए भी केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजा है जिससे आने वाले समय में केंद्र से मंजूरी मिलने के बाद नेशनल हाईवे 305 को डबल लाइन निर्माण किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि जलोड़ी टनल निर्माण के लिए भी 3000 करोड़ रुपए की डीपीआर स्वीकृति के लिए केंद्र सरकार को भेजी है जिससे आने वाले समय में बंजार व आनी विधानसभा क्षेत्र और रामपुर के क्षेत्र को यातायात वर्षभर बहाल रहेगा ।

उन्होंने कहा कि नेशनल हाईवे 305 में घियागी से लेकर बंजार तक साढ़े आठ करोड़ रुपए से टारिंग का कार्य किया जाएगा तथा बंजार से लेकर औट तक नेशनल हाईवे 305 में पैच वर्क के लिए 10 करोड़ रुपए की राशि खर्च की जाएगी जिससे आने वाले समय में इस क्षेत्र के लोगों को यातायात के लिए बेहतर सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि पर्यटन की दृष्टि से भी बंजार, तीर्थन,जीभी घाटी प्रसिद्ध है ऐसे में यहां पर आने वाले सैलानियों को भी बेहतर यातायात उपलब्ध हो इसके लिए भी सरकार प्रयास कर रही है।

# 2400 करोड़ की योजना से विकसित होंगे नए पर्यटन स्थल : आरएस बाली

प्रदेश में हुआ है जनकल्याण एवं व्यवस्था परिवर्तन के नये युग का सूत्रपात

एचपीटीडीसी अध्यक्ष ने हमीरपुर में की जिला स्तरीय हिमाचल दिवस समारोह की अध्यक्षता

अर्थ प्रकाश /शिल्पा शर्मा



**हमीरपुर।** 78वां हिमाचल दिवस मंगलवार को हमीरपुर में भी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शहीद कैप्टन मृदुल शर्मा स्मारक राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (बाल) हमीरपुर के मैदान में आयोजित जिला स्तरीय समारोह में हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष और हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष आरएस बाली ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और भव्य परेड की सलामी ली। इस भव्य परेड में हिमाचल प्रदेश पुलिस, होमगार्ड्स, एनसीसी, एनएसएस, स्काउट एंड गाइड्स तथा अन्य टुकड़ियां ने शानदार मार्चपास्ट किया और विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

इस अवसर पर सभी जिलावासियों को हिमाचल दिवस की बधाई देते हुए आरएस बाली ने कहा कि प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री डॉ. यशवंत सिंह परमार और अन्य स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्ष के कारण ही हिमाचल को एक अलग राज्य का दर्जा मिला था। हिमाचलवासियों की कर्मठता और ईमानदारी के कारण इस छोटे से राज्य को देश-विदेश में खास पहचान मिली है।

आरएस बाली ने कहा कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के कार्यभार संभालते ही प्रदेश में जनकल्याण एवं व्यवस्था परिवर्तन के नये युग का सूत्रपात हुआ है। प्रदेश सरकार ने लगभग 2400 करोड़ रुपये की लागत से दो चरणों में नए पर्यटन स्थल विकसित करने की योजना बनाई है। सरकार 'मुख्यमंत्री पर्यटन स्टार्ट-अप योजना' लाने जा रही है जिसके अंतर्गत गैर-जनजातीय क्षेत्रों में हिमाचली युवाओं को होम स्टे और होटल बनाने के लिए ऋण पर 4 प्रतिशत और जनजातीय क्षेत्रों में 5 प्रतिशत ब्याज सब्सिडी दी जाएगी।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार हिमाचल को 31 मार्च 2026 तक हरित ऊर्जा राज्य, वर्ष 2027 तक हिमाचल प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने और वर्ष 2032 तक देश के सबसे समृद्धशाली राज्य के रूप में विकसित करने के दृड़ संकल्प के साथ कार्य कर रही है। विधानसभा चुनाव के दौरान किए गए 10 वायदों में से 6 वायदों को सरकार ने मात्र दो वर्षों में पूरा कर दिया है। प्रदेश में पहली बार दूध, प्राकृतिक खेती से उगाए गेहूं, मक्की और हल्दी के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य दिया गया है।

गाय के दूध पर समर्थन मूल्य को 32 रुपये से बड़ाकर 45 रुपये किया गया था जिसे इस बजट में 51 रुपये प्रतिलीटर कर दिया गया है। इसी तरह, भैंस के दूध पर समर्थन मूल्य 61 रुपये प्रति लीटर कर दिया गया है। प्रदेश सरकार ने प्राकृतिक तरीके से उगाई गई मक्की का न्यूनतम समर्थन मूल्य 30 रुपये से बड़ाकर 40 रुपये और गेहूं का 40 रुपये से बड़ाकर 60 रुपये प्रति किलो किया है। सरकार कच्ची हल्दी को भी 90 रुपये प्रति किलो की दर से खरीदेगी। हमीरपुर ड़िले में स्पाइस पार्क का निर्माण भी किया जाएगा। आरएस बाली ने बताया कि 3000 टैक्सी वाहनों को इलैक्ट्रिक टैक्सी वाहनों में बदलने के लिए 40 प्रतिशत तक सब्सिडी दी जाएगी।

वन प्रबंधन तथा वन क्षेत्र विस्तार में महिला मंडलों और युवक मंडलों की भागीदारी को बड़ावा देने के लिए 100 करोड़ रुपये व्यय के साथ नई 'राजीव गांधी वन संवर्धन योजना' लागू की जाएगी। भवन एवं अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड से पंजीकृत पात्र महिलाओं को गृह निर्माण के लिए तीन लाख रुपये की वित्तीय सहायता दी जा रही है। वाल्मीकि समुदाय के सफाई कर्मचारियों के लिए 3 लाख रुपये की सहायता का प्रावधान किया गया है। प्रदेश सरकार ने मनरेगा दिहाड़ी में 80 रुपये की ऐतिहासिक वृद्धि कर इसे 240 रुपये से बड़ाकर 320 रुपये किया है। अनाथ बच्चों, बेसहारा महिलाओं और वृद्धजनों को सहारा देने के लिए 'मुख्यमंत्री सुख-आश्रय योजना' के तहत 6 हड़ार बच्चों को चिल्ड्रन ऑफ स्टेट के रूप में अपनाया है।

प्रदेश सरकार ने पिछले साल 149 औद्योगिक प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की जिनमें 3084 करोड़ रुपये का निवेश होगा और लगभग 15 हड़ार लोगों को रोज़गार के अवसर प्राप्त होंगे। युवाओं के लिए 680 करोड़ रुपये की 'राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्टअप योजना' शुरू करके सरकार ने अपनी चुनावी गारंटी को पूरा किया है।

इस वर्ष मुख्यमंत्री लघु दुकानदार कल्याण योजना शुरू की जाएगी। प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेजों और 69 सिविल अस्पतालों, क्षेत्रीय अस्पतालों और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में आधुनिक मशीनें लगाने पर इस वर्ष 1730 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इसी साल 69 अस्पतालो में डायलिसिस और 11 स्वास्थ्य संस्थानों में ब्लड स्टोरेज यूनिट स्थापित की जाएंगी। करीब एक हजार रोगी मित्रों की नियुक्ति की जाएगी।

# काशी विश्वनाथ मंदिर में रोजाना की जाती है भोग आरती, भक्तों की पूरी होती हर मनोकामना

हिंदू धर्म में सोमवार का दिन देवों के देव महादेव की पूजा-अर्चना की जाती है। इस दिन भगवान शिव और मां पार्वती की पूजा की जाती है। साथ ही महादेव की कृपा पाने के लिए सोमवार का व्रत रखा जाता है। सोमवार के व्रत की महिमा शिव पुराण में वर्णित है। सोमवार व्रत के पुण्य प्रभाव से व्यक्ति की हर मनोकामना पूरी होती है और जातक के सुख-सौभाग्य में भी वृद्धि होती है। सोमवार व्रत से मानसिक तनाव से मुक्ति मिलती है। वहीं कुंडली में चंद्रमा मजबूत करने के लिए भी जातक को महादेव की पूजा करने की सलाह दी जाती है। भगवान शिव की शरण में रहने से व्यक्ति को सभी प्रकार के सुखों की प्राप्ति होती है। वहीं जो भी जातक सच्चे मन और श्रद्धा भाव से भगवान शिव की पूजा-अर्चना करते हैं, उनको हर कार्य में सफलता प्राप्त होती है।

वैसे तो हमारे देश में भगवान शिव के तमाम मंदिर हैं। जिनकी अपनी विशेषता है। लेकिन क्या आपको पता है कि काशी विश्वनाथ मंदिर में भोग आरती का बड़ा महत्व होता है।



काशी विश्वनाथ मंदिर में की जाने वाली भोग आरती में तमाम श्रद्धालु शामिल होते हैं।

वाराणशी का काशी विश्वनाथ मंदिर पूरी दुनिया में प्रसिद्ध है। काशी नगरी को महादेव की नगरी कहा जाता है। इस मंदिर का इतिहास सदियों पुराना है। वहीं दैवीय काल में भगवान शिव का निवास स्थान काशी में रहा था। गंगा नदी के तट पर बसा यह शहर अपनी आध्यात्मिकता और खूबसूरती के लिए जाना जाता है। वहीं बड़ी संख्या में भक्त देश-विदेश से दर्शन के लिए काशी पहुंचते हैं।

धार्मिक मान्यता है कि काशी स्थित विश्वनाथ मंदिर में महादेव के दर्शन मात्र से व्यक्ति की हर मनोकामना पूरी होती है। इससे जातक के सभी प्रकार के संकट, दुख, भय, रोग और दोष आदि दूर हो जाते हैं। रोजाना काशी विश्वनाथ मंदिर में सप्तर्षि और मंगला आरती की जाती है। इसके अलावा मंदिर में भोग आरती का भी आयोजन किया जाता है।

बता दें कि काशी विश्वनाथ मंदिर में रोजाना भोग आरती रात में 09 बजे से लेकर 10:15 मिनट तक की जाती है। मंदिर में चार बार आरती की जाती है। वहीं अंतिम आरती भोग आरती होती है। भोग आरती में महादेव को भोग यानी प्रसाद भेंट किया जाता है। वहीं मां पार्वती को अन्नपूर्णा भी कहा जाता है। मां अन्नपूर्णा और भगवान शिव की पूजा करने से जातक को जीवन में कभी अन्न-धन की कमी नहीं रहती है। व्यक्ति को सभी तरह के सुखों की प्राप्ति होती है। भोग आरती में शामिल होने के लिए भक्तजनों रात 08:30 मिनट तक प्रवेश की अनुमति होती है। वहीं 12 साल तक के बच्चों की एंट्री फ्री है।

**भोग आरती:** देवों के देव महादेव अपने भक्तों के सारे दुख हर लेते हैं और उनकी महिमा निराली है। वह अपने भक्तों पर असीम कृपा बरसाते हैं और उनकी कृपा से सभी मनोरथ सिद्ध हो जाते हैं। महादेव की पूजा करने से जातक के जीवन में सुखों का आगमन होता है और बाबा विश्वनाथ के दर्शन मात्र से सभी दुख दूर हो जाते हैं। इसलिए बड़ी संख्या में भक्त भोग आरती में शामिल होते हैं।

# जीवन आगे बढने का नाम है: मुनिश्री विनय कुमार जी

**संगरूर।** बाढ़ तथा बहती हुई नदी में यह अंतर है कि बहती हुई नदी का पानी एक विशेष दिशा में बहता है, जबकि बाढ़ की अवस्था में पानी बिना किसी क्रम के दिशाविहीन होकर बहता है। इसी प्रकार हमारे जीवन में यदि ऊर्जा को कोई दिशा नहीं प्रदान की जाती तो यह दिग्भ्रमित हो जाती है। जीवन की ऊर्जा के प्रवाह के लिए एक दिशा की आवश्यकता होती है। जब तुम प्रसन्न होते हो तो तुहारे अन्दर अत्यधिक जीवन ऊर्जा होती है, लेकिन जब जीवन ऊर्जा यह नहीं जानती है कि कहां और कैसे जाना है, तब यह अवरुद्ध होकर जड़ हो जाती है। जिस प्रकार जल की धारा को बहते रहना है, उसी प्रकार जीवन की धारा को भी चलते रहना है। ये शब्द मनीषी संत मुनिश्री विनय कुमार जी आलोक ने संगरूर तेरापंथ भवन मे कहे।

मनीषी श्रीसंत ने आगे कहा जीवन ऊर्जा को एक दिशा में चलने के लिए एक बचनबद्धता आवश्यक है। जीवन बचनद्धता के साथ चलता है। एक विद्यार्थी किसी स्कूल या कॉलेज में एक बचनबद्धता के साथ प्रवेश लेता है। तुम एक डॉक्टर के पास एक बचनबद्धता के साथ जाते हो कि डॉक्टर जो कुछ उपचार बताता है, उसको सुनते हो या उसके द्वारा दी गई औषधि को लेते हो। बैंक एक



बचनबद्धता के साथ कार्य करते हैं। सरकार भी एक बचनबद्धता के साथ कार्य करती है। यह कहने की आवश्यकता नहीं है कि एक परिवार भी बचनबद्धता के साथ चलता है, मां-बच्चे के साथ प्रतिबद्ध है व बच्चा अपने मां-बाप के प्रति प्रतिबद्ध है। पति-पत्नी के साथ और पत्नी पति के साथ बचनबद्ध है। जीवन के किसी भी क्षेत्र में चाहे वह प्यार हो या व्यवसाय हो या मित्रता हो, बचनबद्धता अवश्य होती है।

मनीषीश्रीसंत ने कहा वास्तव में तुम्हें बचनबद्धता न होने से क्रोध होता है। तुम किसी से किसी प्रकार की बचनबद्धता की आशा रखते हो और जब वे नहीं करते हैं तो तुम मानसिक हलचल से ग्रसित हो जाते हो। या जब कोई अपनी बचनबद्धता का पालन नहीं करता है तो भी तुम मानसिक हलचल से ग्रसित हो जाते हो। लेकिन तुम देखो कि तुमने अपने जीवन में कितनी बचनबद्धताओं को लिया है और उनका पालन किया है। हमारी शक्ति, क्षमता या कार्यकुशलता हमारी बचनबद्धता के समानुपाती होता है. यदि तुम अपने परिवार का पालन-पोषण करने की बचनबद्धता लेते हो तो तुहें उतनी शक्ति या क्षमता प्राप्त होती है। यदि तुहारी बचनबद्धता किसी समुदाय के प्रति है तो तुहें उतनी अधिक मात्रा में शक्ति, प्रसन्नता और क्षमता प्राप्त होती है।

मनीषीश्रीसंत ने अंत मे फरमाया प्राय़ हम यह सोचते हैं कि पहले हमारे पास कार्य के स्रोत हों, तब हम कोई भी कार्य करने के लिए बचनबद्ध होंगे। वास्तव में यह ऐसा नहीं है. तुम जितना ही बड़ा कार्य करने की बचनबद्धता करोगे, उतने ही बड़े स्रोत स्वमेय ही प्राप्त हो जाएंगे। जब तुम्हारे अन्दर किसी कार्य को करने का विचार आता है तो जब भी और जितना भी आवश्यक होता है उसके लिए स्रोत तुमको मिल जाते हैं। उत्तरदायित्व बढ़ाने के साथ ही बढ़ती है क्षमता़ क्षमता के बाहर हाथ-पैर फैलाने से तुहारा विकास होता है। यदि तुममें अपने शहर की देखभाल करने की क्षमता है और तुम यह कार्य करते हो, तो बड़ी बात नहीं है, लेकिन यदि तुम इसे विस्तृत करते हुए अपने पूरे प्रदेश की देखभाल करने या बचनबद्धता करते हो तो तुहें उतनी ही अधिक शक्ति प्राप्त होती है।

# साईक्लाथॉन यात्रा आज पहुंचेंगी हलदाना बोर्ड, जिला पानीपत, विधायक मनमोहन भड़ाना करेंगे स्वागत

युवाओं को हर प्रकार के नशे से दूर रखना मुख्य उददेश्य, 30 हजार का हो चुका पंजीकरण

अर्थ प्रकाश/सुभाष जैन

**पानीपत।** मुख्यमंत्री नायब सिंह की दूरगामी सोच का फायदा युवाओं को खास तौर पर मिल रहा है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर साईक्लाथॉन यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। आम व्यक्ति को नशा मुक्ति का संदेश देती साईक्लाथॉन यात्रा का बुधवार को पानीपत में आगमन हो रहा है। साईक्लाथॉन यात्रा की सभी प्रकार की तैयारियां प्रशासन द्वारा पूरी कर ली गई है।

उपायुक्त डॉ. विरेन्द्र कुमार दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि अब तक 30 हजार का पंजीकरण हो चुका है। यात्रा को लेकर युवाओं में विशेष उत्साह व उमंग दिखाई पड़ रही है। पंजीकरण का यह आकड़ा निश्चित रूप से और बढ़ेगा। जगह-जगह यात्रा के स्वागत के लिए लोग फूलों की वर्षा करेंगे।

उपायुक्त ने बताया कि 16 अप्रैल बुधवार को 12 बजे के करीब यात्रा का स्वागत हलदाना बोर्डर के समीप निरंकारी मिशन के गेट नम्बर 2 के पास समालखा विधानसभा क्षेत्र से विधायक मनमोहन भड़ाना करेंगे। उसके पश्चात यात्रा का ठहराव पुलिस लाईन में किया जाएगा।

उपायुक्त ने बताया कि 17 अप्रैल को साईक्लाथॉन यात्रा जिला सचिवालय पहुंचेगी जहां शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा प्रात़ 7:30 बजे हरी झण्डी दिखाकर इस साईकिल यात्रा को रवाना करेंगे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज द्वारा की जाएगी।

इसी को लेकर मंगलवार को एसडीएम एवं साईक्लोथॉन के नोडल अधिकारी ब्रहमप्रकाश ने अपने कार्यालय में डीएसपी सिटी सुरेश सैनी व अन्य सम्बंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर चर्चा की। उन्होंने बताया कि साईक्लाथॉन यात्रा टोल प्लाजा से रिफाईनरी होते हुए अगले जिले में प्रवेश करेगी। उन्होंने शिक्षा विभाग, खेल विभाग व सभी एसोसिएशनों व सामाजिक संगठनों से अपील की कि वे कार्यक्रम में शामिल होकर इस अभियान का हिस्सा बनें ताकि नशे पर शिंकजा कसने को लेकर निकाली जा रही साईक्लोथॉन यात्रा से प्रेरणा पाकर युवा नशे से दूर रहें और दुसरों को भी दूर रहेने के लिए प्रेरित करें।

# संत अपना संतों वाला स्वभाव नहीं छोड़ते

देखने वाले को तो नज़र आ रहा है चारों तरफ आग लगी हुई है। देश में लगी हुई है, विदेशों में लगी हुई है। चारों ओर वैर, ईर्ष्या की भावनाएं कार्य करती हैं, लेकिन गुरमुख महापुरुष जहां बीच में आ जाता है, वहीं पर शीतलता हो जाती है। आगे इस अग्नि को बढ़ने के लिए कोई रास्ता ही नहीं मिलता। शायद इसलिए संसार के लोग महापुरुषों को अपने रास्ते की रुकावट मानते हैं। वो मानते हैं कि ये प्रेम की, मानवता की बातें करते हैं, ये भाई-भाई को अपनाने की बात करते हैं, लेकिन हमने जाति का सहारा लेकर जो सत्ता हथियानी है, हमें वोट या कुर्सी हासिल कर लेनी है, तो अब यह कैसे होगा? हमने गाँव की प्रधानगी तो जाति के सहारे पर लेनी है या धर्म के नाम लेनी है। ये तो हरेक को समान दृष्टि से देखते हैं, हर एक को यही बताते हैं कि सारे मानव प्रभु के बन्दे हैं, ये तो हमारे रास्ते में रुकावट हैं। इसलिए संसार में महापुरुषों के साथ वैर, ईर्ष्या, नफ़रत होती रही है, लेकिन सन्त फिर भी अपना स्वभाव नहीं छोड़ते हैं। जिस तरह भले ही सांप लिपटा हो, चन्दन का पेड़ अपनी महक देता ही रहता है। इसी तरह से कोई गंगा के किनारे खड़ा हो और बड़े गुस्से और जोर-जोर से बड़े-बड़े पत्थर उस गंगा की तरफ, पानी की तरफ फेंकने शुरु कर दे तो



सद्गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज

जो पानी में पत्थर फेंक रहा है, गंगा का जल क्या उसके लिए नहीं है? वो फिर भी जल दिए जा रही है। हर एक की प्यास, हर एक की मैल फिर भी मिटती जा रही है। सन्तों का जीवन भी ऐसा ही होता है।

कहने का भाव, गुरुमुख महापुरुष-सन्तों के पास शीतलता होती है। सन्त अपना सन्तों वाला स्वभाव नहीं छोड़ते, चाहे करोड़ों असन्त क्यों न मिल जाएं। क्योंकि ऐसे स्वभावसे ही शान्ति प्राप्त होती है, ऐसे गुणों से ही मन में चैन रहता है, ऐसे गुणों से संसार के जो पापी हैं, उनका भी पार उतारा हो सकता है, उनकाभी उद्धार हो सकता है। आप महापुरुष धन्य है, जिन्होंने इस मालिक, इस निरंकार के साथ नाता जोड़ा है। तभी तो ऐसे गुणों का जीवन में प्रवेश हुआ है। जब तक परमात्मा के साथ नाता नहीं जुड़ाा, तब तक हम अपने मनों को खोज लें कि क्या जब से हमने इस प्रभु की प्राप्ति की, गुरुमुख महापुरुषों संगति हुई, तब के और पहले के जीवन में अन्तर नहीं आया है? क्या हमें कोई फर्क मालुम नहीं पड़ा? पहले हमारी दृष्टि कितनी तंग हुआ करती थी और हम किस तरह संकीर्ण दायरों से बंधे हुए थे। आज वे दायरे टूट चुके हैं, आज हम हर एक का भला चाहते हैं। हरएक का भला करते हैं। गुरुमुख-महापुरुषों के साथ नाता जोड़कर इस ईश्वर निरंकार की प्राप्ति करके, निरन्तर दास बन के ही जीवन में तबदीली आ जाया करती है।

महापुरुष खण्डन-मण्डन और वाद-विवाद से बच कर रहते हैं। वे तर्क यादलील भी दूसरे महापुरुषों के सामने अक्सर नहीं देते। जैसे एक इन्सान बैठा हुआ सफर कर रहा था। उसके मुंह में सिगरेट लगा हुआ था। ऊपर धूम्रपान न कीजिए (No Smoking) का साईन बोर्ड लगा हुआ था। अटेन्डेन्ट ने आकर कह दिया, भाई साहब, आप पढ़ नहीं सकत? यहां पर 'नो स्मोकिंग' का साईन बोर्ड लगा है। आपको तो उसे देखकर रुकना चाहिए। वह सज्जन बोला, 'मेरे मुंह में सिगरेट अवश्य है , लेकिन मैंने जलाई तो नहीं, वो तो मेरे मुंह में ऐसे ही पड़ी है। अटेन्डन्ट कहने लगा, ÷ये अपने मुख में डाली तो है।

## पंचांग

बुधवार, 16 अप्रैल, 2025, सूर्योदयः 05:55 ए एम, सूर्यास्तः 06:48 पी एम, चन्द्रोदयः 10:00 पी एम, चन्द्रास्तः 07:31 ए एम, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, विक्रम सम्वतः 2082 कालयुक्त, गुजराती सम्वतः 2081 नल, अमान्त महीनाः चैत्र, पूर्णिमान्त महीनाः वैशाख, वारः बुधवार, पक्षः कृष्ण पक्ष, तिथिः तृतीया - 01:16 पी एम तक, नक्षत्रः अनुराधा - पूर्ण रात्रि तक, योगः व्यतीपात - 12:19 ए एम, अप्रैल 17 तक, करणः विष्टि - 01:16 पी एम तक, द्वितीय करणः बव - 02:22 ए एम, अप्रैल 17 तक, सूर्य राशिः मेष, चन्द्र राशिः वृश्चिक, राहुकालः 12:21 पी एम से 01:58 पी एम, गुलिक कालः 10:44 ए एम से 12:21 पी एम, यमगण्डः 07:31 ए एम से 09:08 ए एम, अभिजित मुहूर्तः कोई नहीं, दुर्मुहूर्तः 11:55 ए एम से 12:47 पी एम, अमृत कालः 06:20 पी एम से 08:06 पी एम, वर्ज्यः 07:38 ए एम से 09:25 ए एम।

## भविष्य फल



**मेषः** नए लोगों से मुलाकात के योग हैं। कई लोग आपके लिए मददगार हो सकते हैं। लोग आपसे सहानुभूति रखेंगे।

**वृषः** नौकरीपेशा जातकों के लिए समय अनुकूल नहीं है। अज्ञात के साथ व्यवहार करते समय सावधान रहें।

**मिथुनः** राशि के जो लोग फैशन डिजाइनर हैं, आज उन्हें किसी बड़े समारोह में जाने का मौका मिल सकता है। आपकी सफलता सुनिश्चित होगी।

**कर्कः** आज नया वातावरण और नए मित्र आपके लिए एक नया अनुभव होगा। भागदौड़ और परिश्रम के बाद वंचित लाभ होगा।

**सिंहः** बड़े काम निपटाने में आपका पूरा ध्यान रहेगा। पैसे और हौंसले भी आज बढ़ सकते हैं। आपके बहुत से काम समय पर पूरे हो सकते हैं।

**कन्याः** आज आपको विभिन्न स्रोतों से लाभ प्राप्त हो सकता है। आप एक समृद्ध और सुखी पारिवारिक जीवन जीएंगे, परिवार में उत्सव हो सकता है।

**तुलाः** आज आपको कुछ मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। अगर आप घर से कहीं बाहर जा रहे हैं, तो अपने साथ कुछ खाने-पीने के लिये जरूर रख लें।

**वृश्चिकः** आज जरूरत पड़ने पर आपको मदद जरूर मिलेगी। किसी दूर के रिश्तेदार से अचानक मिली खबर आपका दिन बना सकती है।

**धनुः** आज आप अपनी भावनाएं अच्छी तरह जता सकते हैं। इंटरव्यू या रिश्ते की बात आज होती है, तो आपके लिए अच्छा है।

**मकरः** व्यावसायिक उन्नति का फायदा उठाने और तलाशने के लिए अनुकूल समय है। नई परियोजनाओं गतिशील हो सकती हैं।

**कुंभः** आज के दिन आप हर तरह से चिंतामुक्त रहेंगे। आपके सारे काम आसानी से हल हो जायेंगे। आप अपने बच्चों के साथ शॉपिंग करने जायेंगे।

**मीनः** आज आप मित्रों और स्नेहीजनों के साथ किसी रमणीय पर्यटनस्थल पर घूमने-फिरने का आनंद उठा सकेंगे। अगर आप अपनी चीज़ों का ख्याल नहीं रखेंगे तो उनके चोरी या गुम होने का डर रहेगा।

# जिले की मंडियों में 1392292 क्विंटल गेहूं की हुई आवक व 1209986 की हुई खरीद :विरेंदर कुमार दहिया

अर्थ प्रकाश/सुभाष जैन

पानीपत। जिला उपायुक्त डॉक्टर विरेंदर कुमार दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले की मंडियो में गेहू की खरीद का कार्य सुचारू रूप से चल रहा है। मंडियों में खरीद का कार्य 1 अप्रैल से शुरू हो चुका है। 14 अप्रैल तक मंडियों में 1392292 क्विंटल की कुल आवक हुई है व 1209986 की खरीद हुई है और 329773.5 क्विंटल की अब तक लिफ्टिंग हुई है ।

उपायुक्त ने बताया कि सभी मंडियों में खरीद का कार्य सुचारू रूप से किया जा रहा है। उपायुक्त ने बताया कि बाबरपुर मंडी में अब तक 112605 क्विंटल की कुल आवक हुई व 111165 क्विंटल की खरीद हुई और 71425 की लिफ्टिंग हुई है।

उपायुक्त ने बताया कि पानीपत मंडी में 172871 की आवक हुई व 165940 क्विंटल की खरीद हुई व 45644 की लिफ्टिंग हुई है। बबैल मंडी में 18337 की आवक हुई व 18157 की खरीद हुई। 7732 की लिफ्टिंग हुई।बापौली मंडी में 109875 की आवक हुई व 82463 की खरीद हुई और 21064 की लिफ्टिंग हुई है। सनौली में 21007 की। आवक और 12806 की खरीद हुई और 860 की लिफ्टिंग हुई है ।

इसी प्रकार समालखा मंडी में 436594 की आवक 374952 की खरीद हुई और 76363 कि लिफ्टिंग हुई है। मडलोडा मंडी में 206103 की आवक और 187848 की खरीद हुई और 40834 की लिफ्टिंग हुई है। छिछरना में 50234 की आवक हुई और 43059 की खरीद हुई व 8045.5 लिफ्टिंग हुई। उरलाना कलां में 7319 की आवक हुई ओर 3619 की ही खरीद हुई। इसराना मंडी में 230222 की आवक, 185007 की खरीद और 55306 की लिफ्टिंग हुई है। नौल्था में की आवक नहीं और ना ही खरीद की कोई सूचना है। अहर मंडी से 27125 की आवक व 24970 की खरीद हुई है और 2500 की लिफ्टिंग हुई है। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे लिफ्टिंग में और तेजी लाएं व किसानों की सुविधाओं का ध्यान रखें।

# 15 जून तक सड़कों की मरम्मत की जाए सुनिश्चित: डा. हरीश कुमार वशिष्ठ

मानसून से पूर्व सभी ड्रेन व नालों की होनी चाहिए साफ-सफाई

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ

पलवल,। जिला की समस्त सड़कों को गड्ढा मुक्त बनाने के लिए सरकार कृत संकल्प है, ताकि आमजन को आवागमन में किसी प्रकार की कोई परेशानी न आए। इसी उद्देश्य से उपायुक्त डा. हरीश कुमार वशिष्ठ ने मंगलवार को जिला सचिवालय के सभागार में विभिन्न संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक ली, जिसमें उन्होंने आगामी 15 जून तक हर हालत में सभी स?कों की मरम्मत सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिला की सड़कों के निर्माण की स्पेशिफिकेशन और कांट्रेक्टर का नाम व मोबाइल नंबर सहित अन्य विवरण भी अति शीघ्र प्रस्तुत किया जाए। बैठक में सड़कों की वर्तमान स्थिति और उन्हें दुरूस्त करने के लिए संबंधित विभागों द्वारा अब तक किए गए कार्यों बारे गहनता से समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि जो कार्य अभी चल रहे हैं उनकी संबंधित एसडीएम द्वारा निरीक्षण करवाना सुनिश्चित किया जाए। बिना निरीक्षण किए किसी भी कार्य की पैमेंट रिलिज न की जाए। उपायुक्त डा. हरीश कुमार वशिष्ठ ने जिला में निर्माणाधीन नई सड़कों, विभिन्न विभागों द्वारा सुधारीकरण की गई सड़कों और पंचायती राज व नगर निकाय के



आधीन सड़क मार्गो जोकि पेयजल पाइप लाइन बिछाने के दौरान क्षतिग्रस्त हो गए थे उनकी भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जिला की सभी सड़कों को गड्ढा मुक्त बनाने की दिशा में किया जा रहा कार्य को भी गति दी जाए। निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण तरीके के होने चाहिए, किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि इसके लिए अतिरिक्त उपायुक्त की अध्यक्षता में एक कमेटी गठित की जाए, जिसमें सदस्यों के रूप में शामिल एसडीएम अपने-अपने अधिकार क्षेत्र में सककों के निर्माण कार्य की निगरानी रखेंगे।

उपायुक्त डा. हरीश कुमार वशिष्ठ ने अधिकारियों से आगामी मानसून से पूर्व ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में स्थित नाले, ड्रेन आदि की सफाई की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि बरसात के मौसम से पहले हर हाल में सभी ड्रेन व नालों की साफ-सफाई सुनिश्चित होनी चाहिए, ताकि शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में कहीं भी जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हो।

उपायुक्त ने कृषि अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वे फसल अवशेष जलाने की घटना का पता चलने पर तुरंत प्रभाव से कार्यवाही कर संबंधित के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाएं। कृषि विभाग की पूरी टीम अपने-अपने क्षेत्र में किसानों को पराली न जलाने के संबंध में निरंतर जागरूक करती रहे।

बैठक में एसडीएम ज्योति, जिला नगर आयुक्त मनीषा शर्मा, सीईओ जिला परिषद जितेंद्र कुमार, एसडीएम बलिना, कृषि उप निदेशक डा. विरेंद्र देव आर्य, नगर परिषद के कार्यकारी अभियंता सतपाल व डालचंद शर्मा,हेमंत कुमार, लोक निर्माण विभाग के उपमंडल अभियंता सिद्धार्थ देव, हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड के उपमंडल अधिकारी देवेंद्र सिंह, सिंचाई विभाग एवं जल संसाधन विभाग के उपमंडल अधिकारी सुभाष चंद्र व रियाज अहमद सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## हरियाणा सरकार की अवैध खनन माफिया के खिलाफ कड़ी कार्यवाही लगातार जारी

पलवल। उपायुक्त डा. हरीश कुमार वशिष्ठ ने कहा कि पलवल जिला में महानिदेशक खनन एवं भू विज्ञान विभाग हरियाणा के. एम. पांडुरंग के निर्देशानुसार हरियाणा सरकार की ओर से अवैध खनन माफिया के खिलाफ कड़ी कार्यवाही लगातार जारी है। जिला में अवैध खनन रोकने के लिए खनन विभाग की टीम राष्ट्रीय राजमार्गों, राज्य मार्गों और अन्य प्रमुख मार्गों पर सक्रिय रूप से तैनात है। उन्होंने कहा कि जिला में जहां-जहां अवैध खनन की अधिक संभावना है वहां पर विशेष चौकसी बरती जा रही है। जिला में अवैध खनन करने वाले लोगों पर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए सख्त और प्रभावी रूप से कार्रवाई की जा रही है। उपायुक्त ने बताया कि खनन विभाग हरियाणा की ओर से अवैध खनन से संबंधित सूचना देने के लिए टोल फ्री नंबर-18001805530 जारी किया गया है। उन्होंने आमजन से आह्वान करते हुए कहा कि वे अवैध खनन से संबंधित सूचना जिला खनन विभाग व प्रवर्तन ब्यूरो सहित टोल फ्री नंबर पर देना सुनिश्चित करें, ताकि अवैध खनन करने वाले व्यक्तियों को पकड़ा जा सके। उन्होंने बताया कि सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम गुप्त रखा जाएगा। जिला में अवैध खनन को रोकने के लिए टास्क फोर्स की ओर से समय-समय पर छापामार कार्यवाही की जा रही है।

# लेन ड्राईविंग के नियमों की उल्घंना करने पर यातायात पुलिस अम्बाला ने किए 12 भारी वाहनों के चालान

अर्थ प्रकाश/रवि पाहुजा

**अम्बाला।** पुलिस अधीक्षक अम्बाला द्वारा 25 अप्रैल 2022 को सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने, वाहनों के सुचारू-रूप से आवागमन हेतू भारी वाहन व गति प्रतिबन्धित (निर्धारित गति सीमा) वाहन के लिए लेन ड्राईविग (बाँई लेन) निर्धारित करने व बाँई लेन में चलने बारे वाहन चालकों को जागरूक कर आवश्यक कार्यवाही करने हेतू पुलिस अधिकारियों/ कर्मचारियों की गोष्ठी बुलाई गई थी। गोष्ठी में उपस्थित पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देश दिए थे कि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यातायात के नियमों की पालना दृढ़ता से करवाई जाए। मोटर वाहन अधिनियम-2017 की धारा 4 के भाग 5 के अन्तर्गत निर्धारित गति सीमा व बाँई लेन में ना चलकर नियमों की उल्घंना करने पर आज 15 अप्रैल 2025 को 12 भारी वाहनों के चालान किए और बीते 105 दिनों में 2234 भारी वाहनों के चालान किए जा चुके हैं।

पुलिस अधीक्षक अम्बाला ने उप-पुलिस अधीक्षक, यातायात अम्बाला व प्रबन्धक थाना यातायात को निर्देश दिए थे कि आप मोटर वाहन अधिनियम-2017 की धारा 4 के भाग 5 अन्तर्गत सुनिश्चित करेंगे कि प्रत्येक भारी वाहन व गति प्रतिबन्धित वाहन अपनी निर्धारित गति सीमा में बाँई लेन में चले जिससे सड़क सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके और ओवरटेक करते समय किसी भी



वाहन चालक को कठिनाई का सामना ना करना पड़े तथा सड़क हादसों से बचा जा सके। यदि कोई भी वाहन चालक मोटर वाहन अधिनियम-2017 की धारा 4 के भाग 5 के अन्तर्गत निर्धारित गति सीमा व बाँई लेन में ना चलकर नियमों की उल्घंना करता है तो उसका चालान किया जाए। पुलिस अधीक्षक अम्बाला के निर्देशों की पालना एवम सड़क सुरक्षा सुनिर्श्चित करने के लिए 15 अप्रैल 2025 को यातायात पुलिस अम्बाला ने मोटर वाहन अधिनियम-2017 की धारा 4 के भाग 5 के अन्तर्गत 12 भारी वाहनों के चालान किए। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। पुलिस अधीक्षक अम्बाला ने वाहन चालकों से अपील करते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने व वाहनों के सुचारू-रूप से आवागमन हेतू यह अनिवार्य है कि हम मोटर वाहन अधिनियम-2017 की धारा 4 के भाग 5 के अन्तर्गत निर्धारित गति सीमा व बाँई लेन में चले जिससे सड़क हादसों में कमी लाई जा सके।




# स्कूलों को अब बच्चों के मिड-डे मील के लिए मिलेगा ज्यादा पैसा

प्राथमिक विद्यालयों में 6.19 रुपये से बढ़ाकर 6.78 रुपये हुई

आठवीं तक के लिए 9.29 रुपये से बढ़ाकर 10.17 रुपये किया

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 15 अप्रैल।** हरियाणा के सरकारी स्कूलों को अब बच्चों का मिड-डे मील पकाने के लिए ज्यादा पैसा मिलेगा। पांचवीं कक्षा तक के लिए मिड-डे मील की राशि प्रति छात्र प्रतिदिन 6.19 रुपये से बढ़ाकर 6.78 रुपये कर दी गई है। इसी तरह आठवीं तक के लिए मिड-डे मील राशि को प्रति छात्र 9.29 रुपये से बढ़ाकर 10.17 रुपये किया गया है। बढ़ी हुई दरें एक मई से लागू होंगी। मंगलवार को सरकार ने इस संबंध में निर्देश जारी किए हैं। सरकारी स्कूलों में आठवीं कक्षा तक प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत बच्चों को दोपहर का भोजन दिया जाता है। गुरुग्राम, कुरुक्षेत्र, फरीदाबाद और पलवल (हथीन खंड को छोड़कर) में भोजन का प्रबंधन इस्कान की ओर किया जाता है, जबकि शेष 18 जिलों में स्कूल मुखिया ही भोजन तैयार कराते हैं। महंगाई बढने के कारण सरकारी स्कूलों में मिड-डे मील बनाने की लागत में भी वृद्धि हुई है। इस कारण मिड-डे मील बनाने के लिए राशन और ईंधन खरीदने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। अब केंद्र सरकार के आदेश पर प्रदेश में भी मिड-डे मील की राशि में बढ़ोतरी की गई है।

हरियाणा प्राइमरी टीचर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष हरिओम राठी व प्रदेश कोषाध्यक्ष चतर सिंह ने मिड-डे मील राशि बढ़ाने का स्वागत करते हुए कहा कि आठवीं तक सभी बच्चों के लिए समान रूप से राशि बढ़ाई जानी चाहिए थी। पांचवीं कक्षा तक के छात्रों के लिए प्रति छात्र 58 पैसे और छठी से आठवीं तक के विद्यार्थियों के लिए प्रति छात्र 88 पैसे की वृद्धि की गई है। मिड-डे मील को खरीदने का कार्य संबंधित स्कूल का प्रभारी करता है, जबकि स्कूल प्रबंधन समिति की अनुशंसा के बाद सामान के बिल का भुगतान होता है। इसके अलावा सरकार द्वारा कुक कम हेल्पर महिलाओं को निर्धारित प्रति कुक कम हेल्पर 1650 रुपये मानदेय दिया जाता है। 50 छात्र तक एक कुक कम हेल्पर होता है, जबकि 51 से 150 तक दो, 151 से 300 तक तीन, 301 से 500 तक चार और 501 से 750 तक अधिकतम पांच कुक कम हेल्पर लगाए जा सकते हैं।

# विधानसभा में आज पहली बार पहुंचेंगे 13 देशों के 28 प्रतिनिधि

मुख्यमंत्री और विधानसभा स्पीकर करेंगे स्वागत

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 15 अप्रैल।** हरियाणा विधान सभा 16 अप्रैल से पहली बार 13 देशों के 28 सदस्यीय शिष्टमंडल के अध्ययन दौरे की मेजबानी कर रही है। शिष्टमंडल का स्वागत बुधवार को विधान परिसर में विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी करेंगे।

इस शिष्टमंडल में शामिल सभी प्रतिनिधि विधि निर्माण के विशेषज्ञ हैं और वे विधान प्रारूपण में 36वें अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत चंडीगढ़ पहुंच रहे हैं। लोक सभा ने 16 से 21 अप्रैल तक 6 दिवसीय प्रशिक्षण की जिम्मेदारी हरियाणा विधान सभा सचिवालय को सौंपी है। शिष्टमंडल में 13 देशों के संसदीय व न्यायिक प्रणाली से जुड़े 28 उच्च अधिकारी शामिल रहेंगे। जिन देशों के अधिकारी इस दौरे पर आएंगे उनमें कोट, डी-आइवर, इक्वाडोर, ग्वाटेमाला, होंडुरास, मालदीव, मंगोलिया, म्यांमार, नाइजर, नाइजीरिया, श्रीलंका, तंजानिया, जाम्बिया, जिम्बाब्वे शामिल हैं। इस शिष्टमंडल के साथ लोक सभा के 10 वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल होंगे। यह शिष्टमंडल विधि निर्माण प्रणाली के अध्ययन के लिए भारत के दौरे पर है।

शिष्टमंडल 16 अप्रैल को नई दिल्ली से लोक सभा सचिवालय के उच्च अधिकारियों के साथ रोड मार्ग से चंडीगढ़ पहुंचेगा। दौरे की शुरुआत 16 अप्रैल को विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के साथ बैठक से होगी। उसके बाद शिष्टमंडल सचिवालय की सभी शाखाओं का दौरा करेगा। शिष्टमंडल पंजाब विधान सभा का सदन भी देखेगा।

17 अप्रैल को शिष्टमंडल में शामिल मेहमान सुखना लेक का भ्रमण करेंगे। इसके बाद हरियाणा सिविल सचिवालय में मुख्य सचिव से बैठक तय की गई है। इसी दिन सेक्टर 43 स्थित चंडीगढ़ ज्यूडिशियल अकादमी और पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट का दौरा होगा। शाम को सेक्टर 3 स्थित हरियाणा निवास में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन होगा।

18 अप्रैल को रॉक गार्डन, रोज गार्डन और यादविंद्रा गार्डन का अवलोकन किया जाएगा। इस दिन दोपहर का भोजन हरियाणा विधान सभा सचिवालय में रखा गया है। 19 अप्रैल को कसौली का दौरा रखा गया है। 20 अप्रैल को यह शिष्टमंडल कुरुक्षेत्र के लिए प्रस्थान करेगा। वहां अनेक दर्शनीय स्थल दिखाए जाएंगे। इनमें अमीन का प्राचीन टीला, भद्रकाली मंदिर, भीष्म कुंड, नरकातारी, भोर सैदन, सन्निहित सरोवर शामिल हैं। इसके बाद मगरमच्छ फार्म, कुरुक्षेत्र पैनोरमा एवं विज्ञान केंद्र, श्री कृष्ण संग्रहालय, कल्पना चावला तारामंडल और गीता स्थली ज्योतिसर का लाइट एंड साउंड शो भी देखेंगे। 21 अप्रैल को शिष्टमंडल गुरुग्राम को रवाना होगा। ये शिष्टमंडल वहां हरियाणा लोक प्रशासन संस्थान का दौरा करेगा।

# अभिभावकों को किताबें लेने के लिए बाधित कर रहे निजी स्कूल

शिक्षा विभाग के पास प्रदेश भर से पहुंची 57 शिकायतें

सरकार ने जांच के लिए बनाई कमेटी, एक सप्ताह में देगी रिपोर्ट

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 15 अप्रैल।** हरियाणा सरकार की चेतावनी के बावजूद प्रदेश में निजी स्कूल संचालकों तथा पुस्तक विक्रेताओं के बीच गठबंधन के मामले सामने आ रहे हैं। निजी स्कूल संचालकों द्वारा अभिभावकों को बकायदा पर्चियां देकर चिन्हित बुक सैलरों से किताबें लेने के लिए बाधित किया जा रहा है। शिक्षा निदेशालय के पास इस सत्र के दौरान अब तक प्रदेश भर से 57 शिकायतें आ चुकी हैं।


इनमें महंगी किताबों के साथ-साथ निजी स्कूलों में मान्यता न होना, खराब बुनियादी ढांचा और अयोग्य शिक्षकों की नियुक्ति की शिकायतें भी शामिल हैं। इसके बाद शिक्षा विभाग ने जांच के लिए अधिकारियों की एक कमेटी गठित की गई है, जो पूरे मामले की समीक्षा कर शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा को रिपोर्ट सौंपेगी।

जिन जिलों से ज्यादा शिकायतें आई हैं उनमें पानीपत, सोनीपत, करनाल, अंबाला, गुरुग्राम, फरीदाबाद, रोहतक, पंचकूला शामिल हैं। इसके लिए शिक्षा विभाग की ओर से बीते सप्ताह कमेटी का गठन किया गया है। इस कमेटी को अपनी रिपोर्ट इसी सप्ताह देने के निर्देश दिए गए हैं।

नए शैक्षणिक सत्र के 2 सप्ताह तक मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के हस्तक्षेप के बाद भी सरकारी प्राथमिक विद्यालयों के लगभग 65 प्रतिशत छात्रों को ही उनकी फ्री किताबें मिल पाई हैं। वितरित की जाने वाली 7.7 लाख पाठ्यपुस्तकों में से पांच लाख 12 अप्रैल तक स्कूलों में पहुंच चुकी हैं।

शिक्षा विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि पुस्तकों की आपूर्ति में देरी के कारण हुई देरी के बाद हमने तय किया है कि प्रक्रिया सितंबर में शुरू की जाएगी। जबकि, निविदाएं साल के अंत तक 2 या 3 प्रकाशकों को आवंटित की जानी चाहिए। स्कूल शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव पंकज अग्रवाल ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि कमेटी जिलों के दौरे के दौरान स्थानीय प्रशासन के सामने इन मुद्दों की समीक्षा करेगी। इस मामले में निजी स्कूलों के विरूद्ध रिपोर्ट तैयार करके सरकार को भेजी जाएगी।




# हरियाणा सरकार के सहयोग से कर रहे गांव का विकास: सोनिया सरपंच

अर्थ प्रकाश/अरविंद मोहन शर्मा

**कुरुक्षेत्र, 15 अप्रैल।** गांव मुंडा खेड़ा की बात करें तो विकास में अपना अलग ही नाम है . गांव की सरपंच सोनिया ने बताया पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा जी के आशीर्वाद से हरियाणा सरकार के तत्वधान में गांव के विकास के लिए बहुत सहयोग अनुदान दी गई है.सीमा ने बताया कि वह पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा का दिल की गहराईयों से धन्यवाद करते हैं, उन्होंने गांव में विकास को मदद के लिए अपना सहयोग दिया। उन्हें यह भी बताया कि आज लगभाग ढाई साल होने को आए हैं और गांव में विकास की लहर लगी हुई है। सीमा ने बताया कि गांव की फिरनी को पक्का करना और साफ सफाई की व्यवस्था को दुरुस्त करना उनका सर्वप्रथम लक्ष्य था जिसे उन्होंने पूरा किया।सीमा ने बताया कि गांव में सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए सीसीटीवी लगवाये गये. बच्चों के स्वर्णिम विकास के लिए पार्क की व्यवस्था की गई। उन्हें यह भी बताएं कि सबका साथ, सबका विकास की नियत रखते हुए गांव में समय-समय पर ग्राम सभा का भी आयोजन किया जाता है।










अर्थ प्रकाश न्यूज पेपर्स के लिए मालिक, मुद्रक एवं प्रकाशक महावीर जैन द्वारा 'अर्थ प्रकाश प्रेस' से मुद्रित एवं प्रकाशित तथा अर्थ प्रकाश कार्यालय अर्थ प्रकाश भवन, सैक्टर 29-डी, चण्डीगढ़ से जारी। प्रधान सम्पादक : **महावीर जैन,** सम्पादक एवं मुख्य संवाददाता **कैलाश चन्द जैन**
आर.एन.आई. पंजीक्रम : **42427/86** डाक पंजीक्रम : **G/CHD/0197/2021-23** फोन : 0172-2652743, 2638515, फैक्स 2653533 E-mail : arthparkash@gmail.com, arthparkashnews@gmail.com मुख्य सलाहकार : **हरीश चंद्र जैन,** एचसीएस (सेवानिवृत्त)